राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



# प्रातः किरण



हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 विनेश फोगाट ने राजनीतिक डेब्यू को लेकर कही बड़ी ...

रोहित शर्मा हैं वनडे की लगातार 100 पारियों में सबसे ज्यादा इतने शतक ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 141 | नई दिल्ली, रविवार, 01 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

# चीन के साथ संबंधों की स्थिति के मद्देनजर उससे जुड़े निवेश की समीक्षा की जानी चाहिए : जयशंकर

प्रात : किरण

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत के सामने चीन संबंधी एक विशेष समस्या है जो दुनिया की चीन संबंधी सामान्य समस्या से अलग है। उन्होंने साथ ही कहा कि चीन के साथ संबंधों एवं सीमा पर स्थिति को देखते हुए वहां से होने वाले निवेश की समीक्षा की जानी चाहिए। जयशंकर ने कहा कि यदि लोग चीन के साथ व्यापारिक घाटे की शिकायत कर रहे हैं और हम भी (इससे परेशान हैं) तथा ऐसा इसलिए है क्योंकि दशकों पहले हमने चीनी उत्पादन की प्रकृति और उन लाभों को जानबूझकर नजरअंदाज कर दिया था, जो उन्हें ऐसी प्रणाली में प्राप्त हुए, जिसमें उन्हें अपने साथ लाए गए सभी लाभों के अलावा समान अवसर मिले। उन्होंने यहां ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में नए भारत के जोखिम, सुधार और जिम्मेदारियां विषय पर आयोजित सत्र के दौरान कहा, चीन कई मायनों में एक अनूठी समस्या है क्योंकि वह



एक अनूठी राजनीति है, वह एक अनोखी अर्थव्यवस्था है। जब तक कोई इस विशिष्टता को समझने की कोशिश नहीं करता, तब तक इससे निकाले जाने वाले निर्णय, निष्कर्ष और नीतिगत कदमों में समस्या रहेगी।

जयशंकर ने कहा, चीन को लेकर एक सामान्य समस्या है। हम दुनिया के एकमात्र देश नहीं हैं, जो चीन के बारे में बहस कर रहे हैं। यूरोप में जाइए और उनसे पूछिए कि आज उनकी प्रमुख आर्थिक या राष्ट्रीय सुरक्षा बहस क्या है। यह बहस चीन के बारे में है। अमेरिका को देखिए। उसे भी चीन के प्रति दिक्कत है और यह कई मायनों में सही भी है। उन्होंने कहा कि इसलिए सच्चाई यह है कि भारत एकमात्र ऐसा देश नहीं है जिसे चीन को लेकर समस्या है। जयशंकर ने कहा, भारत को चीन को लेकर समस्या है चीन संबंधी एक विशेष समस्या, जो चीन को लेकर दुनिया की सामान्य समस्या से परे है। उन्होंने कहा, जब हम चीन के साथ व्यापार, चीन के साथ निवेश, चीन के साथ विभिन्न प्रकार के आदान-प्रदान को देखते हैं और यदि आप इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि यह एक बहुत ही अलग देश है और इसके काम करने का तरीका भी बहुत अलग है, तो मुझे लगता है कि आपकी बुनियादी बातें ही पटरी से उतरने लगती हैं। मंत्री ने कहा, चूंकि चीन को लेकर एक सामान्य समस्या है और साथ ही हमारी अपनी स्थिति भी है, आप सभी जानते हैं कि पिछले चार साल से सीमा पर हमारी स्थिति बहुत कठिन है। मुझे लगता है कि ऐसी स्थिति में भारत जैसा देश जैसी सावधानियां बरत रहा है, वही समझदारी भरी प्रतिक्रिया है।

**पीएम ने भारत मंडपम में आयोजित जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित**

# महिलाओं के खिलाफ अत्याचार समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय : मोदी

## सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और सिक्का जारी किया



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय का आह्वान किया और कहा कि महिला अत्याचार समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में उच्चतम न्यायालय की ओर से आयोजित जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, देश में कई कानून हैं जो महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को संबोधित करते हैं।

वर्ष 2019 में फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों के लिए कानून पारित किया गया था, जिसके तहत गवाह बयान केंद्र बनाये गये थे। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन केंद्रों को और मजबूत किया जाये ताकि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में तेजी से फैसले सुनाए जा सकें। उन्होंने कहा कि न्याय में विलंब को खत्म करने के लिए पिछले एक दशक में कई स्तरों पर काम किया गया है। पिछले 25 वर्षों में न्यायिक बुनियादी ढांचे पर खर्च की गई राशि का 75 प्रतिशत करीब 8000 करोड़ रुपए गत 10 वर्षों में ही खर्च किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया तथा लोकतंत्र की जननी के रूप में शीर्ष न्यायालय के 75 साल देश के गौरव को और बढ़ाते हैं। लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को संविधान का रक्षक माना जाता है और यह अपने आप में एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हम संतोष के साथ कह सकते हैं कि शीर्ष न्यायालय ने इस जिम्मेदारी को निभाने का बेहतरीन प्रयास किया है। इस मौके पर श्री मोदी ने भारत के उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और सिक्के का अनावरण भी किया। कार्यक्रम में देश भर के जिला न्यायपालिका के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा :** प्रधानमंत्री ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है, यह भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की यात्रा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में संविधान निमाताओं और न्यायपालिका के अनकों मनीषियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसमें उन करोड़ों देशवासियों का भी योगदान है, जिन्होंने हर परिस्थिति में न्यायपालिका पर अपना भरोसा अडिग रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए सुप्रीम कोर्ट के यह 75 वर्ष मदर ऑफ डेमोक्रेसी के गौरव को और बढ़ाते हैं। इसलिए इस अवसर में भी गर्व और प्रेरणा भी है।

### रेलवे बनेगी गरीब, मध्यम वर्ग के सुखद यात्रा की गारंटी : पीएम

चेन्नई/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को कहा कि भारतीय रेल गरीबों और मध्यम वर्ग सहित सभी के लिए सुखद यात्रा की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह अपनी मेहनत से दशकों पुरानी समस्याओं से निजात पाने में कामयाब हो रही है। श्री मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश में मेरठ-लखनऊ, तमिलनाडु में चेन्नई-नागरकोइल और तमिलनाडु के मदुरै-बेंगलुरु (कर्नाटक) तक तीन नई वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। श्री मोदी ने इस अवसर पर चेन्नई, मदुरै और मेरठ के रेलवे स्टेशनों पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर से दक्षिण तक, देश की विकास यात्रा में एक और अध्याय जुड़ रहा है। आज से मदुरै-बेंगलुरु, चेन्नई नागरकोइल और मेरठ -लखनऊ के बीच वंदे भारत ट्रेनों की सेवा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा, वंदे भारत ट्रेनों का ये विस्तार, ये आधुनिकता, ये रफ्तार... हमारा देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर कदम दर कदम बढ़ रहा है।ह्व उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है। दक्षिण भारत में अपार प्रतिभा है, अपार संसाधन और अवसर हैं। इसलिए तमिलनाडु और कर्नाटक समेत पूरे दक्षिण का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

# अमृत लाल मीणा बने बिहार के नए मुख्य सचिव

## सीएम नीतीश कुमार से की मुलाकात, पदभार संभाला



प्रात : किरण

पटना। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी अमृत लाल मीणा बिहार के नए मुख्य सचिव बने हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद पदभार ग्रहण किया। अमृत लाल मीणा पहले केंद्र सरकार में कोयला विभाग के सचिव थे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से बिहार वापस आए हैं। पहले वो कोयला विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत थे। बिहार के मुख्य सचिव के तौर पर उनकी नियुक्ति को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी की थी। मुख्य सचिव रहे ब्रजेश मेहरोत्रा का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो गया, जिसके बाद मीणा को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अमृत लाल मीणा को सौंपी गई है। नए मुख्य सचिव को लेकर पिछले कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं, जो अब जाकर खत्म हुई। अमृत लाल मीणा सीएम नीतीश कुमार के करीबी माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को राज्य प्रशासन में महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमृत लाल मीणा, राजस्थान के करौली जिले के रहने वाले हैं, उन्हें बिहार का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। अमृत लाल मीणा, पहले केंद्रीय कोयला सचिव के रूप में कार्यरत थे। शनिवार को केंद्र सरकार ने उन्हें इस पद से मुक्त कर दिया और बिहार वापस भेज दिया। मीणा बिहार के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भी रह चुके हैं। अमृत लाल मीणा अनुसूचित जनजाति समुदाय से आते हैं। वे राजस्थान से आने वाले दूसरे आईएएस अधिकारी हैं जिन्हें ब्यूरोक्रेसी का मुखिया बनाया गया है। उनसे पहले जयपुर के शिवदास मीणा को तमिलनाडु का मुख्य सचिव बनाया गया था। शिवदास मीणा हाल ही में इस पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। अमृत लाल मीणा के पास 35 साल का प्रशासनिक अनुभव है। अपने लंबे करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। अब बिहार के सबसे बड़े प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है।

# हरियाणा में 01 के बजाय 05 अक्टूबर को होगा मतदान

## जम्मू-कश्मीर के साथ आठ को आएंगे नतीजे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर अब 01 अक्टूबर की बजाय 05 अक्टूबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। साथ ही अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले मतदान के नतीजे 8 अक्टूबर को आयेंगे। पहले मतगणना 4 अक्टूबर को तय थी। चुनाव आयोग का कहना है कि उसे राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, राज्य राजनीतिक दलों और अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा से इस संबंध में ज्ञापन प्राप्त हुए थे। बिश्नोई समाज का कहना है कि बड़ी संख्या में हरियाणा से लोग सदियों पुराने आसोज अमावस्या उत्सव में भाग लेने के लिए राजस्थान पहुंचेंगे।

ऐसे में बड़ी संख्या में लोग मतदान नहीं कर पायेंगे और इससे हरियाणा में मतदान में भागीदारी भी कम होगी। चुनाव आयोग ने 16 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों और हरियाणा में एक चरण में मतदान कार्यक्रम की घोषणा की थी। जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण और हरियाणा की सभी सीटों का मतदान कार्यक्रम एक समान था। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में मतदान की तारीख में बदलाव का अनुरोध किया था। पार्टी का कहना था कि एक साथ छुट्टियां होने के कारण कई लोग इस दौरान घूमने निकल जायेंगे और मतदान में भाग नहीं लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आठ सितंबर से अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आठ सितंबर से अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर रहेंगे जहां वह टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्राओं और शिक्षाविदों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने श्री गांधी की अमेरिका यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के दौरान वह विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोगों के साथ ही डैलस क्षेत्र के राजनेताओं से भी विचार विमर्श करेंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता की यात्रा का विवरण देते हुए बताया कि श्री गांधी 8 सितंबर को डलास, टेक्सास और 9 तथा 10 सितंबर को वाशिंगटन डीसी का दौरा करेंगे। इस दौरान वह प्रवासी भारतीयों, टेक्नोक्रेट, बिजनेस लीडर, छात्र, मीडिया बिरादरी और राजनीतिक नेताओं से भी मिलेंगे।

### चक्रवाती असना के पश्चिमी तटों पर आने पर भारी बारिश की आशंका

नई दिल्ली। मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को चक्रवाती तूफान असना के आने के कारण गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक तटों पर भारी बारिश और तूफानी हवाओं की चेतावनी जारी की, जिसके अरब सागर के ऊपर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और एक सितंबर की सुबह तक इसकी तीव्रता बने रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के दो सितंबर की सुबह तक कमजोर पड़ने का अनुमान है। विभाग ने रविवार तक गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक तटों पर भारी बारिश और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने कहा, पाकिस्तानी तट से सटे उत्तर-पश्चिम अरब सागर में 70-80 किमी प्रति घंटे से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

### चंपई सोरेन के बाद पूर्व झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम भाजपा में हुए शामिल

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के एक दिन बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम भी शनिवार को विपक्षी दल में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा की उपस्थिति में हेम्ब्रम को पार्टी की सदस्यता दिलाई। बोरियो के पूर्व विधायक ने यहां भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कहा, झामुमो, गुरुजी (झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन) के वक्त में जो था, वह अब नहीं रहा है। अब, झामुमो में वरिष्ठ नेताओं के लिए कोई सम्मान नहीं है। इसलिए मैंने झारखंड के विकास और आदिवासियों के उत्थान के लिए भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है।

### किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए : विनेश

चंडीगढ़। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को शंभू बॉर्डर पहुंच किसानों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और कहा कि केंद्र सरकार को उनकी मांगों पर ध्यान देना चाहिए व उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने अपने दिल्ली चलो मार्च के 200 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में यहां किसान महापंचायत का आयोजन किया। किसान संगठनों ने दिल्ली चलो मार्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए शुरू किया था।

# धर्म के आधार पर कानून नहीं चलता : गिरिराज

प्रात : किरण

बेगूसराय। असम विधानसभा ने शुक्रवार की नमाज अदा करने के लिए दो घंटे के ब्रेक को समाप्त कर दिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर कानून नहीं चलता है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस निर्णय के लिए असम विधानसभा के अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। भाजपा नेता ने कहा कि एक देश एक कानून के तहत विधानसभा को स्थगित न करते हुए बिना किसी रुकावट के सोमवार से शुक्रवार तक इसे चलाने का फैसला सही है। इसके लिए मैं असम विधानसभा के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि यह हिंदू-मुसलमान का मामला नहीं है। अखिलेश यादव हों या फिर तेजस्वी यादव, यह मामला विशुद्ध रूप से एक देश एक कानून पर आधारित है। ये लोग मुस्लिम और वोट बैंक के ठेकेदार हैं। मैं यह बात जानता हूं कि अगर तेजस्वी यादव का बिहार में और अखिलेश यादव का उत्तर प्रदेश में राज आयेगा तो ये लोग शुक्रवार को छुट्टी घोषित कर देंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर भविष्य में राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी तो ये लोग भारत को पाकिस्तान और बांग्लादेश बना देंगे।

# सूबे में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला

प्रात : किरण

पटना। बिहार में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 13 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। वहीं, तीन आईएएस अधिकारियों को विभिन्न विभागों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, मगध, सारण एवं तिरहुत प्रमंडल के आयुक्तों का भी तबादला कर दिया गया है। शनिवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने इन अधिकारियों के तबादले की अधिसूचना जारी कर दी। कला संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा को समाज कल्याण विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। उन्हें बिहार राज्य महिला एवं बाल विकास निगम के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, वंदना प्रेयषी को बिहार राज्य महिला एवं बाल विकास निगम के एमडी के दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। सहकारिता एवं लघु जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल को जल संसाधन विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। श्री मल्ल अगले आदेश तक सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त एवं विशेष कार्य पदाधिकारी तथा बिहार भवन, नई दिल्ली में स्थानीय आयुक्त के पद पर पूर्व की तरह बने रहेंगे। विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद को जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। समाज कल्याण विभाग के सचिव प्रेम सिंह मीणा को मगध प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। वे बिपार्ड, गया के अपर महानिदेशक के भी प्रभार में रहेंगे। वाणिज्य कर विभाग की सचिव प्रतिमा एस के वर्मा को विज्ञान, प्रोद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। वो बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी के अपर मिशन निदेशक के प्रभार में भी रहेंगी। सारण के प्रमंडलीय आयुक्त सरवणन एम. को तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर का आयुक्त बनाया गया है। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल को ऊर्जा विभाग का सचिव बनाया गया है, जो बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष का प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

# भारत में अगस्त में बारिश सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक हुई: आईएमडी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत में अगस्त में सामान्य से लगभग 16 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। वहीं, उत्तर-पश्चिम भारत में 253.9 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 2001 के बाद से अगस्त में दूसरी सबसे अधिक वर्षा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में अगस्त में 287.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य तौर पर 248.1 मिमी बारिश होती है। कुल मिलाकर, एक जून को मानसून की शुरूआत के बाद से भारत में अब तक 749 मिमी वर्षा हुई है, जबकि इस अवधि में सामान्य तौर पर 701 मिमी बारिश होती है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हिमालय के तराई क्षेत्रों और पूर्वोत्तर के कई जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई, क्योंकि अधिकांश निम्न दबाव प्रणालियां अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर चली गईं और मानसून का प्रवाह भी अपने सामान्य स्थिति से दक्षिण में बना रहा। उन्होंने कहा कि केरल और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र सहित पूर्वोत्तर के कई राज्यों में कम वर्षा हुई है।

**रिपोर्ट** एसबीआई के ग्रुप मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जारी एक रिपोर्ट में कहा-

# चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान: एसबीआई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय स्टेट बैंक ने अप्रैल -जून की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के अनुमान से कम 6.7 प्रतिशत रहने के मद्देनजर चालू वित्त में जीडीपी विकास दर 7.0 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। एसबीआई के ग्रुप मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष ने शनिवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 25 के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7.1 प्रतिशत की पहली तिमाही की वृद्धि के आधार पर 7.2प्रतिशत लगाया है। अब पहली तिमाही में 6.7प्रतिशत की वृद्धि के साथ, नया वार्षिक अनुमान 7.1प्रतिशत होगा। हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025 के लिए जीडीपी वृद्धि आरबीआई के अनुमान से थोड़ी कम होगी और




7.0प्रतिशत की वृद्धि अधिक उचित लगती है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछली चार तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और कृषि तथा सेवा दोनों क्षेत्रों में कम वृद्धि के कारण पहली तिमाही का प्रदर्शन उससे कम रहा। कृषि में जहाँ मात्र 2.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं सेवा क्षेत्रों में 7.2प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालाँकि नॉमिनल जीडीपी में पहली तिमाही में 9.7प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही की 8.5प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। हालाँकि जीडीपी तिमाही में जीडीपी वृद्धि घटकर 6.7 प्रतिशत हो गई है, लेकिन यह अभी भी पहली तिमाही में 6.4प्रतिशत की औसत दशकीय वृद्धि से अधिक है। डॉ. घोष ने कहा जीवीए में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और पिछली तीन तिमाहियों में 122 आधार अंक के औसत अंतर की तुलना में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी और जीवीए के बीच का अंतर घटकर मात्र 19 आधार अंक रह गया। हमारा मानना है कि यह जीडीपी-जीवीए अंतर पिछले वित्त वर्ष में 93 आधार अंक के अंतर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में संभवतः एक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि तिमाही-दर-तिमाही के लिहाज से, वास्तविक जीडीपी हमेशा पहली तिमाही में कम रहती है। मौसमी रूप से समायोजित जीडीपी वृद्धि हमेशा पहली तिमाही के लिए गैर-मौसमी रूप से समायोजित जीडीपी वृद्धि से अधिक होती है, जो दशार्ता है कि पहली तिमाही की वृद्धि गैर-मौसमी रूप से समायोजित आंकड़े से बेहतर है और इसमें मौसमी घटक अधिक है।

# जिला न्यायपालिका कानून का अहम घटक, न्यायपालिका की रीढ़ है : सीजेआई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को जिला न्यायपालिका को न्यायपालिका की रीढ़ बताया और कहा कि यह कानून का अहम घटक है। यहां जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि यह जरूरी है कि जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ कहना बंद किया जाए। इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, न्याय की तलाश कर रहा कोई नागरिक सबसे पहले जिला न्यायपालिका से संपर्क करता है। जिला न्यायपालिका कानून का अहम घटक है। उन्होंने कहा कि काम की गुणवत्ता और वे स्थितियां जिनमें न्यायपालिका नागरिकों को न्याय प्रदान करती है, यह निर्धारित करती है कि उन्हें न्यायिक प्रणाली पर भरोसा है



या नहीं। सीजेआई ने कहा, इसलिए जिला न्यायपालिका से बड़ी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया जाता है और इसे न्यायपालिका की रीढ़ के रूप में वर्णित किया गया है। रीढ़ तंत्रिका तंत्र का अहम अंग है। उन्होंने कहा, कानूनी व्यवस्था की रीढ़ को बनाए रखने के लिए हमें जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ न्यायपालिका कहना बंद करना होगा। आजादी के 75 साल बाद, अब समय आ गया है कि हम ब्रिटिश काल के एक और अवशेष -अधीनता की औपनिवेशिक मानसिकता- को दफना दें। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि 2023-24 में अदालती रिकॉर्ड के 46.48 करोड़ पृष्ठों को डिजिटल रूप दिया गया।उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट परियोजना के तहत 3,500 से अधिक अदालत परिसरों और 22,000 से अधिक अदालत कक्षों का कम्प्यूटरीकरण भी किया गया। उन्होंने कहा, ह्वह्वजिला न्यायपालिका ने दिन-प्रतिदिन के मामलों में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने में अहम भूमिका निभाई: देश में जिला अदालतों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 2.3 करोड़ मुकदमों पर सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसलों को संविधान में मान्यता प्राप्त प्रत्येक भाषा में अनुवादित किया जा रहा है और 73,000 से अधिक अनुवादित फैसले सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। न्यायपालिका की बदलती जनसांख्यिकी पर आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जिला न्यायपालिका में शामिल होने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### गाड़ी किनारे करने को कहने पर युवक को पीटा

**रूड़की, एजेंसी।** मंगलौर निवासी एक व्यक्ति दुकान का सामान लेने सहारनपुर जा रहा था। रास्ते में एक पिकअप की वजह से जाम लगा था, उसे हटाने के लिए कहा तो युवक को पिकअप चालक और उसके 40 साथियों ने पीट दिया। पीड़ित ने 62 हजार रुपये गायब होने का आरोप लगाया है। पीड़ित उत्तम सिंह निवासी मंगलौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलौर में सर्विस लाइन पर जाम लगा हुआ था। आगे देखा तो एक पिकअप बेतरतीब खड़ी थी। उसे साइड लगाने के लिए कहने पर गाड़ी मालिक कल्लू और उसका बेटा गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने अपने साथ 40 लोगों को मौके पर बुला लिया और उत्तम सिंह व उसके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके 62 हजार रुपये भी गिर गए। आरोपी दुकान में आग लगा देने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मंगलौर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बिना पोस्टमास्टर के चल रहा मुख्य डाकघर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** ऋषिकेश मुख्य डाकघर में तीन महीने से पोस्टमास्टर का पद खाली चल रहा है। ऐसे में डाकघर का सारा काम काज प्रभारी पोस्ट मास्टर देख रहे हैं। वहीं लिपिकों की कमी से भी काम प्रभावित हो रहा है। जून माह में मुख्य डाकघर में तैनात पोस्ट मास्टर रमेश दत्त रतूड़ी का देहरादून तबादला हो गया था। उनके तबादले के बाद किसी स्थाई पोस्ट मास्टर की तैनाती नहीं हो पाई। पोस्ट मास्टर का चार्ज प्रभारी पोस्टमास्टर केके यादव देख रहे हैं। वही आठ लिपिकों के पद में से सात पदों पर तैनाती है। एक पद खाली चल रहा है। एक लिपिक आधार कार्ड, एक लिपिक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में लगे रहते हैं। बाकी अन्य कार्यों पर लगे रहते हैं। डाकघर में नौ पोस्टमैन हैं। पोस्टमैनों की छुट्टी पर जाने से काम प्रभावित हो जाता है। डाक अधीक्षक देहरादून टीएस बिष्ट ने बताया कि डाकघरों में पोस्ट मास्टर की तैनाती क्षेत्रीय कार्यालय से होती है। ऋषिकेश में जल्द ही पोस्ट मास्टर की तैनाती होगी।

### 13 साल की नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म, बीजेपी नेता पर लगा आरोप

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 13 साल की नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म की खबर सामने आ रही है। इस दुष्कर्म मामले का आरोप क्षेत्रीय भाजपा नेता पर लगा है, जो कि बेहद निंदनीय है। वहीं इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भरा हुआ है। दरअसल, आरोप है कि बकरी चराने गई एक नाबालिग लड़की को अकेली देखकर क्षेत्रीय भाजपा नेता ने अपनी हवस का शिकार बना लिया। वहीं इस घटना के बारे में जब परिजनों को सूचना मिली तो उनके होश उड़ गए। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण और परिजन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र के मोलेखाल थाने पर बैठे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द आरोपी नहीं पकड़ा गया तो आज यानी शनिवार को वे चक्का जाम करेंगे। वहीं एसडीएम सल्ट ने जानकारी दी है कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में शिकायत मिली है। वहीं इस घटना को लेकर लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है। इसमें जांच पड़ताल के बाद ही कुछ कहना संभव होगा, फिलहाल लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

### हरिद्वार में महिला स्वयं सहायता समूह की आम सभा की वार्षिक बैठक आयोजित

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड के श्यामपुर क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूह की आम सभा की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य में चल रही महिलाओं के लिए योजनाओं के साथ नए रोजगारों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के भी कई अधिकारियों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने महिलाओं से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में बताया।

# बनभूलपुरा क्षेत्र सर्वे : पहले दिन सौ से अधिक भवनों पर लगाए निशान, घरों में लाल निशान लगते देख चिंतित दिखे लोग

**नैनीताल , एजेंसी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण वाली जमीन पर बने मकानों और परिवारों का डोर टू डोर सर्वे शुरू कर दिया है। रेलवे और विभिन्न सरकारी विभागों की छह टीमें सर्वे के कार्य में लगाई गई हैं।

जमीन पर हुए अतिक्रमण का रेलवे की ओर से नक्शा उपलब्ध कराने के बाद प्रशासन ने शुक्रवार से बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण वाली जमीन पर बने मकानों और परिवारों का डोर टू डोर सर्वे शुरू कर दिया है। रेलवे और विभिन्न सरकारी विभागों की छह टीमें सर्वे के कार्य में लगाई गई हैं। संबंधित टीमें अतिक्रमण वाली जमीन पर बनाए गए मकानों को लाल निशान लगाकर चिह्नित कर रही है। टीमों ने पहले दिन 100 से अधिक भवनों पर निशान लगाए।

शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को लेकर गठित की गई छह टीमें वार्ड नंबर 32 में इंदिरा नगर पश्चिमी पहुंचीं। यहां डोर टू डोर सर्वे का काम शुरू किया गया। सर्वे शुरू होते ही बनभूलपुरा क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में टीमों के इर्द-गिर्द नजर आए। टीमों ने अतिक्रमण वाले भवनों में लाल निशान लगाने शुरू किए। अधिकारियों के मुताबिक सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक टीमें मकान और परिवार का डाटा जुटाती रहीं। किसी टीम ने 15 तो किसी टीम ने 20 घरों में लाल निशान लगाए। शाम तक 100 से ज्यादा भवनों पर लाल निशान लगाए जा चुके थे।



इस दौरान सभी छह टीमों ने अतिक्रमण वाली जमीन में बने मकान, उनमें रह रहे परिवार, परिवारों में मौजूद लोगों के नाम और उम्र के साथ साथ मकान के मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज, क्रय करने की दशा में विक्रेता का नाम, बिजली-पानी के बिल आदि को लेकर जानकारी जुटाई। अधिकारियों ने बताया कि अभी केवल उस भूमि का सर्वे हो रहा है जिसका रेलवे पूर्व में डिजिटल सर्वे करा चुका है। इस सर्वे के बाद नक्शे के आधार पर अतिक्रमण वाली शेष भूमि का भी सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के दौरान नागरिक और रेलवे पुलिस भी मौजूद रही।

रेलवे की जमीन पर हुए अतिक्रमण का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। पिछले दिनों हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रेलवे के अधिकारियों से पूछा था कि उन्हें रेलवे की योजनाओं के विस्तार के लिए तात्कालिक रूप से कितनी जमीन की जरूरत है? कोर्ट ने सरकार और रेलवे को अतिक्रमण वाली जमीन पर रह रहे लोगों के विस्थापन की योजना भी तैयार करने के निर्देश दिए थे।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि कोर्ट के निर्देश के बाद रेलवे ने अपनी जरूरत के मुताबिक अतिक्रमण वाली जमीन का डिजिटल सर्वे कराया था। यह सर्वे पूरा होने के बाद रेलवे ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से इस जमीन पर मौजूद भवनों और वहां रह रहे परिवारों की संख्या पता कराने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि इस सर्वे से पता चलेगा कि उक्त जमीन पर कितने भवन हैं और कितने परिवार रह रहे हैं। उसके बाद ही कोर्ट के निर्देश के बाद मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**घरों में लाल निशान लगते देख चिंतित दिखे लोग** सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को रेलवे की जमीन पर काबिज लोगों के पुनर्वास की योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, शुक्रवार को जब अलग-अलग टीमें अतिक्रमण वाली जमीन पर बने मकानों पर लाल निशान लगा रही थीं तो भवन स्वामी भविष्य को लेकर चिंतित भी नजर आए।

### शॉपिंग मॉल में चोर ने छत के रास्ते घुसकर सामान उड़ाया

**हरिद्वार, एजेंसी।** सिडकुल थाना क्षेत्र में एक शॉपिंग मॉल में छत के रास्ते अंदर घुसकर चोर ने बिजली के उपकरण चोरी कर लिए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार की देर रात नवोदय नगर स्थित एक शॉपिंग मॉल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। शुक्रवार की सुबह मॉल के मालिक संचित डागर के पहुंचने पर चोरी का पता चल सका। सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। कुछ सामान गायब था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर सामने आया कि एक ही आरोपी छत के रास्ते अंदर आया और सामान चोरी कर फरार हो गया। एसओ मनोहर सिंह भंडारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

परिवहन विभाग की टीम ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का पालन न करने पर 35 ई-रिक्शाओं के चालान काटे हैं। साथ ही फिटनेस, टैक्स जमा न करने पर 12 ई-रिक्शा सीज कर दिए गए।

## नंदा देवी महोत्सव को इस वर्ष भी मिलेगा ए श्रेणी के मेले का लाभ



**नैनीताल, एजेंसी।** राम सेवक सभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बैठक की और उन्होंने इस वर्ष भी नंदा देवी महोत्सव को ए श्रेणी के मेले का लाभ मिलने पर खुशी जताई है।

सभा अध्यक्ष मनोज साह ने कहा कि यह निर्णय लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। विधायक सरिता आर्या ने भी विचार रखे।

वहां महासचिव जगदीश बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, मुकेश जोशी, बिमल साह, अशोक साह, प्रो. ललित तिवारी, मोहित लाल साह, राजेंद्र लाल साह, हरीश सिंह राणा, विक्रम साह आदि रहे। पूर्व में शासन की ओर से हर जिले के दो मेलों को राज्य मेले की सूची में शामिल किया गया था। इस क्रम में नैनीताल का नंदा देवी मेला भी पूर्व से ही ए कैटेगरी में सूचीबद्ध है। इसमें चार लाख रुपये तक की धनराशि और मांग किए जाने पर सांस्कृतिक दल भेजे जाने का प्रावधान होता है।

## हाईकोर्ट की शिक्षा विभाग को फटकार, ट्रांसजेंडर के प्रमाणपत्रों में लिंग-नाम परिवर्तन से किया था इन्कार

**नैनीताल , एजेंसी।** हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में ट्रांसजेंडर के शैक्षिक प्रमाणपत्रों में नाम और लिंग परिवर्तन से इन्कार करने के उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा बोर्ड के फैसले को रद्द कर दिया है।

नैनीताल हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में ट्रांसजेंडर के शैक्षिक प्रमाणपत्रों में नाम और लिंग परिवर्तन से इनकार करने के उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा बोर्ड के फैसले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 के अनुरूप मौजूदा नियमों में संशोधन करने का निर्देश दिया, जिसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की मान्यता को अनिवार्य बनाने वाले विकसित कानूनी प्रक्रिया को लागू करने पर जोर दिया है।

हल्द्वानी निवासी ट्रांसजेंडर ने याचिका दायर कर कहा था पहले वह लड़की के नाम से जाना जाता था। 2020 में दिल्ली के अस्पताल में यौन पुनर्मूल्यांकन सर्जरी कराई और कानूनी तौर पर अपना नाम और लिंग बदल लिया। ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 की धारा 7 के तहत जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल की ओर से जारी पहचान पत्र रखने के बावजूद, उनके



शैक्षिक प्रमाणपत्रों में अपना नाम और लिंग अपडेट करने के उनके अनुरोध को उत्तराखंड स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अस्वीकार कर दिया था। बोर्ड ने हवाला दिया कि उनका मामला उसके विनियमों के अध्याय-12 के खंड 27 के अंतर्गत नहीं आता है, जो केवल उन नामों में बदलाव की अनुमति देता है जो अश्लील, अपमानजनक या अपमानजनक हैं।

वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने मामले में ऐतिहासिक निर्णय देते हुए कहा कि मामले की कानूनी जड़ में ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत प्रदत्त अधिकारों की व्याख्या शामिल थी और क्या बोर्ड के नियम इन वैधानिक अधिकारों के अनुरूप हैं।

## बौराड़ी में युवक ने शोरूम में घुसकर की हवाई फायरिंग, लोगों में मचा हड़कंप, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टिहरी , एजेंसी।** युवक ने हवा में फायर झोंका और बाहर आकर बैग उठाया और भागने लगा। शोरूम कर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

नई टिहरी के बौराड़ी में हवाई फायर की घटना से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि एक युवक मोटर साइकिल शोरूम के बाहर पहुंचा और बैग से पिस्टल निकाली। इसके बाद वह शोरूम में घुसा गया।





वहां उसने हवा में फायर झोंका और बाहर आकर बैग उठाया और भागने लगा। शोरूम कर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि वह राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## दस हजार के लालच में गवां दिए साढ़े सोलह लाख रुपये

**नैनीताल , एजेंसी।** फ्रेंड्स कॉलोनी तल्ली हल्द्वानी निवासी कमल गोयल को कमीशन का लालच देकर साइबर ठगों ने 16.37 लाख रुपये ठग लिए।

साइबर ठगों ने फ्रेंड्स कॉलोनी तल्ली हल्द्वानी निवासी कमल गोयल को कमीशन का लालच देकर 16.37 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने एक कंपनी का फर्जी प्रतिनिधि बनकर पहले कमल के खाते में रुपये डाले और झांसे में लेकर उससे लाखों रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है।


पुलिस के अनुसार कमल गोयल ने दी तहरीर में बताया कि 15 मई 2024 को अज्ञात व्यक्ति ने उसे एक कंपनी के ग्रुप में जोड़ दिया। इस ग्रुप में प्रोड्क्टस लाइक करने पर कमीशन देने का प्रलोभन दिया गया। 19 जून को उसे ऑनलाइन काम करने को कहा गया। इसमें विवरण भरने पर दो बार में 3000 और 5000 डलवाए और उसी दिन उसके खाते में 10,400 रुपये वापस आ गए।

इस पर साइबर ठगों ने उससे 20 जून को चार बार में 3000, 4000, 36,000 और 88,000 रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद रुपये रिकवर करने के लिए कमल से अलग-अलग बैंकों से 3,46,000 रुपये, 1,54,000 रुपये, 5,26,000 रुपये, 4,80,000 रुपये डलवाये।

## नैनीताल में बन रहा देश का दूसरा फॉरेस्ट हीलिंग सेंटर, 1.25 एकड़ में बन रहे जंगल; ये सुविधाएं होंगी

**नैनीताल , एजेंसी।** छावनी परिषद में देश का दूसरा फॉरेस्ट हीलिंग सेंटर साकार होने जा रहा है। कैंट बोर्ड ने लगभग इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं और दिसंबर से पूर्व इसे प्रभावी करने की योजना है।

यूं तो कुमाऊं के रानीखेत में देश का पहला फॉरेस्ट हीलिंग सेंटर स्थापित हो चुका है, लेकिन अब कुमाऊं की ही नैनीताल छावनी परिषद में दूसरा फॉरेस्ट हीलिंग सेंटर साकार होने जा रहा है। कैंट बोर्ड ने लगभग इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं और दिसंबर से पूर्व इसे प्रभावी करने की योजना है। ऐसे में आगामी ग्रीष्म सीजन में यहां सैलानियों को नया पर्यटन स्थल मिलेगा। प्रकृति और पर्यावरण को



पर्यटन व स्वास्थ्य से जोड़ने के लिए कैंट ने अभिनव पहल शुरू कर दी है।

छावनी परिषद के सीईओ वरुण कुमार ने बताया कि कैंट नैनीताल-भवाली मार्ग पर पालिका की पूर्व चुंगी से सटे 1.25 एकड़ जंगल क्षेत्र को देश का दूसरा फॉरेस्ट हीलिंग सेंटर बनाने जा रहा है। इसके लिए जापानी विशेषज्ञ संपर्क में हैं और वह शीघ्र यहां आने वाले है। छावनी के उक्त परिक्षेत्र के पेड़, वनस्पति और अन्य का सदुपयोग कर न्यूनतम खर्च में पीपीपी मोड में इसे संचालित किया जाना है। बताया कि दिसंबर में यह तैयार हो जाएगा और आगामी ग्रीष्म सीजन में पर्यटकों को नया पर्यटन स्थल मिलगो।

पेड़ों के बीच हीलिंग, फॉरेस्ट बाथ, पंचकर्म, जंगल वाक, कम वजन वाले छतनुमा व ट्री हाउस में ध्यान योगा आदि शुरू करने की योजना है। जापानी विशेषज्ञों की रायशुमारी से और बेहतर सुविधाएं जुटाई जाएंगी। आकर्षक पेड़ों के बीच कुछ ऊंचाई पर बने ट्री-हाउस हीलिंग सेंटर पर भी विचार किया जा रहा है। खुले वातावरण में जाकर प्रकृति से जुड़ाव पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेगा।

## महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, निकाली जन आक्रोश रैली

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों के खिलाफ शनिवार को हल्द्वानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया। अपराधों के खिलाफ शनिवार को हल्द्वानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया। इसके साथ ही तिकोनिया चौराहे से एसडीएम कोर्ट तक सड़क पर उतरकर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल समेत कांग्रेस पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं के लगातार महिला अपराधों के मामलों में नाम सामने आने पर कांग्रेस



नेताओं ने प्रदर्शन करते हुए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कही भाजपा के मंडल अध्यक्ष महिला अपराधों में संलिप्त हैं तो कहीं बड़े नेता और कार्यकर्ता नाबालिग बच्चियों से बलात्कार कर रहे हैं। ऐसे में ये सरकार कैसे महिलाओं को न्याय दिला पाएगी।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 01 सितंबर, 2024

सम्पादकीय

## आरक्षण का राजनीतिकरण देशहित में कदापि नहीं

देश जब आजाद हुआ तो सामाजिक समरसता के लिये सामाजिक, आर्थिक, एवं शैक्षणिक रूप से अति पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के उत्थान हेतु संविधान में आरक्षण देने का प्रावधान सीमित काल के लिये किया गया पर यह राजनीतिकरण के चलते आज तक जारी ही नहीं इसका विस्तार होता गया। आरक्षण वोट की राजनीति से जुड़ गया। आरक्षित वर्ग में सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से विकास होने के वावजूद भी इसमें कोई परिर्तन नहीं हुआ बल्कि अनुसूचित जाति, जनजाति के अलावे देश की कई जातियां आरक्षण के दायरे में समा गई। इस दिशा में उभरे राजनीतिकरण को आसानी से देखा जा सकता जब सत्ता की कुर्सी पाने के लिये मंडल आयोग को देश में लागू करने की कई वकालत की गई। जिसके तहत पिछड़े वर्ग ओबीसी नाम से देश की कई जातियां आरक्षण सूचि में शामिल हो गई। लोकसभा चुनाव के दौरान सत्ता पाने के लिये राजस्थान प्रदेश में जाट वर्ग को ओबीसी में शामिल करने की वकालत तत्कालीन राजनीतिक दल भाजपा द्वारा किया गया जिसका राजनीतिक लाभ भी मिला, केन्द्र में सरकार बनते ही राजस्थान के जाट वर्ग को ओबीसी में शामिल भी कर लिया गया। आरक्षण सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक सुधार की जगह लाभ तंत्र का संसाधन बन गया। इस दिशा में बढ़ते राजनीतिकरण ने अनारक्षित अन्य जातियों को भी आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आरक्षण में शामिल किये जाने की वकालत राजनीतिक दलों द्वारा की जाने लगी। कुछ राज्यों में इस दिशा में पहल भी हुई। इस तरह देश में आरक्षण का अनुपात 50 प्रतिशत से भी आगे चला गया। आरक्षण जिसे मिल गया वो किसी भी कीमत पर इससे अलग होने को तैयार नहीं। इस दिशा में सर्वेक्षण भी यहीं बता रहे है कि वास्तविक रूप से आरक्षण आरक्षित वर्ग में जिसे मिलना चाहिए वह आज भी आरक्षण प्रक्रिया से दूर है। इस कमी को दूर करने के लिये ही देश की सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण में क्रीमीलेयर लाने की पहल की जिससे आरक्षित वर्ग में आरक्षण से वंचित सर्वाधिक लोगों को आरक्षण प्रक्रिया से जोड़ा जा सके जिस पर सर्वोच्च न्यायालय के इस पहल पर जो विवाद देश भर में खड़ा हुआ, सभी के सामने है। आरक्षित वर्ग में आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से आगे बढ़े हुये को आरक्षण प्रक्रिया से दूर कर देना चाहिए पर वोट की राजनीति से जुड़े इस मसले पर पहल कौन करे। सर्वोच्च न्यायालय ने पहल की तो विवाद खड़ा हो गया। इसे लेकर भी देश में राजनीति शुरू हो गई। सभी को वोट चाहिए। वोट से जुड़ा आरक्षण समाप्त तो नहीं किया जा सकता पर देशहित में जरूरी है कि आरक्षण का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। आरक्षण का जातिगत आधार की जगह आर्थिक आधार होना चाहिए। इस दिशा में सभी राजनीतिक दलों को विचार कर पहल करना होगा।

## अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम चर्चा में....

चैतन्य भट्ट

सरकार ने करोड़ों सेवानिवृत्त लोगों के बुढ़ापे का एकमात्र सहारा पेंशन को नई यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लाकर फिर चर्चा में ला दिया है। सरकार इसे ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) और न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के बीच का कर्मचारी हितैषी मार्ग बता कर पेश कर रही है तो विपक्ष यूटर्न पेंशन स्कीम कहकर इसका मजाक उड़ा रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में पेंशन प्रचार के प्रमुख बिंदुओं में से एक थी और संभवतः इसने चुनाव परिणाम काफी हद तक प्रभावित कर भाजपा को स्पष्ट बहुमत पाने से रोक दिया था। इसीलिए चर्चा है की सरकार ने यह योजना महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू कश्मीर में चुनावी फायदे के लिए लागू की है। बहरहाल यह नहीं भूलना चाहिए कि ओपीएस लागू करने के बावजूद कांग्रेस छत्तीसगढ़ और राजस्थान पिछला विधानसभा चुनाव बुरी तरह हार चुकी है।

2004 के पूर्व अंतिम आहरित वेतन के आधे के बराबर पेंशन की गारंटी वाली ओपीएस में कर्मचारी अंशदान जरूरी नहीं था। संपूर्ण व्यय सरकारी कंधों पर था। निरंतर बढ़ते पेंशन व्यय को संतुलित करने के लिए 2004 से लागू एनपीएस में कर्मचारियों और सरकार का 10 प्रतिशत समान अंशदान अनिवार्य कर दिया गया। 2019 में सरकारी अंशदान मूल वेतन और डीए का 14 प्रतिशत कर दिया गया।

यह राशि भविष्य के पेंशन भुगतान के लिए शेयर मार्केट समेत अन्य वित्तीय संसाधनों में लगाने का प्रावधान था। कर्मचारियों को विभिन्न वित्तीय विकल्पों के बीच चुनने का अधिकार तो था मगर इसमें इन वित्तीय विकल्पों का सीमित ज्ञान बाधक था। यह पेंशन मार्केट के उतार-चढ़ाव के आधार पर परिवर्तनीय थी। इसमें शामिल कर्मचारी हाल के सालों में रिटायर होने लगे हैं और शिकायत है कि उनकी पेंशन कभी 100 तो कभी 120 रुपये प्रतिमाह होती है, ऐसे में वे ज़िंदगी कैसे बिताएं। बनारस के एक कॉलेज के प्रिंसिपल करीब डेढ़ लाख की सैलरी थे पर पेंशन 4, 044 बनी। यही वजह है कि इसे रद्द कर ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल करने की मांग जोरों पर थी।

सरकार ने अपने चिर परिचित अंदाज में नई पेंशन योजना पर भी कर्मचारी संगठनों से विमर्श ज़रूरी नहीं समझा। नयी योजना में रिटायरमेंट के बाद कर्मचारी कुल संयोजित राशि का 60 प्रतिशत निकाल सकते हैं। बाकी 40 प्रतिशत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और निजी कंपनियों द्वारा प्रमोट किए गए पेंशन फंड मैनेजर्स की विभिन्न स्कीमों में लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। ग्रैच्युटी के अलावा नौकरी छोड़ने पर हर छह महीने की सेवा पर मूल वेतन और महंगाई भत्ते का दसवें हिस्से के बराबर एकमुश्त रकम देने का प्रावधान भी है। नई योजना के कई प्रावधानों पर ओपीएस लागू करने की मांग कर रहे कर्मचारी संगठन नाराज हैं। कर्मचारी के अपने अंशदान को निकालने को लेकर प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं। यूपीएस में फुल पेंशन के लिए 25 साल की सीमा तय है इसलिए अर्द्धसैनिक बलों समेत 25 साल की सेवा के पूर्व रिटायर हो जाने वाले अनेक कर्मचारी इस फायदे से बाहर हो गए हैं। सेवा के दौरान मृत्यु पर आधा वेतन पेंशन के रूप में मिलने का प्रावधान भी अस्पष्ट है। कहने वाले तो यहां तक कह रहे हैं कि अगर यह नई पेंशन योजना इतनी ही प्रभावी और हितकारी है तो इसे सांसदों और विधायकों के लिए लागू क्यों नहीं किया जा रहा।

## पर्यावरण सरंक्षण के उपाय

डॉ अंकिता मिश्रा

पर्यावरण शब्द का निर्माण दो शब्दों से मिलकर बना है परि और ह्यआवरणह्न अर्थात यह आवरण जो हमें चारों और से घेरे हुआ है उसे पर्यावरण कहते है। हर साल 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वाराह्यराजनैतिकह्ण और सामाजिक जागृति लाने के लिये घोषित किया गया है। सबसे पहला पर्यावरण दिवस 5 जून 1973 को मनाया गया था पर्यावरण मेंजैविक जैसे कि जीवाणु, कीड़े मकोड़े, पेड़ पौधों से लेकर हमसभी इंसान शामिल है। जबकि अजैविक तत्वों में निर्जीव तत्व जैसे पर्वत, चट्टानें नदी आदि शामिल हैं।मनुष्य द्वारा की जाने वाली सारी क्रियाएँ पर्यावरण को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं।विज्ञान के क्षेत्र में असीमित प्रगति का असर पर्यावरण पर पड़ा है। आज मानव विज्ञान के क्षेत्र में नये-नये आविष्कार कर रहा है। लेकिन इन आविष्कारों के कारण वह प्रकृति पर पूर्णतया विजय प्राप्त करना चाहता है। इस कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। धरती पर जनसंख्या वृद्धि का असर भी पर्यावरण पर रहा है।औद्योगीकरण तथा शहरीकरण की तीव्र गतिप्रकृति के हरे भरे क्षेत्रों को समाप्त कर रही है। हमारी पृथ्वी पर पेड़-पौधे, हवा, पानी है तो हम है।आज इंसान पृथ्वी पर बहुत ज्यादा अन्याय कर रहा है। दुनिया कंक्रीट की होती जा रही है। पेड़-पौधे काटे जा रहें हैं। जिसके कारणवर्षा कम हो गयी है, सूखा पड़ रहा है। आजधरती पर सबसे बड़ी समस्या जल की है। आज हमें बारिश के पानी को संग्रहित करने की आवश्यकता है। इसके लिये हमें बड़े स्तर पर तालाब, पोखर बनाने की जरुरत है। आजकल वाटर मेनेजमेंट को लेकर कई संस्थान बहुत सारे कोर्सेस चला रहे हैं। जिसमे वाटर साइंटिस्ट, वाटर मेनेजर, हाइड्रो जियोलाजिस्ट, बायोलाजिस्ट, वाटर कंजरवेशनिस्ट आदि बनाने के मौके बढ़ गए हैं।आज प्रदूषण के कारण सारी धरती प्रदूषित हो रही है और ऐसा ही रहा तो मानव सभ्यता का अंत निश्चित है। पर्यावरण प्रदूषण के बहुत से दुष्प्रभाव है जो अत्यंत घातक है; जैसे परमाणु विस्फोटो से वायुमंडल का तापमान बढ़ना, ओजोन परत का क्षतिज होना, मृदा क्षरण आदि। पर्यावरण सरंक्षण को ध्यान में रखते हुए 1992 में ब्राजील में एक पृथ्वी सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे विश्व के 174 देशों ने हिस्सा लिया। इसके बाद सन 2002 में जोहान्सबर्ग में पृथ्वी सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पर्यावरण सरंक्षण पर अनेक उपाय सुझाए गए।

# योजनाओं की पहुंच से दूर ग्रामीण

**पंचायत में भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है। समझ में नहीं आता है कि ऐसा क्यों हो रहा है ?ह्व यह दर्द है 37 वर्षीय अंजू बाई का जो राजस्थान के अजमेर जिला के धुवालिया नाडा गांव की रहने वाली है। अंजू कहती है कि परिवार में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, चिरंजीवी और ई-श्रमिक के साथ साथ राशन कार्ड भी बने हुए हैं। लेकिन इनमें से किसी योजनाओं का परिवार को कोई लाभ नहीं मिल सका है। वह कहती हैं कि उनके पति स्थानीय चूना भट्टी में श्रमिक मजदूर के रूप में काम करते हैं। जहां उनका वेतन दस हजार से भी कम है। इतने बड़े परिवार का पेट भरने के लिए एक सदस्य की कमाई कम पड़ती है। अंजू की तरह रसूलपुरा के गौरव की भी यही स्थिति है। गौरव और उनकी पत्नी शांति देवी प्रतिदिन दैनिक मजदूरी करने अजमेर शहर जाते हैं ताकि बूढ़े माता-पिता और चार बच्चों का पेट भरा जा सके। गौरव कहते हैं कि गांव में न तो रोजगार का कोई साधन उपलब्ध है और न ही किसी योजना का लाभ प्राप्त होता है।**



सुमन मेघवंशी

मेरे परिवार में 8 सदस्य हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के दस्तावेज बने हुए हैं। इसके बावजूद हमें किसी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। कभी लाभार्थी के लिस्ट में नाम नहीं आया। पंचायत में भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है। समझ में नहीं आता है कि ऐसा क्यों हो रहा है ?ह्व यह दर्द है 37 वर्षीय अंजू बाई का जो राजस्थान के अजमेर जिला के धुवालिया नाडा गांव की रहने वाली है। अंजू कहती है कि परिवार में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, चिरंजीवी और ई-श्रमिक के साथ साथ राशन कार्ड भी बने हुए हैं। लेकिन इनमें से किसी योजनाओं का परिवार को कोई लाभ नहीं मिल सका है। वह कहती हैं कि उनके पति स्थानीय चूना भट्टी में श्रमिक मजदूर के रूप में काम करते हैं। जहां उनका वेतन दस हजार से भी कम है। इतने बड़े परिवार का पेट भरने के लिए एक सदस्य की कमाई कम पड़ती है।

अंजू की तरह रसूलपुरा के गौरव की भी यही स्थिति है। गौरव और उनकी पत्नी शांति देवी प्रतिदिन दैनिक मजदूरी करने अजमेर शहर जाते हैं ताकि बूढ़े माता-पिता और चार बच्चों का पेट भरा जा सके। गौरव कहते हैं कि गांव में न तो रोजगार का कोई साधन उपलब्ध है और न ही किसी योजना का लाभ प्राप्त होता है। हालांकि पति पत्नी दोनों ने मनरेगा में काम के लिए अपना नाम दर्ज करा रखा है, लेकिन उन्हें आज तक इसके अंतर्गत काम नहीं मिला है। उनकी पत्नी शांति देवी कहती हैं कि ह्लहम दोनों पढ़े लिखे नहीं हैं, इसलिए हमें योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया नहीं मालूम है। इसीलिए हम अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं ताकि वह जागरूक बन सकें और सभी योजनाओं की जानकारियां प्राप्त कर सकें। वह कहती हैं कि यदि महिलाओं के लिए गांव में रहकर ही स्वरोजगार के साधन उपलब्ध हो जाएं तो हमारी बहुत सारी समस्याओं का हल हो जाएगा। लेकिन इसके लिए क्या योजना है और इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है, इसकी जानकारी का अभाव है। शांति देवी कहती हैं कि गांव की बहुत सारी महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं, लेकिन किसी को भी इस दिशा में कोई भी जानकारी नहीं है।धुवालिया नाडा अजमेर जिला स्थित रसूलपुरा पंचायत के अंतर्गत स्थित है। जो अजमेर ग्रामीण क्षेत्र का हिस्सा है। इस गांव में अनुसूचित जनजाति भील और रेगर समुदाय की बहुलता है। 2011 की जनगणना के अनुसार इस गांव की जनसंख्या करीब 819 है। यह न केवल सामाजिक और आर्थिक रूप से बल्कि शैक्षणिक रूप से भी काफी पिछड़ा इलाका है। जिसके कारण गांव में जागरूकता के स्तर पर काफी कमी देखी जाती है। यहां की साक्षरता दर काफी कम है। राज्य की औसत साक्षरता दर 66।11 प्रतिशत की तुलना में केवल 54।12 प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं महिला और पुरुष साक्षरता दर की बात करें तो 76।79 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में महिलाओं में साक्षरता की दर मात्र 31 प्रतिशत के आसपास है, जो काफी चिंता का विषय है। गांव में कुछ ही परिवार ऐसे हैं जिनके पास खेती के लिए पर्याप्त भूमि है। जबकि अधिकतर परिवार के पास कृषि कार्य के लिए नाममात्र की जमीन है। इसीलिए ज्यादातर परिवार के पुरुष स्थानीय चूना भट्टी में काम करते हैं या दैनिक मजदूरी करते हैं। इस संबंध में महेश रेगर कहते हैं कि आर्थिक कमी के कारण उनके तीनों बच्चों का जन्म घर पर ही हुआ है, जिसके कारण उनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका है। इससे उनके स्कूल में एडमिशन में कठिनाइयां आ रही हैं। वह कहते हैं कि ह्लमैं पढ़ा लिखा नहीं हूं। मुझे नहीं मालूम कि घर में जन्म लेने वाले बच्चों का प्रमाण पत्र कैसे बनाया जाए ? इसके लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है ? इसके नहीं होने की वजह से मेरे बच्चों को किसी प्रकार की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

धुवालिया नाडा में पीने के साफ पानी की भी बहुत बड़ी समस्या है। गांव में एक हैंडपंप है जिसमें पीने का पानी उपलब्ध होता है। गर्मी के दिनों में अक्सर इसके पानी का लेवल काफी नीचे चला जाता है। यहां पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी महिलाओं की है। जिन्हें इसके लिए कई किमी पैदल चलना पड़ता है। इस संबंध में इंदिरा देवी कहती हैं कि गांव के अधिकतर बावड़ी सूख चुकी है। जो मौजूद हैं उसका पानी इतना खारा होता है कि इंसान या मवेशी पी नहीं सकते हैं। इसलिए पानी के लिए हमें कई किमी चलना पड़ता है। इससे हमें शारीरिक और मानसिक परेशानी उठानी पड़ती है। गांव में लोग आर्थिक रूप से इतने सशक्त नहीं हैं कि प्रतिदिन पानी का टैंकर मंगवा सकें क्योंकि एक बार टैंकर का खर्च दो से तीन हजार रूपए का होता है। इसलिए गांव वाले आपस में चंदा इकट्ठा करके सप्ताह में एक दिन टैंकर मंगवाते हैं। इससे केवल दो दिन पानी की पूर्ति हो पाती है। वह कहती हैं कि अभी धुवालिया नाडा में हर घर नल जल योजना नहीं आई है। जिस दिन यह योजना गांव में आ जाएगी सबसे अधिक आराम हम महिलाओं को होगा। इंदिरा देवी कहती हैं कि इस गांव में बहुत कम लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां हैं। जिससे वह इनका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं।

इसी वर्ष राजस्थान सरकार ने राज्य के सभी गांवों की जानकारी को ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना पर काम चल रहा है। इसके तहत राज्य के सभी राजस्व गांवों से जुड़े सरकारी विभागों की सूचनाएं एक पोर्टल ई-ग्राम पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पोर्टल पर न केवल योजनाओं से जुड़ी सूचनाएं उपलब्ध होंगी बल्कि उस गांव की जनसंख्या, महिला और पुरुषों में साक्षरता की दर आदि की जानकारियां एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएंगी। यह योजना राजस्थान सरकार के गुड गवर्नेंस और ई गवर्नेंस के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे एक ओर जहां ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को भी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारियां आसानी से उपलब्ध हो जाएंगी।

दरअसल हमारे देश में सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को ध्यान में रखते हुए कई लाभकारी योजनाएं संचालित करती है, ताकि उसका लाभ उठाकर देश की ग्रामीण जनता भी विकास के पथ पर शहरी क्षेत्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि ग्रामीण इन योजनाओं का बहुत अधिक लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसके पीछे कई कारण हैं। एक ओर जहां सामाजिक चेतना की कमी होती है वहीं दूसरी ओर शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने

# अपराध और अपराधी

चन्दन सुकुमार सेनगुप्ता

अपने दैनिक जीवन में कुछ हादसे ऐसे भी होते हैं जो पूरी व्यवस्था और न्याय तंत्र पर ही एक सवालिया निशान छोड़ दिया करता है। उन हादसों के बारे में अखबार और अन्य संचार माध्यम काफी कुछ लिख डालते हैं; अलग अलग सम्प्रदाय और राजनीति से जुड़े लोगों कुछ कर गुजरने के लिए मार्ग मिल जाना एक स्वाभाविक सी बात ही समझें। सवाल कुछ बड़ा सा तब पैदा हो गया जब चिकित्सा विज्ञान से जुड़े किसी छात्र को हादसों का शिकार होना पड़ा। यह तो सच ही है कि उन हादसों को अनजाम देनेवालों पर कानून का शिकंजा कसने का उपक्रम एक जांच का विषय है। उस हादसे को एक सामान्य घटना बोलकर शाशन पक्ष के नेताओं ने समग्र चिकित्सक सम्प्रदाय के साथ साथ सभी नागरिकों को भी शर्मिंदा कर दिया।

विषय तब और ज्यादा बिगड़ जाती है जब हम पाते हैं कि हादसों से जुड़े सबूत को मिटा डालने कीप्रक्रिया चल पड़े और फिर उस प्रक्रिया में शाशन की कुछ लोगों के जुड़े होने कि खबर चलने लगे। कुछ मतलबी, खुदगर्ज और हिंसा से ग्रसित लोग ही अक्सर हादसों को अंजाम दे दिया करते हैं; यह कोई नयी बात नहीं; सुर-असुर का संग्राम काफी पुराना ही मानें। हम कितना सभ्य और व्यवस्थित हो पाए होंगे इसका आकलन इसी बात से लगाया जा सकेगा जब हम उन आंकड़ों की और ध्यान देंगे जहां स्त्रियों को समाज में सुरक्षित रहने की बात कि जा सकेगी। सिर्फ इतना ही नहीं किसी भी जीव के प्रति हिंसा का प्रमाण कितना पाया जा रहा है। कई माने में अपने समाज में भी स्त्रियों को सुरक्षित रख पाना एक चुनौती मानी जा रही है।

सवाल यह भी पैदा हो रहा है जिसके अंतर्गत हम यह समझना चाहेंगे कि आखिर किस आकर्षण से विद्यार्थी चिकित्सा विज्ञान को सबसे पहली प्राथमिकता के रूप में मानने लग जाते हों और उस स्पर्धा के लिए तन, मन और धन लगा दिया करते हों; यहां तक कि जीवन का बड़ा हिस्सा उस पदवी को पाने के लिए लगा डालते होंगे जिसके पाने के बाद उन्हें यह भी लगता होगा कि उन्होंने जीवन एक बड़ा पड़ाव पार कर लिए हों ! असलियत यह है कि चिकित्सा विज्ञान को सबसे सुरक्षित रोजगार का माध्यम माना जाने लगा। खास तौर पर एक ऐसी परिस्थिति का निर्माण कर लिया गया जहां चिकित्सक को समाज में काफी सफल किरदार माना जाने लगा। उन्हें भी ऐसा लगाने लगा वे कुछ खास ही हैं, और शायद अन्य लोगों का जीवन उनके बिना बिलकुल बेकार ही है। एक और विडम्बना इस बात को लेकर बनती चली गई जब यह पाया गया कि उन्हें खास परीक्षा के जरिये ही चिकित्सा कर पाने कि पारंगति विषयक प्रमाणपत्र पाना होगा।

पैसा ही जहां रोजगार और प्रगति का पैमाना हो गया हो वहां किसी भी किरदार का घमंडी हो जाना एक स्वाभाविक सी बात ही समझें। इसी पैमाने के अंतर्गत चिकित्सक वर्ग खुद को अक्सर समाज के सामान्य जनों से खुद को अलग कर लिया करते होंगे, और उसी भावना के जरिये अन्य सामान्य जनों को स्वीकार करते होंगे। उन्हें कभी कभी जन रोष का भी सामना जरूर करना पड़ता होगा। परिस्थिति अगर विपरीत हो जाए तो उन्हें भी रोष का सामना करना ही पड़ता होगा। बीच बचाव करने के लिए सरकार बहादुर के सिपाही ही शायद उनका ही पक्ष लेकर मैदान में उतरते होंगे। अब हम उन परिस्थितियों के बारे में सोच पाएं भी या नहीं, जिस परिस्थिति के अंतर्गत मानव अंगों कि तस्करी, यहां तक मुर्दा घर से मुर्दों के गायब हो जाने लायक गंभीर विषय हमारे दृष्टिगोचर कराये जाते हों। उस परिस्थिति के बारे में सोचकर भी शायद आम जनों को डर लगता होगा।

कभी कभी ऐसा भी लगने लगता है जैसे औषधि के बिना पूरा जीवन ही बेकार हो गया ; कुछ ऐसे भी मरीज पाए जाएंगे जिनके औषधि का दैनिक खर्च भोजन के लिए होनेवाले खर्च से कहीं ज्यादा हो जाता है। कुछ लोग इस बात को लेकर शान भी जताते होंगे जैसे ज्यादा औषधि लेना शायद अमीरी की एक पहचान बन गई हो। आये दिन परिस्थितियां बदतर होती चली जा रही है। समग्र समाज दिन प्रतिदिन एक ऐसे दलदल में फंसती चली जा रही है जहां से निकल पाना कभी कभी असंभव सा ही लगाने ागता है। आये दिन नयी दवा, नए रोग और नयी व्यवस्था से हमारा सामना हो जाता है; अभी अभी समग्र दुनिया को एक विकराल परिस्थिति से काफी प्रयत्न के बाद ही मुक्त करा पाना संभव हो सका। एक और द्विविधा की बात कुछ ऐसी है जब हम यह पता करना चाहते हैं कि आखिर व्यक्ति के लिए व्यवस्था बनायी जाती होगी या फिर व्यवस्था में व्यक्ति को ढलते राणा होगा ? इस शंका का समाधान करने के लिए हमें पहले यह पता लगाना होगा कि क्या सभी नागरिक चिकित्सा सुविधा पाने कि पात्रता रख पाते हैं ? क्या उन सभी नागरिकों को सामान रूप से उत्तम चिकित्सा सुविधा मिल पाती होगी; या फिर उनमें से कईयों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता होगा। काफी दिन से यह भी शिकायत मिलती आई कि चिकित्सक अक्सर अस्पताल से बाहर रहकर मरीज देखकर अधिक पैसा कमाने में ज्यादा रूचि रखते आये हैं, न कि अस्पताल में दाखिल मरीजों उत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करते हुए पाए जाते हैं। व्यक्ति को किसी व्यवस्था के अधीन अगर छोड़ दिया जाए तो उस व्यवस्था को बिखरते हुए भी देखा जाएगा; कुछ लोग विकल्प व्यवस्था बनाने का भी प्रयास करते हुए पाए जाएंगे। हमारे लिए चिकित्सा विज्ञान का विषय आज कोई नया नहीं; और न ही हम पूरी तरह औषधि विज्ञान की गुलामी करना पसंद करना चाहेंगे। हमारी सनझ हमें ऐसा करने के लिए शायद ही अनुमति दे ! तकनीक और शल्य चिकित्सा कि अपनी ही कुछ मयार्दा रहती होगी। हम उस विधान का भी सम्मान करना चाहेंगे जिसके अंतर्गत कई मरीजों को जीवन दान मिल जाता हो। हम उस विधान को भी पनपते हुए देखना चाहेंगे जहां नयी विधि और नए प्रकल्पों को अनजाम दिया जाता होगा। पर हर विधान के पीछे एक और मयार्दा कि लकीर संदर्भित हो जायेगी जहां हम विज्ञान और प्रकल्प कि गुलामी नहीं करना चाहेंगे; बल्कि उन प्रकल्पन और विजान के अनुभवों पर एक कुशल नियंत्रण रखना होगा।

व्यक्ति को अगर किसी व्यवस्था के अधीन रहने के लिए बाध्य किया जाए तब उस स्थिति में हर व्यक्ति तक सुविधा पंहुचा पाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं; खास करके तब जब कोई भी कार्यकर्ता अपने विधायक कर्म के प्रति एक पैमाने तक समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ न हों। व्यवस्था कुछ ऐसी बने जिसके अंतर्गत आम जरूरतों को स्थानिक तौर पर पूरी किया जा सके; छोटी से छोटी जरूरतों के लिए व्यक्ति को इधर उधर भागना न पड़े। किसी भी हिंसा का दमन करने के लिए और बड़ी हिंसा का सहारा लिया जाना -- यह कोई प्रगति का विज्ञान नहीं। इसके जरिये हम कुछ खास हासिल भी नहीं कर पायेंगे और न ही जनता जनार्दन के लिए न्याय का दरवाजा खोल सकेंगे। नियम कुछ ऐसे बनें जहां हर नागरिक को कुशलता पूर्वक न्याय प्रक्रिया के साथ जोड़ी जा सके और हर मुद्दे का राजनीतिकरण न हो। किसी मुद्दे का राजनीतिकरण हो रहा है कि नहीं यह देखने के लिए बाहर से शायद कोई आये और हमें दिशा निर्देशित करे। हमें अपने विवेक से काम लेते हुए अपराध, अपराध करनेवाले तत्व और उन उपद्रवी तत्वों को शरण देनेवालों से सुरक्षित दूरी बनाकर चलना होगा ; यह भी हमें ही तय करना होगा कि हर सस्थान में अपराध दमन विषयक मुद्दों से निपटने के लिए प्रजा संकुल का एक जत्था सक्रिय रहे। सिर्फ इतना ही नहीं उस प्रजा संकुल के जत्थे को सदैव ही राजनीति से दूर रखने का प्रयास होता रहे। अपने देश में इस बात की ही विड़म्बना संदर्भित हो रही है कि हर मुद्दे का अक्सर राजनीति करन हो ही जाता है। मौजूदा परिस्थिति में भी कुछ ऐसा ही हो रहा है; इन सबसे बचते हुए नागरिक संकुल को आगे बढकर अन्य सभी नागरिकों को भी विश्वास में लेना होगा। हम यह भी नहीं मान सकते कि सबके सब राज नेताओं का विवेक पूरी तरह शून्य हो चूका है, या फिर उनके पास विवेक नाम कि चीज है ही नहीं। उन्हें भी इस बात का ज्ञान हो ही जाता है कि आखिर नुकसान किसका हो रहा है। उस नुकसान को कम करने के लिए और क्या करना चाहिए इसके लिए उनके पाने कुछ पैमाने जरूर बन जाते होंगे। मोटे तौर पर अपराध, भ्रष्टाचार, फरेब, धोखा आदि से किसे लम्बी अवधि का नुकसान झेलना पड़े इसके बारे में भी उनकी अपनी कुछ साझेदारी जरूर बनती होगी। इन सभी मुद्दों को ध्यान में रखकर भी अपने सभी नागरिक संकुल को और ज्यादा सक्रीय बनाना होगा। एक उम्र दराज माता की कथा है; उनके सुबह सुबह के नित्यक्रिया के समय अनायास ही एक मक्षी गन्दगी से उठाकर खुले मुख के जरिये सीधे खाद्य नाली के मुहाने तक जा पहुंचा और उदर मंडल में जा पहुंचा। फिर तो कहना ही क्या! जो भी खाये सीधे उलटी कर दे। कुछ भी न पचे ; और भी कई जटिलताओं का तांता लगा। इस व्याधि ने और भी कई व्याधियों को साथ लाया और फिर कन्नम्मा को कई दवाखाना की सैर करा लाया। सभी कीमती दवा पड़ा ही रहा।

# वायनाड त्रासदी में छुपा सच

डा. ओपी जोशी

केरल का वायनाड हो या उत्तराखंड का जोशीमठ, सभी ने पिछले कुछ सालों में भीषण त्रासदियों को भुगता है। विडंबना यह है कि ये त्रासदियां विकास के अंधे राजनेताओं, नीति-निमार्ताओं और बिल्डर-ठेकेदारों के कॉकस की पहल पर बाकायदा जानते-बूझते रची जा रही हैं। देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, समाजशास्त्री, कानूनविद, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट सरीखी सर्वोच्च अदालत ने भी विकास की मौजूदा हवस के खिलाफ अपनी-अपनी तरह से आवाज उठाई है, लेकिन ह्यविकास यात्राह्ण बदस्तूर जारी है। इस आलेख में इसी विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। केरल के वायनाड में 30 जुलाई की रात्रि भूस्खलन से हुई त्रासदी के बाद राज्य सरकार ने एक अगस्त को जारी एक आदेश तुरंत वापस ले लिया। आदेश में कहा गया था कि वैज्ञानिक इस त्रासदी के संदर्भ में अपनी राय सार्वजनिक नहीं करें एवं अपने तक ही सीमित रखें। साथ ही वैज्ञानिक इस बाबत कोई अध्ययन करना चाहें तो वे पहले सरकार से अनुमति लें। इस आदेश के पीछे राज्य सरकार का भय प्रतीत होता है। शायद पहले किसी वैज्ञानिक ने इस त्रासदी के बारे में कोई चेतावनी या सलाह दी होगी जिसे अनदेखा किया गया होगा। इस हरकत से सरकार कटघरे में तो आ ही जाती है। वायनाड पहाड़ी जिला है एवं पश्चिमी घाट का हिस्सा है। पश्चिमी घाट की 1400 किलोमीटर लंबी पर्वत श्रृंखला केरल समेत छह राज्यों से गुजरती है। यह यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है।


विश्व के आठ सर्वाधिक जैव-विविधता वाले स्थानों (हॉट स्पाट्स) में एक पश्चिमी घाट भी है। पश्चिमी घाट के पर्यावरण को लेकर सरकार ने पहले भारतीय विज्ञान संस्थान (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेगलुरु) में पारिस्थितिकी विज्ञान केंद्र के संस्थापक प्रोफेसर माधव गाडगिल की अध्यक्षता में ह्यपश्चिमी घाट पारिस्थितिक विशेषज्ञ पैनलह्ण (डब्ल्यूजीईईपी) गठित किया था। इस पैनल ने अगस्त 2011 तक अपनी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंप दी थी, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय ने लंबे समय तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की और न ही इसे सार्वजनिक चर्चा के लिए जारी किया। प्रोफेसर गाडगिल ने अपनी रिपोर्ट में पश्चिमी घाट के 164280 हेक्टेयर इलाके को पूरी तरह प्रतिबंधित करने के अलावा विकास के नाम पर की जाने वाली विनाशकारी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की अनुशंसा की थी। गाडगिल समिति पर लीपापोती करने की गरज से सरकार ने अगस्त 2012 में इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख प्रोफेसर के. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में एक और समिति का गठन कर दिया। यह समिति दरअसल एक उच्च स्तरीय कार्यसमूह था जिसका काम गाडगिल समिति की रिपोर्ट की समग्र और बहु विषयक तरीके से जांच करना था। इस समिति ने 60000 हेक्टेयर क्षेत्र को पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र (इकोलाजिकली सेंसिटिव जोन) बनाने का सुझाव दिया था। दोनों ही समितियों के सुझावों पर ध्यान नहीं देकर केन्द्र सरकार ने सम्बन्धित राज्य सरकारों को संवेदनशील क्षेत्रों में बड़े उद्योग एवं व्यापक खनन कार्य को छोडकर व्यावसायिक एवं विकास गतिविधियां करने की अनुशंसा की। पर्यावरण की परिस्थितियों को ध्यान में नहीं रखकर की गई गतिविधियों से इस पर्वतमाला के कई भाग उजाड़ एवं जर्जर हो गए। वायनाड के संदर्भ में पढ़ने में आया कि यहां जिस क्षेत्र में भूस्खलन हुआ, वहां कुछ वर्षों पहले बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए थे। वर्ष 2022 के एक अध्ययन में बताया गया कि वर्ष 1950 से लेकर 2020 के मध्य तक वायनाड जिले में 62 प्रतिशत वन क्षेत्र समाप्त हो गया था।

# मेहंदी, इमली, बोनसाई, कैक्टस, खजूर, नींबू और आंवले के पौधे नकारात्मक ऊर्जा देती है

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

पटना।आजकल की बयस्थ जिन्दगी में हमलोग हर वह चीज करना चाहते हैं, जिससे हमें सुकून के कुछ पल मिल सके। जबकि खुद का घर, एक ऐसी जगह है, जहां हमलोग अच्छा महसूस करते हैं। लेकिन हमलोग चाहते हैं कि हमारा घर एकदम खूबसूरत दिखे और खूबसूरत दिखने के साथ-साथ घर में सकारात्मक ऊर्जा भी रहे।

यह सही है कि घर में सकारात्मक ऊर्जा बहुत मायने रखती है। माने या ना माने घर में कुछ हरे-भरे पेड़-पौधे रहने पर घर खूबसूरत लगता है। लेकिन बहुत से ऐसे पेड़-पौधे ऐसे भी होते हैं जो घर में नकारात्मक ऊर्जा देती है तो कई पेड़-पौधे सकारात्मक ऊर्जा देती है। घर में सकारात्मक ऊर्जा देने वाली पेड़-पौधे लगाने से घर में रहने वाले लोगों को सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है और व्यक्ति की सोंच पर सकारात्मक असर पड़ता है। वहीं नकारात्मक ऊर्जा वाली पेड़-पौधे लगाने से सकारात्मक ऊर्जा को बदला देता है। इसीलिए घर में ऐसे पेड़ -पौधे लगाने चाहिए जो सकारात्मक ऊर्जा (पॉजिटिव एनर्जी) भी बनाए रखें और सेहत के लिए भी फायदेमंद हो। आजकल लोगों को घर में पेड़-पौधा लगाना उनकी पहली पसंद बनता जा रहा है। पौधे लगाने से एक तरफ हरियाली का एहसास होता है तो दूसरी तरफ पर्यावरण प्रदूषण दूर करने में सहायता का एहसान भी महसूस होता है। घर निर्माण से लेकर सजावट तक लोग वास्तु शास्त्र का सहारा ले रहे है। कई लोग अपने यहां लगाये जाने वाले पौधे और गमला रखने की दिशा तक जानकारी वास्तुविज्ञ से लेने के बाद ही पौधे लगाते हैं या गमला रखते है। लेकिन इसके बावजूद भी कुछ लोग नकारात्मक पौधे को घर में लगा लेते है जो घर के सकारात्मक ऊर्जा को नष्ट कर देता है। सर्वविदित है कि अच्छे भाग्य के लिए घर में तुलसी पौधा और



धन लक्ष्मी के लिए मनी प्लांट जैसे पौधों को तरजीह देते हैं। यह दोनों पौधा बेहद खूबसूरत तो लगता ही है साथ ही उसका धार्मिक और औषधीय महत्व भी बहुत है। घर में मेहंदी के पौधे, इमली का पौधा, बोनसाई के पौधे, बबूल का पौधा, कैक्टस के पौधे, खजूर के पौधे, नींबू और आंवले के पौधे (पेड़) कदापि नहीं लगाना चाहिए। इनमें से किसी एक ही पौधा घर में लगाने से नकारात्मक ऊर्जा का संचार घर में होने लगता है और घर में तंगहाली बढ़ना शुरू हो जाता है। घर के सदस्यों के बीच मनमुटाव, आपसी कलह, घर परिवार की तरक्की, आर्थिक तौर से कमजोर होना भी प्रभावित होती है। मेहंदी के पौधे को लोगों के घरों में लगा हुआ अक्सर देखे जाते है। लोगों की धारणा है कि इसके पत्ते को पीसकर हाथों में और बालों में लगाते है तथा औषधि के रूप में इस्तेमाल होता है इसलिए यह शुभ है, लेकिन वास्तु के अनुसार यह पौधा घर में लगाना पूरी तरह निषेध है।

बोनसाई के पौधे को आजकल घरों में लगाने का फैशन चल रहा है, क्योंकि यह पौधा देखने में खूबसूरत लगते है। लेकिन यह पौधा जिस घर में लगता है उस घर का विकास रुक जाता है। धन की क्षय होने लगता है। परिजनों से संबंध में खटास आने लगता है। भाग्य - किस्मत बिगड़ने लगता है। कहा गया है कि जिस पौधों से दूध निकलता हो उसे घर में नहीं लगाना चाहिए।

इमली का पौधा घर में लगाने से नकारात्मक ऊर्जा का संचार घर में होने लगता है। जिस तरह वास्तु शास्त्र में बोनसाई के पौधे को लगाने के लिए मना किया जाता है उसी प्रकार शास्त्र घर में इमली का पौधा लगाने को मना करता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार जिस जमीन पर इमली का पौधा लगा हो वहां पर घर नहीं बनाना चाहिए। बबूल का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर होता है और इसी गुणों के चलते लोग अपने घरों में बहुतायदाद में लगाते है, इसमें किसी तरह का कोई संदेह नहीं है, लेकिन वास्तु शास्त्र का कहना है कि बबूल का पौधा घर, परिवार, समाज में विवादों को जन्म देता है, इसलिए घर में नहीं लगाना चाहिए। जिस घर में इस पौधे को लगाया जाता है उस घर में हमेशा विवादास्पद स्थितियाँ पैदा होती है। कैक्टस के पौधे के संबंध में मान्यता है कि इस पौधे को लगाने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और घर में दुर्भाग्य शुरू हो जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर या घर के आसपास किसी भी तरह के कांटेदार पौधे लगाने से बचना चाहिए। इसलिए कैक्टस का पौधा नहीं लगाना चाहिए। खजूर के पौधे सर्दियों के दिनों में बहुतायदाद में इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि इसके फल को फल सामग्री के रूप में लोग इस्तेमाल करते है। इससे नीर भी निकाला जाता है जिसका लोग सेवन करते है।, लेकिन इसका पौधा घर में लगाने से परिवार की किस्मत खराब हो जाती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में खजूर का पेड़ लगाने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही आर्थिक तौर पर परिवार पिछड़ने लगता है। नींबू और आंवले का पेड़ प्रायः लोग अपने घर या गार्डन में लगाते है, परन्तु वास्तु शास्त्र के अनुसार इन्हें शुभ नहीं माना गया है। यदि घर या घर के बाहर नींबू या आंवले का पेड़ लगा हो तो उसे शीघ्र हटा देना चाहिए, क्योंकि इनके मौजूद रहने से घर में क्लेश बढ़ता है और तनाव की स्थिति निर्मित होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने किया निरीक्षण

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी शअमन समीर द्वारा शनिवार को अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, उप समाहर्त्ता, भूमि सुधार सदर, अंचलाधिकारी सदर एवम् कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल के साथ यातायात थाना भवन, पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए सरकारी आवास, ऊर्जा स्टेडियम, पावर सब स्टेशन तथा अन्य कार्यों के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा भूमि का चयन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए।

### घर मे घुसकर नगदी साहित समग्री की चोरी

बनियापुर । बनियापुर के कन्हौली मनोहर गाव मे अज्ञात चोरो द्वारा घर मे घुस कर नगदी साहित लाखो की समग्री चोरी कर लिया है। घटना मे पीड़िता जैतून खातून ने बताई है कि घर बंद कर सोई हुई थी,घर चोरो द्वारा घुसकर लाखो की आभूषण सहित 55 हजार नगदी चोरी कर भाग गए,। इधर आपसी विवाद मे पैगम्बरपुर गाव मे मारपीट मे महिला के साथ मारपीट कर जख्मी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना मे पीड़िता ने बताई है कि आपसी विवाद मे बगल के आमजद अली व उनके दो परिजन ने मिलकर चाकू से जख्मी कर दिया,दोनो मामले मे पुलिस अनुसन्धान मे जुटी है।

### शिक्षकों व कर्मियों ने दिया धरना

छपरा कार्यालय।जयप्रकाश स्नातकोत्तर शिक्षक संघ, जयप्रकाश विश्वविद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक संघ और बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ का संयुक्त धरना विश्वविद्यालय मुख्यालय के प्रशासनिक भवन के समक्ष सम्पन्न हुआ। यह धरना फुटाब और फुस्टाब के आह्वान पर आयोजित हुआ।वेतन तथा उच्च शिक्षण संस्थाओं की स्वायत्तता एवं गरिमा को संरक्षित करने के लिए धरने के इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में समवेत रूप से सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने वेतन एवं पेंशन के भुगतान में हो रही अनियमितता पर आक्रोश प्रकट किया। शिक्षकों के लंबित प्रमोशन की प्रक्रिया को शुरू किया जाए और शीघ्र इसे पूरा किया जाए । इसके अलावा शिक्षकों ने इस बात पर भी नाराजगी प्रकट की कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं कक्ष वीक्षण के लिए तय पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है। इसका भुगतान यथाशीघ्र होना चाहिए तथा विभागों के संचालन के लिए वित्त की व्यवस्था की जाए। परीक्षा और अन्य कार्य हेतु शिक्षकों के बिलों का यथा समय समायोजन किया जाना चाहिए। धरने की इस कार्यक्रम में डॉ एच के वर्मा, डॉ कामेश्वर सिंह, डॉ मृदुल शरण,डॉ अनिल सिंह, डॉ सिद्धार्थ शंकर, डॉ रबीन्द्र सिंह, डॉ पूनम सिंह, शिला नाथ सिंह डॉ व्रज किशोर सिंह, डॉ विकास कुमार चौहान डॉ पृथ्वी राज सिंह डॉ शमी अहमद ने अपने विचार रखे। बैठक में डॉ दिबांशु कुमार, डॉ राम ध्यान राय,डॉ गजेंद्र कुमार,डॉ वैद्यनाथ मिश्र डॉ अजय कुमार डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ अच्युतानंद सिंह, डॉ संजय कुमार पाठक,डॉ उषा कुमारी डॉ उदय अरविंद, डॉ मुर्शीद आलम,डॉ सय्यद रजा डॉ सुधीर कुमार सिंह डॉ उदय शंकर ओझा,डॉ रामनाथ प्रसाद डॉ रितेश्वरनाथ तिवारी, डॉ आशा रानी, डॉ मजहर किब्रिया, डॉ राजेश नायक, डॉ नीरज सिंह, डॉ चंदन कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### क्षेत्र में खुशी की लहर,किया नाम रौशन

एकमा । प्रखंड के हरिहरपुर परसागढ़ निवासी शिक्षाविद एवं समाजसेवी प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार प्रियदर्शी के छोटे भाई और पूर्व प्रत्याशी जिला परिषद एकमा भाग 3 के नीतू किरण के देवर समीर सौरभ का चयन उप निदेशक पद पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार में हुआ है उनका चयन संघ लोक आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा द्वारा हुआ है उनके सफलता की खबर सुनकर पूरे गांव के साथ-साथ पूरे एकमा प्रखंड इलाके में खुशी की लहर व्याप्त है समीर सौरभ के इस सफलता के लिए बड़े पिता श्री कृष्ण कुमार बड़े भाई प्रोफेसर डॉक्टर उपेंद्र कुमार सिंह के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्य गण और सगे संबंधियों मैं खुशी व्याप्त है मालूम हो कि समीर सौरभ की पत्नी भी भारतीय स्टेट बैंक में मुख्य प्रबंधक के रूप में कार्यरत है

### सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार एक वृद्ध व्यक्ति हुआ घायल

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के धरहरा मठिया के निकट साइकिल सवार एक बृद्ध ब्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर फरार हो गया।घायल ब्यक्ति खून से लतफ्ट होकर सड़क पर पड़े हुए थे।गांव के लोगो ने उठाकर सामुदायिक अस्पताल पहुँचाया जहां डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार किया। घायल ब्यक्ति स्थानीय थाना क्षेत्र के धरहरा गांव केदारनाथ शर्मा 55 वर्ष बताया जाता है।ये भूमि के सर्वे को लेकर साइकिल से वंशावली बनवाने अमनौर आ रहे थे। इस दौरान किसी वाहन ने ठोकर मारकर फरार हो गए.

# 04 सितंबर को बच्चों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर जिलाधिकारी करेंगे कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत

- स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक
- छूटे हुए बच्चों के लिए11 सितंबर को मॉप-अप दिवस पर पुनः खिलाई जाएगी दवा
- 19 वर्ष तक के 31 लाख 75 हजार 456 बच्चे खाएंगे एल्बेण्डाजोल की दवा



प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। 4 सितंबर को मोतिहारी शहर के जीवन इंटरनेशनल स्कूल सिंघिया हिबन, बाईपास, बंजरिया के बच्चों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल करेंगे कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत।इसको लेकर जिलाधिकारी ने समाहरणालय कक्ष में स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीसीएम नन्दन झा ने उन्हें कृमि मुक्ति दिवस के विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि हर हाल में इस बात का ध्यान दें कि बच्चा पूरी तरह स्वस्थ्य हो, खाली पेट दवा न खिलाए। लाइन लिस्टिंग के अनुसार शिक्षकों व आशा के समक्ष ही दवा का सेवन कराएं। डीसीएम नंदन झा ने बताया कि 4 सितंबर दिन बुधवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों, आँगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाते हुए जिले के 31 लाख 75 हजार 456 बच्चों को एल्बेण्डाजोल दवा खिलाई जाएगी। जिले के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सरकारी/ गैर सरकारी स्कूल के 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को अल्बेडाजोल की दवा निर्धारित उम्र के अनुसार खिलाइ जाएगी। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि दवा से छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस का आयोजन 11 सितंबर 2024 को किया जाएगा। अल्बेडाजोल की गोली का सेवन तलिकानुसार ही होना चाहिए।

**प्रतिकूल घटना प्रबंधन से घबराए नहीं:**

डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि आशा, सेविका के सामने दवा खिलाइ जाएगी। दवा देने पर कुछ बच्चों में जी मिचलाना, उल्टी, दस्त और कमजोरी जैसे कुछ साइड इफेक्ट्स का अनुभव हो सकता है। इन्हें आसानी से संभाला जा सकता है। प्रतिकूल घटना होने पर बच्चों को खुली छायादार जगह में लिटाकर आराम करवाएं और पीने का साफ पानी दें, एल्बेंडाजॉल चबा के खाने वाली गोली है। ठीक से या बिना चबाये खाने से यह गोली गले में अटक सकती है। बच्चे के लगातार असहज महसूस करने पर माता-पिता या अभिवावक द्वारा किसी भी चिकित्सकीय सहायता के लिए एएनएम या आशा को फोन करना चाहिए। किसी भी चिकित्सकीय सहायता / परामर्श के लिए आशा/ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/एएनएम अपना मोबाइल नंबर प्रदान करें, और सुनिश्चित करें कि माता-पिता के पास निकटतम पीएचसी / प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का भी नंबर रखें। उन्होंने बताया कि रैपिड रिसपोन्स / टीम घटना प्रबंधन के लिए तैयार रहेगी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा, जिला सूचना जनसम्पर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, डीसीएम नन्दन झा, डैम अभिजीत भूषण, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जीवन सिन्हा, पीएसआई के डीसी अमित कुमार, सिफार डीसी सिद्धांत कुमार, एनडीडी कोर्डिनेटर अभिजीत अनमोल व अन्य लोग उपस्थित थे।

### जन वितरण प्रणाली केंद्र का एसडीएम ने की औचक निरीक्षण

रक्सौल। स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी आईएएस शिवाक्षी दीक्षित द्वारा आदापुर प्रखंड अंतर्गत दुबहा पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के राशन वितरण का औचक निरीक्षण किया गया। कलवारी दुबाहा के जन वितरण प्रणाली विक्रेता वीरेंद्र प्रसाद द्वारा पास मशीन की सुरक्षा में घोर लापरवाही पाई गई तथा स्टॉक भौतिक सत्यापन के क्रम में कम पाया गया। उनके द्वारा लाभुकों के बीच वितरण ससमय नही किया गया। प्राथमिकी दर्ज करते हुए उनकी अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई है। अन्य सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता का स्टॉक भौतिक सत्यापन के क्रम में सही पाया गया तथा लाभुक संतुष्ट पाए गए। साथ ही सभी विक्रेताओं को ई-केवाईसी शत प्रतिशत कराने का दिशा निर्देश दिया गया।


# बाल सखा सह सखी वार्ता का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।को करियर काउंसलिंग सप्ताह के अंतर्गत सारण अकैडमी प्लस टू उच्च विद्यालय छपरा सदर में बाल सभा सह सखी वार्ता का आयोजन जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ सारण एवं महिला पुलिस हेल्प डेस्क सारण के संयुक्त तत्वावधान में किया गया इस कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक निभा कुमारी के द्वारा बच्चियों को स्किल डेवलपमेंट के संबंध में महिला विकास निगम के द्वारा चलाए जा रहे हैं बहुत से स्किल सेंटर्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई स्किल डेवलपमेंट वर्तमान समय में बच्चियों के लिए एवं महिलाओं के लिए अत्यंत ही आवश्यक है स्किल डेवलपमेंट सेंटर से जुड़कर बच्चियों अपने आप को अत्यंत की सशक्त बना सकती हैं तथा अपने पैरों पर खड़ा होने का सपना पूरा कर सकते हैं उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत चलाए जाने वाले कौशल विकास केंद्र के संबंध में सभी बच्चियों को जानकारी दी गई तथा कहा गया कि अगर वे किसी भी तरह का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहती हैं तो वह जिला हब एंपावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं तथा इसका लाभ उठा सकती हैं केंद्र प्रशासक मधुबाला के द्वारा इस कार्यक्रम में बच्चियों को अच्छे एवं बुरे स्पर्श 181 , सेंटर में मिलने वाली अन्य सुविधाओं इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी लैंगिक विशेषज्ञ ऋषिकेश कुमार सिंह के द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं महिलाओं एवं बच्चियों के लिए चलाई जा रहे हैं यथा प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना साइकिल योजना पोशाक योजना लक्ष्मीबाई पेंशन योजना इंदिरा आवास योजना वृद्धा पेंशन योजना स्पॉन्सरशिप स्पॉन्सरशिप प्रोग्राम इन सभी के बारे में विस्तृत रूप से बच्चियों को बताया बताया फेस का फ्यूचर इंडिया के अध्यक्ष मंटू कुमार यादव ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा अपने विचार बच्चियों के समक्ष रखें उक्त कार्यक्रम मे सारण एकेडमी प्लस +2 उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे साथ ही कंचन वाला का इसमें विशेष रूप से सहयोग रहा

# छताचौक हॉस्पिटल रोड पर भालू ने डाला डेरा तेंदुए की भी हो रही है चहलकदमी

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। नसीम खान क्या इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित वाल्मीकिनगर के छाता चौक पर उस समय अफरातफरी मच गई जब भालुओं के झुंड से बिछड़ा भालू वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जंगल से निकलकर लोगों के बीच पहुंच गया। भालू चहलकदमी करता हुआ चाय की दुकान के तरफ बढ़ने लगा ।जिससे लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। दरअसल ई टाइप कॉलोनी, हॉस्पिटल रोड कॉलोनी,जंगल कैम्प और गोल चौक समेत गेस्ट हाउस से सड़क आकर छाता चौक पर मिलता है। छाता चौक के समीप जलसंसाधन विभाग का कार्यालय और एसबीआई बैंक है। इसके अलावा ठीक बगल में नदी घाटी उच्च 10 + 2 सरकारी विद्यालय और पोस्ट ऑफिस भी है। नतीजतन इस छाता चौक पर स्थित एक चाय की दुकान पर हमेशा भीड़ रहती है। चाय पीने वाले सुबह से शाम तक यहां जमा रहते हैं। ऐसे में जब भालू चहलकदमी करता हुआ छाता चौक पर पहुंचा तो लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान भालू के पीछे पहले एक गाय बढ़ी लेकिन जब तक गाय उसके नजदीक पहुंचती तब तक एक कुत्ता भालू के पीछे पड़ गया। कुत्ते को भौंकता देख भालू बार बार उस पर पंजे से हमला करने के फिराक में था। लेकिन कुत्ता भौंकते हुए ही दूर भाग जा रहा था। जिसके बाद भालू जल संसाधन विभाग के कार्यालय परिसर से होते हुए जंगल में घुस गया। बताते चलें कि छताचौक से ई टाईप हॉस्पिटल रोड के बीच मनोविनोद स्थल के सामने तेंदुए ने डेरा डाला हुआ है। शाम के समय कॉलोनी की एक समूह में महिलाएं इवनिंग वॉक पर थी तभी सड़क किनारे पेड़ से जमीन पर तेंदुए ने छलांग लगा दी,ऐसा देख महिलाओं में चीख पुकार मच गई।लेकिन तेंदुआ बिना कोई नुकसान पहुंचाए वीटीआर के जंगल में चला गया। बतादें की ठीक इसी जगह पर दो दिन पूर्व एक तेंदुए ने चार लोगों पर हमला किया था जिसमे एक स्वास्थकर्मी घायल हो गया था।

# हथियार के साथ गांजा तस्कर लाईनर को एसएसबी 71 वीं बटालियन ने किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा से मादक पदार्थों की तस्करी कभी भी रुकने का नाम नहीं लेती, कभी-कभार तस्कर और मादक पदार्थ सुरक्षा एजेंसियों के हत्थे लग जाते हैं, तो ये उपलब्धि हो जाती है। इसी कड़ी में गांजा तस्करी का लाइन दे रहे एक हथियारबंद लाइनर को एसएसबी 71वी बटालियन ने भारतीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। लाइनर को करीब 11 बजे रात्रि को पकड़ा गया। इसके पास से एसएसबी ने एक देशी कट्टा और 315 बोर के तीन जिंदा कारतूस बरामद किया। जिसकी जानकारी देते हुए एसएसबी सेनानायक प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी और झरौखर पुलिस के संयुक्त छापेमारी किया और गांजा तस्करों के लाइनर को भारत नेपाल पिलर संख्या 356/4 पीठवा गांव के पास देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। यह अपराधी नेपाल से गांजा लेकर भारत की ओर आने के लिए लाइनर का काम कर रहा था। एसएसबी को पता चला कि नेपाल से भारी मात्रा में गांजा की खेप आने वाली है। गांजा तस्करों के आने के पहले यह लाइनर निकला था। इसका काम तस्करों को रास्ते मे चेकिंग व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देना था, लेकिन मुस्तैद जवानों ने पहले ही पकड़ लिया। पकड़े गए तस्कर की पहचान नेपाल रौतहट जिला बंकूल जनपद थाना अंतर्गत बंकूल गांव निवासी मुसाफिर यादव का पुत्र सिकंदर यादव के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान इसने अपने आप को गांजा तस्करों के लाइनर बताया। लाइनर के द्वारा हरा सिग्नल मिलने के बाद ही नेपाल से गांजा या अन्य पदार्थ को कैरियर के माध्यम से भेजा जाता है। उक्त लाइनर को एसएसबी ने जब्ती सूची बनाकर झरौखर थाना में आवश्यक करवाई हेतु सौप दिया है।

# जिलाधिकारी अमन समीर ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधा लगाकर पोषण माह का आगाज किया

- पर्यावरण संरक्षण के साथ- साथ पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका मुख्य उद्देश्यः
- एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जिलेवासियों से किया गया अपील: जिलाधिकारी
- स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में पौधा रोपण कार्यक्रम एक सकारात्मक कदमः डीपीओ

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ-साथ पोषण से संबंधित जागरूकता को भी बढ़ाना है। क्योंकि पेड़- पौधे हम लोगों की ज़िंदगी के लिए जितना आवश्यक है उतना ही पोषण भी जीवन के लिए आवश्यक हैं और इनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। उक्त बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने समाहरणालय परिसर में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से पौधा लगाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करने के दौरान कही। जिलाधिकारी अमन समीर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में पेड़- पौधों का विशेष महत्व है, और ह्यएक पेड़ मां के नामह्न कार्यक्रम के माध्यम से हम पर्यावरण की रक्षा के साथ- साथ पोषण के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण माह के दौरान लोगों को संतुलित आहार और सही जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक करना है। पोषण माह का आयोजन हर साल सितंबर महीने में होता है और इसका लक्ष्य लोगों को पोषण के महत्व से अवगत कराना है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बताया कि सही पोषण से बच्चों की सेहत में सुधार होता है और यह उनके विकास में सहायक होता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर पोषण संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन करना आवश्यक है ताकि लोगों को सही जानकारी मिल सके और सभी लोग स्वस्थ जीवन जी सकें। कार्यक्रम में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बच्चों और युवाओं के पोषण पर जोर दिया गया।

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जिलेवासियों से किया गया अपीलः जिलाधिकारी जिलाधिकारी ने बताया कि इस माह के दौरान कई प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिनमें स्वास्थ्य जांच, पौष्टिक भोजन की जानकारी और भोजन वितरण कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विद्यालयों में विशेष रूप से स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित सेमिनार और कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जिलेवासियों से अपील करते हुए किया गया है कि आप सभी अपने घरों के आसपास पौधे लगाएं और अनिवार्य रूप से उनकी देखभाल करें। जिलाधिकारी ने इस पहल को न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया बल्कि इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला भी कहा। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि वे मिट्टी के कटाव को रोकने, जलवायु को नियंत्रित करने और बायोडायवर्सिटी को संरक्षित करने में भी सहायक होते हैं। आईसीडीएस द्वारा सितंबर महीने में पोषण माह का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में तरह - तरह के कार्यक्रम का अयोजन किया जाएगा।

स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में पौधा रोपण कार्यक्रम एक सकारात्मक कदमः डीपीओ

आईसीडीएस की डीपीओ कुमारी अनुपमा ने बताया कि आज से राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत परिसर में पौधा लगाकर पोषण माह का शुभारंभ किया गया है। साथ ही जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई कि आप सभी अपने घरों के आसपास एक पेड़ जरूर लगाएं। ताकि पर्यावरण को संतुलित रखने में सहूलियत हो। पोषण माह के दौरान आईसीडीएस से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा गया है कि कार्यक्रम आयोजित करने से पहले पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से पौधा रोपण किया जाए। आयोजित यह कार्यक्रम न केवल पौधरोपण के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि पोषण और स्वास्थ्य के प्रति समाज को सजग बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पहल के माध्यम से प्रखंड में स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया गया है। पौधरोपण के महत्व और स्वास्थ्य, पोषण के मुद्दों को लेकर व्यापक रूप से की गई चर्चा। इस अवसर पर सारण के जिलाधिकारी अमन समीर के अलावा आईसीडीएस की डीपीओ कुमारी अनुपमा और राष्ट्रीय पोषण अभियान के जिला समन्वयक सिद्धार्थ सिंह, जिला परियोजना सहायक अरविंद कुमार सिंह सहित कई सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित रही।

# विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता



एकमा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में स्थानीय मिलन विवाह भवन के प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर प्रखंड के सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे इस दौरान पानापुर मांझी बनियापुर जलालपुर सहित सिवान जिले के हसनपुरा के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक अरुण कुमार सिंह ने किया तथा मंच का संचालन शिक्षक रामनरेश सिंह ने किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत शिक्षिका अंजना मिश्रा व सोनम मिश्रा के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुई। तथा स्वागत गीत शिक्षक रामेश्वर गोप के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी एवं पति रमाशंकर पांडेय को फूल माला पहनकर अंग वस्त्र व बुकें देकर स्वागत किया गया। बारी-बारी से अन्य शिक्षिकाओं ने उपस्थित शिक्षा पदाधिकारीयों को भी अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने सेवानिवृत्ति प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की गई विदाई सम्मान समारोह में काफी संख्या में शिक्षकों के साथ-साथ प्रखंड शिक्षा कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे।

सभी ने बारी-बारी से सेवानिवृत शिक्षा पदाधिकारी को उपहार स्वरूप कुछ ना कुछ अवश्य प्रदान किया गया ।सेवानिवृत्ति शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जिस दिन नौकरी मिलती है उसी दिन यह तय हो जाता है कि निर्धारित तिथि को आप सेवानिवृत हो जाएंगे । लेकिन आप किस तरीके से काम करते हैं कितनी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते हैं यह आपके ऊपर निर्भर करता है। इतने दिनों के कार्यकाल में किसी तरह का कोई दाग भी नहीं लगा और हमने सबको सम्मान दिया । उसी वजह से आज इतने भव्य तरीके से हमारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इसके लिए हम एकमा के तमाम शिक्षक कर्मचारी और आम जनों को हृदय से आभारी हूं । मौके पर शिक्षक नेता दिनेश सिंह समरेंद्र बहादुर सिंह को सिंह को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक मनजीत तिवारी विकास सिंह शाही जी मंटू सिंह उपेंद्र यादव राजेश कुमार भाग 2 के बीईओ योगेन्द्र बैठा दीक्षा कुमारी कमल सेंगर आदि काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

### बनियापुर मदरसा मे उर्से आला हजरत का भव्य आयोजन किया गया

बनियापुर । बनियापुर दारुल उलूम रिजविया मिस्बाहुल इस्लाम एजुकेशनल ट्रस्ट नियामत टोला सारण के प्रांगण में हजरत मौलाना शाकीर अहमद प्रिंसिपल सहाब की अध्यक्षता मे आला हजरत इमाम अहमद रजा खान रजीअललाहो अंह बरेली शरीफ के 106 वां उर्स पाक का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम 12:00 बजे दिन से शुरू होकर 02:38 मिनट पर कुल शरीफ पर खत्म हुआ, जिसमें मदरसा के छात्रों ने नात व मन्कबत पेश करने की सआदत हासिल की और हाफिज कलीम अशरफ ने हुजूर आला हजरत की शान में बेहतरीन अंदाज में मन्कबत पेश किया आखिर में मदरसा के प्रिंसपल हजरत मौलाना शकील अहमद ने बताया कि आला हजरत वह है जिन्होंने सारे 8 घंटे में बुखार की हालत में 71 आयात 31 अहादीस 141 किताबों के हेवाला के साथ 1 किताब लिखकर कौम को दिया जिनके पास इल्म का एक समंदर था आला हजरत की शान हम जैसों से क्या बयान हो सकती है तत्पश्चात सलातों व सलाम और कुल शरीफ के बाद इस प्रोग्राम का ईखतताम किया। इसमें काफी लोग शामिल हुए। वही मदरसा के सदर असगर अली साहब साहित दर्जनों मौके पर मौजूद रहे ।

### वीटीआर के वन संपदा पर आधारित बेंत और फर्नीचर के कारखाने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहे संचालित

बगहा। नसीम खान क्या इंडो नेपाल सीमावर्ती नेपाल स्थित क्षेत्रों में भारतीय क्षेत्र स्थित वन संपदा पर आधारित कई कारखाने फलफूल रहे हैं।बेंत और लकड़ी से बनने वाले फर्नीचर के कारखाने इन मे प्रमुख है। बतादें की इंडो नेपाल के इस सीमावर्ती क्षेत्र में दोनों देशों को नारायणी गंडक नदी विभाजित करते हुए बहती है। इस तरफ भारतीय क्षेत्र है तो नदी के दूसरी तरफ नेपाल का क्षेत्र पड़ता है । गंडक नदी के किनारे बसने वाले गांव कुख्यात रतनगंज, रामनगर, नरसई, मरचहवा, पत्थर कलां, कुड़िया, रानीनगर, बनकटी आदि गांव सुस्ता गावीस वार्ड नम्बर 7 में पड़ता है। इन इलाकों में एक बहुत बड़ी आबादी बसती है। इस क्षेत्र में जंगल नहीं है इसके बावजूद एक दर्जन से ऊपर चिरान मशीने,बेंत व लकड़ी से निर्मित होने वाले फर्नीचर के कारखाने धरल्ले से चल रहे हैं। ये सभी कारखाने लघु उधोग का रूप ले चुके हैं। जो भारतीय क्षेत्र स्थित जंगल से पेड़ो का पातन कर नदी के रास्ते नाव के सहारे तस्करी कर ले जाया जाता है। जिसमे, खैर, पानन, सकसाल, सखुआ, गमहार और बाघो का आशियाना बेंत आदि बेशकीमती लकड़ियां के पेड़ों की कटाई कर तस्करी की जाती है। हांलाकि वनकर्मियों की गश्ती टीम बराबर गश्त लगाते रहती है । बतातें चले कि चुलभट्ठा के जंगलों में इन अंतर्राष्ट्रीय तस्करों से वनकर्मियों की टीम से मुठभेड़ भी होते रहे है। इसके बावजूद विवादित सुस्ता, ठाढ़ी और चुलभट्ठा के जंगल पेड़ों से खाली हो गए है। हालांकि बाढ़ के समय नदी में ज्यादा करेंट रहने से स्वतः तस्करी पर लगाम लग जाता है। लेकिन बरसात के थमते ही तस्कर पुनः वीटीआर के जंगलों से तस्करी की फिराक में लग जाते हैं। ये अंतर्राष्ट्रीय तस्कर हथियारों से लैस होते है। दो से तीन वर्ष पूर्व चुलभट्ठा के जंगल मे वन कर्मियों के साथ रात्रि पहर में गोलीबारी की घटना हुई थी। निहत्थे वन कर्मियों ने उन हथियारों से लैस तस्करों का डटकर मुकाबला भी किया था। सुबह घटना स्थल से लकड़ी ढोने के ठेला गाड़ी, लकड़ी काटने के औजार बरामद किए गए थे। नेपाल सूत्रों की माने तो बेतों और लकड़ियों से बने फर्नीचर नारायण घाट, बुटवल, बर्दघाट, काठमांडू, बीरगंज आदि बड़े शहरों के शोरूम को सप्लाई किया जाता है।

## चयन शिविर का आयोजन कुलपति ने किया शुभारंभ


छपरा सदर। राष्ट्रीय सेवा योजना, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कई महाविद्यालय के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार वाजपेई ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। परेड का परीक्षण इंडियन आर्मी के हवलदार मोहम्मद अरशद एवं सुरेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष बिहार कुश्ती संघ के द्वारा किया गया। प्रतिभागियों के सांस्कृतिक गतिविधियों का मूल्यांकन डॉ. कुमारी किरण अध्यक्ष संगीत विभाग एल एम वी हाफिजपुर के द्वारा किया गया। चयन शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हरिश्चंद्र के द्वारा किया गया। चयन सिविल में कुलानुशासक प्रोफेसर विश्वामित्र पांडेय,प्रोफेसर राजेश नायक,स्पोर्ट्स डायरेक्टर राष्ट्रीय सेवा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार पंकज एवं नवलेश कुमार पीजी यूनिट के दिवांशु कुमार,डॉक्टर विनय मोहन , अन्य उपस्थित रहे।चयन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश नायक डायरेक्टर स्पोर्ट्स ने कहा कि चयन की प्रक्रिया बहुत ही पारदर्शी तरीके से की गई।प्रोफेसर हरिश्चंद्र समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ने बताया कि शनिवार को 8 छात्रा वालंटियर एवं 8 छात्र वालंटियर का चयन किया गया।इस अवसर पर राजेश पांडेय, सहायक,डॉ .प्रमोद कुमार ,एनएसएस सेल के कार्यालय प्रभारी डॉ.धनंजय कुमार सिंह,विवेक कुमार ,विजय कुमार आदि मौजूद थे।

## नगरा प्रखंडस्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की हुई बैठक



नगरा। प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई.जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अमरपति देवी ने की.बैठक में मौजूद समिति के सदस्यों से निगरानी समिति के दायित्व व कार्यों के बारे में बताया गया. उर्वरक से संबंधित उर्वरक के विक्रेताओं के प्रतिष्ठान पर निर्धारित मूल्य पर उर्वरक विक्रय से लेकर प्रखंड में उर्वरक का आवंटन बढ़ाने सहित पर चर्चा की गई.वहीं नगरा बीडीओ अनुभव कुमार ,प्रखंड कृषि समन्वयक सुनील सिंह से लेकर तमाम अधिकारी व पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की कमी नहीं होना चाहिए,लेकिन उर्वरक की कालाबाजारी भी नही होनी चाहिए.वरना शिकायत मिलने पर जांच कर करवाई की जाएगी. इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र चौरसिया ,अरशद अयूब अंसारी ,कृष्णा राय , उदय सिंह ,अरबिंद कुमार सिंह ,कामेश्वर राय ,आलोक चौबे ,मनोज कुमार सिंह ,विनोद चौरसिया ,सोनू आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मटका फोड़ प्रतियोगिता में बजरहियां के गोविंदाओं ने मारी बाजी



इसुआपुर, एक संवाददाता। प्रखंड के बजरहियां गांव के काली स्थान परिसर में शुक्रवार की रात जय माता दी पूजा समिति के सौजन्य से कृष्ण जन्माष्टमी के पांचवें दिन मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा की अध्यक्षता तथा राकेश बाबा के संचालन में प्रतियोगिता में पांच गोविंदाओं की टीम ने भाग लिया। जिसमें जैथर, कतालपुर,चहपुरा, जैथर जहरी टोला, तथा बजरियां गांवों के गोविंदाओं की टीम में भाग लिया। चौथे राउंड में बजरहियां के गोविंदाओं की टीम ने मटका फोड़ जीत दर्ज किया। जहां हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। मटका 30 फीट ऊंचाई पर लटकाया गया था। विजेता टीम को समिति के मुख्य सदस्य विनोद सिंह व शत्रुघ्न सिंह के द्वारा कप तथा 5100 रू नकद देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं उप विजेता टीम को भी 500 रू देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर समिति के सदस्यों कुंदन सिंह, चंद्रशेखर सिंह, समीर सिंह, विजय राय, महेंद्र, रोहित, पप्पू सिंह, चंदन, जुगनू शर्मा, मनोज सिंह, सोनू महतो समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मढ़ौरा और शिवगंज फीडर में आज 9 बजे से 6 बजे शाम तक विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप

मढ़ौरा। राजकीय पॉलिटेक्निक में नए डेडीकेटेड फीडर के निर्माण के कारण आज रविवार को मरहौरा टाउन फीडर के कुछ भाग एवं शिवगंज फीडर में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6बजे तक बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता अभय मौर्य ने बताया की मढ़ौरा के राजकीय पॉलिटेक्निक में डेडीकेटेड फीडर का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए आवश्यक पोल गाड़े जा चुके हैं और रविवार को पोल पर तार लगाया जाएगा। इस कारण से मढ़ौरा टाउन फीडर के कुछ भाग और शिवगंज फीडर पूर्ण रूप से सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा की बिजली संबंधी काम सुबह 9 बजे से पहले निपटा लें। आपको बता दें कि मढ़ौरा टाउन फिडर से अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, व्यवहार न्यायालय की बिजली बाधित रहेगी हालांकि रविवार होने के कारण कार्यालय बंद रहेंगे और इसका विशेष असर कार्यायलयों पर नहीं पड़ेगा। मढ़ौरा बाजार में अन्य दिनों के भांति सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल रहेगी।

## महिला सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

बनियापुट। बनियापुर के उमा पांडेय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरपुर में विद्यालय के बच्चियों के बीच महिला सिपाही की उपस्थिति में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बिहार पुलिस में महिलाओं को लेकर चलाए जा रहे अभियान से उन्हें अवगत कराया।महिलाओं के लिए प्रत्येक थाना में महिला हेल्पडेक,डायल 112 के द्वारा महिलाओं के यात्रा के दौरान नियमित अंतराल पर सुरक्षा का जायजा जैसे महत्वपूर्ण अभियान के बारे समझाया गया कि कैसे वो लोग इसका इस्तेमाल करेंगे।कुछ दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक महोदय सारण के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अभिभावकों को महिला सुरक्षा के संबंध में दिए संदेशों से रूबरू कराया गया।सभी छात्राओं के द्वारा आस पास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया गया।इस दौरान उनका मनोबल बनाए रखने के लिए क्विज का आयोजन कर उन्हे पुरस्कृत भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एक पेड़ मां के नाम पर नीम का पेड़ लगाकर किया गया



आरा।एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस भोजपुर के द्वारा स्थानीय कृषि भवन के कैंपस में एक नीम का पेड़ लगाकर किया गया यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पोषण माह के दौरान एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत पौधारोपण गतिविधियां करनी थी यह कार्यक्रम जिला परियोजना एवं आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन कर पोषण माह 2024 का शुभारंभ भी है इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक एवं जिला परियोजना सहायक एन एन एम, जिला मिशन समन्वयक एवं जिला सांख्यिकी सहायक उपस्थित थे।

### शराब सेवन में एक गिरफ्तार

नसरीगंज(रोहतास) : पुलिस ने शराब सेवन में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरांव निवासी बृंदा कहार के पुत्र पुजू कहार को शराब सेवन के मामले में गांव से ही गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कछवां थानाध्यक्ष की देखरेख में चला वाहन जांच अभियान, वसूला जुर्माना

काराकाट(रोहतास) : कछवां थाना मोड़ पर स्वयं थानाध्यक्ष मितेश कुमार वाहन जांच करते हुए नजर आये । उन्होंने कहा कि वाहन जांच वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर चलाया गया । जिसमें स्थानीय थाना की पुलिस पदाधिकारी शालू कुमारी व पुलिस बल के जवान वाहन जांच स्थल पर मौजूद रहे । श्री कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान शराब माफिया पर नकेल कसने,क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध पर नकेल कसने,सीट बेल्ट,हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस ,ऑनर -बुक,गाड़ी का डिक्की सहित अन्य विंदुओं पर बारीकी से जांच की गई ।उक्त क्रम में वाहन जांच दौरान 10 हजार रुपये का ऑनलाइन जुर्माना वसूला गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा ।

### श्रम विभाग का लगाया गया शिविर

तिलौथू(रोहतास) ।प्रखण्ड तिलौथू के ग्राम पंचायत सरैया में श्रम विभाग से संबंधित जागरूकता हेतु शिविर पंचायत भवन पर लगाया गया जिसमें श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गौतम कुमार ने ई श्रम कार्ड लेबर कार्ड से होने वाले लाभ को बिस्तार से बताया श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है इसी लिए शिविर लगा कर लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसी कड़ी में आज सरैया पंचायत के ग्राम रकीयान बिगहा में भी चौपाल लगाया गया इस अवसर पर उप मुखिया अमित कुमार गुप्ता ने योग्य लभुकों को लेबर कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया और लेबर कार्ड से मिलने वाले विभिन्न अनुदानों के बारे में बिस्तार से बताया जिसमें वार्ड सदश्य उपेंद्र पासवान राजू ठाकुर रामनाथ सिंह महेंद्र सिंह कन्हैया सिंह बलि सिंह हृदयानंद कुमार राजेश कुमार सिंह विजय सिंह मुरारी शाह अमरजीत कुमार मनोज पंकज दीपक सोनी सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित रहे ।

### लालदेव सिंह की चौथी पुण्य तिथि मनाई गई

करपी। सहदेव प्रसाद यादव महाविद्यालय परिसर करपी मे स्व० लालदेव सिंह संस्थापक सचिव की चौथी पुण्य तिथि मनाई गई। विभिन्न वक्ताओ ने इनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व विशेष रूप से प्रकाश डाले। वैजनाथ सिंह सेवा निशत पदाधिकारी भगवान सिंह ,मिथिलेश गर्मा, प्रधानाचार्य शैलेन्द्र शर्मा आदि लोगों ने विचार दिये। पढ़ाई एवं लड़ाई दो तुकबंदी शब्दो में पर चर्चा करते हुये कहा गया कि तीन अक्षरो से दोनो बना शब्द में पढ़ाई की क्या महता है।

### पीएमईजीपी व पीएमएफएमइ योजना ऋण वितरण शिविर का आयोजन

सासाराम (रोहतास) उद्योग विभाग के आदेश के आलोक में 31अगस्त शनिवार को पूरे राज्य में पीएमईजीपी तथा पीएमएफएमइ योजना के ऋण वितरण शिविर का आयोजन हुआ। इसी क्रम में रोहतास जिला में डीआरडीए, सभागार में शिविर लगाई गई। जिसमें जिले में विभिन्न बैंकों द्वारा पीएमईजीपी तथा पीएमएफएमइ योजना में कुल 32 लाभुकों को ऋण की स्वीकृति पत्र जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दी गई। शिविर में उप विकास आयुक्त, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, पटना से आए सहायक उद्योग निदेशक आशीष कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के साथ जिला के सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय के स्वायत्तता में अनावश्यक हस्तक्षेप के विरोध में प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुटाब) एवं बिहार विश्वविद्यालय (सेवा) शिक्षक महासंघ (फुस्टाब) के आह्वान पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, आरा के बैनर तले मुख्यालय के सभी महाविद्यालय के शिक्षकों ने महाराजा महाविद्यालय परिसर, आरा में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा बजट अनुबंध के वेतन एवं पेंशन की राशि विमुक्त न करने व विश्वविद्यालय के स्वायत्तता में अनावश्यक हस्तक्षेप के विरोध में प्रदर्शन किया एवं प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपा।

उक्त ज्ञापन को कुलाधिपति, मुख्यमंत्री एवम शिक्षामंत्री को भी भेजा गया। प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपते समय शिक्षकेतर कर्मचारी संघ ने भी शिक्षक संघ की मांग से सहमति जताते हुए साथ में सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।

आज के प्रदर्शन में वकूटा अध्यक्ष प्रो चंचल पाण्डेय एवं महासचिव डॉ शशि भूषण राय सहित महाराजा कॉलेज, आरा के सभी शिक्षक, महिला कॉलेज डॉट्ट खुशबू कुमारी, डॉ विजयलक्ष्मी, डॉ मनोज कुमार, डॉट्ट सुधा रंजिनी, डॉ अंजू कुमारी, एसट्ट बीट्ट कॉलेज, आरा से डॉट्ट आनंद भूषण पांडे, डॉट्ट कृष्णचन्द्र चौधरी, डॉ अनुपमा, जगजीवन कॉलेज, आरा से डॉट्ट नाबारून घोष, डॉट्ट सत्येंद्र पाण्डेय, डॉट्ट अमृत जायसवाल, डॉट्ट अमरेश कुमार समेत कई अन्य शिक्षक सम्मिलित हुए।

# आरा में अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा सदर अस्पताल परिसर के इमरजेंसी वार्ड में एक अज्ञात 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के दौरान शनिवार की शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते सोमवार के शाम बिहिया थाना पुलिस द्वारा बिहिया थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर गांव स्थित सड़क किनारे से जख्मी हालत में उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। जहां चार दिन चले इलाज के बाद शुक्रवार की शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना बिहिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर बिहिया थाना पुलिस शनिवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत सड़क पर गिरने-पड़ने से जख्मी होने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा वहीं खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# भूमि सर्वेक्षण में भू-धारी को खुद का घोषणापत्र देना अनिवार्य



तिलौथू (रोहतास) भूमि सर्वेक्षण को लेकर कई तरह तरह के सवाल और आशंकाएं उत्पन्न हो रही है। इसको लेकर रैयत काफी असमंजस की स्थिति में हैं। उन्हें लगता है कि क्या करें। किससे पूछे? क्या कागजात लगेंगे। रैयत को क्या करने होंगे। उन्हें क्या फायदे होंगे। ऐसे कई अनगिनत सवाल उठ रहे हैं। रैयतों के सवालों और आशंकाओं के मद्देनजर तिलौथू के विशेष सर्वेक्षण कानूनगो नसीम काजिम से - हमारे संवाददाता छोटन कुमार ने खास बातचीत की। विशेष सर्वेक्षण कानूनगो नसीम काजिम ने संवाददाता छोटन कुमार से बातचीत में बताया कि असली रैयत को घबराने की जरूरत नहीं है। बल्कि उनके लिए काफी उपयोगी है। इसमें सहयोग कर पुराने कमियों को दूर करने की जरूरत है।

**क्या है सरकार का भूमि सर्वेक्षण :** जवाब भूमि सर्वेक्षण पुराने खतियान का अपडेटेशन है। करीब 50 साल के अंतराल में जमीन के काफी लेन देन हुई है। लेकिन पुराने खतियान में पुराना स्वामित्व दर्ज है। उनके नाम नहीं जुड़े हैं। मैप भी पुराने चल रहे हैं। क्योंकि पांच दशक से कोई सर्वे नहीं हुआ। जबकि बड़े पैमाने पर जमीन का मैप, प्रकृति और स्वामित्व बदल गए, लेकिन खतियान पुराने चल रहे हैं। जो 2024 के बिहार भूमि सर्वेक्षण में उसे अपडेट किया जाएगा। भूमि संबंधित जानकारियां ऑनलाइन कर दी जाएगी। लिहाजा, बैंक खाते की तरह लोग अपने जमीन की जमाबंदी एक क्लिक में देख सकेंगे।

**बाहर रहने वाले रैयत कैसे करेंगे आवेदन:** बिहार सरकार का भूमि सुधार और राजस्व विभाग के साइट पर ऑनलाइन आवेदन लेने की व्यवस्था है। इसलिए बिहार से बाहर रहनेवाले लोग भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रैयत अपना स्वघोषणा के साथ कागजात अपलोड कर सकेंगे। इसके अलावा ग्राम सभाओं और कैंप कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन लिए जाने की व्यवस्था है। हालांकि सत्यापन के समय बाहर रहनेवाले को या फिर उनके अधिकृत प्रतिनिधि को मौजूद रहना होगा। बंदोबस्ती में खामियों के सुधार के लिए तीन मौके दिए जाएंगे। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद बंदोबस्ती शिविर में आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। इसके अलावा कानूनगो और बंदोबस्त पदाधिकारी के स्तर पर आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। जिस रैयतों के आवेदन का सत्यापन अमीन और कर्मी जमीनी स्तर पर सत्यापन करेंगे।

**भूमि से जुड़ी रैयत को क्या करना होगा :** रैयतों को अपनी कागजात ठीक ठाक कर लेनी है। खेतों की मेड़ आदि ठीक कर लें ताकि नये खतियान में मौजूदा स्थिति दर्ज किया जा सके। रैयतों को प्रपत्र-2 में स्वघोषणा पत्र में जमीन संबंधित पूरी जानकारी देनी है। साथ में मालगुजारी रसीद, एलपीसी और जमीन पर स्वामित्व का कागजात जैसे बंटवारा पेपर, क्रय केवाला, दान, डीड या अन्य कागजात जो स्वामित्व से संबंधित हो। ऐसे रैयत जिनके दादा परदादा के नाम से खतियान है। वे जीवित हैं या नहीं हैं। उन्हें प्रपत्र-3 (1) में वंशावली बनाकर देनी होगी। मौके लिपिक पंकज कुमार पर विशेष सर्वेक्षण अमीन अभियंता गोविंदा प्रियदर्शी, गौरव कुमार, नीतीश कुमार, विभास कुमार रजक मौजूद थे।

# आरा में अनियंत्रित होकर सवारी से भारी ऑटो पलटी, मां-बेटी समेत तीन जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा-सलेमपुर मार्ग पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की सनदिया गांव के समीप शनिवार की सुबह अनियंत्रित होकर सवारी से भारी ऑटो पलट गई। हादसे में ऑटो पर सवार मां-बेटी समेत तीन लोग जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं सूचना पाकर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी सवार्नंद पंडित की 55 वर्षीया पत्नी शारदा देवी,बड़हरा थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव निवासी ईश्वर पंडित की 37 वर्षीया पत्नी शांति देवी एवं 5 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार शामिल है। इसमें शारदा देवी रिश्ते में मां एवं शांति देवी बेटी हैं। इधर शांति देवी ने बताया कि वह एक दिन पूर्व अपने ससुराल नथमलपुर गांव से अपने मायके महुली गांव आई थी। शनिवार की सुबह जब वह अपनी मां शारदा देवी एवं बेटे प्रीतम कुमार के साथ ऑटो पर सवार होकर आरा आ रही थी। उसी दौरान बड़की सनदिया गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने उनके ऑटो को चकमा दे दिया। जिसके कारण ऑटो नियंत्रित होकर पलट गई और तीनों जख्मी हो गए।

# सीओ ने जनता दरबार में भूमि विवाद समस्या का किया निपटारा

प्रातः किरण संवाददाता



करपी ।शहर तेलपा ,करपी,किंजर ,रामपुर चौराम थाना परिसर में करपी अंचल अधिकारी आलोक कुमार के अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित की गई !बैठक में करपी थाना में थाना अध्यक्ष उमेश राम ,शहर तेलपा थाना में थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह सहित सभी थाना में थाना अध्यक्ष शामिल हुए !जन समस्याओं से जुड़े हुए मामला को गंभीरता से देखते हुए शहर तेलपा में भूमि विवाद से जुड़ा हुआ एक मामला करपी में भूमि विवाद से जुड़ा हुआ दो समस्याओं का समाधान अंचल अधिकारी आलोक कुमार के द्वारा किया गया !इसी तरह किंजर एवं रामपुर चौरम थाना में भी भूमि विवाद संबंधी समस्याओं का निपटारा अंचलाधिकारी के द्वारा किया गया! भूमि विवाद समस्या के हल में थाना अध्यक्षों की भी अहम भूमिका रहती है !शहर तेलपा थाना में भूमि विवाद का मामला अधिक है इसलिए अंचल अधिकारी करपी को चाहिए कि अधिक से अधिक समय देकर शहर तेलपा थाना क्षेत्र में व्याप्त भूमि विवाद समस्या को अदालत बुलाकर अधिक से अधिक निपटारा किया जाए !ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे भूमि विवाद की ज्यादातर घटनाओं के कारण राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि स्थानीय थाना परिसर में प्रत्येक शनिवार को अंचलाधिकारी या कोई अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में भूमि विवाद की निपटारा किया जायेगा! राज्य सरकार के द्वारा इस मुहिम के बाद प्रत्येक शनिवार को प्रत्येक थाना परिसर में जनता दरबार लगाकार मामले को निबटाने का काम किया जाता है और उसका असर भी देखने को मिल रहा है!

# धूमधाम से मनाई गयी बाबा गणिनाथ की जयंती

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) जिला के जमुहार ग्राम में बाबा गणिनाथ जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रंगीता देवी,विमला देवी, कृष्ण प्रसाद गुप्ता ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र शाह, प्राचार्य डॉ. राजगिरी प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, राजीव गुप्ता, रामजी शाह, शंकर गुप्ता सनातन गुप्ता राजकुमार गुप्ता ने सामूहिक रूप से बाबा गणिनाथ के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर फीता काट उद्घाटन किया।

अध्यक्ष उद्बोधन डॉक्टर राजगिरी प्रसाद ने बड़े ही मार्मिक ढंग से जनता एवं श्रद्धालुओं के बीच रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणिनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य संचालन भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने की। जिला पार्षद प्रतिनिधि डोमा साह ने बाबा गणिनाथ जी की जीवनी पर प्रकाश डालते ही अपने जीवन में भी आत्मसात करने का आग्रह किया। जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नवीन चंद्र शाह बाबा गणिनाथ को महादेव का अवतार बताया। साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत के भी याद दिलाई।

मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार को रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शुक्रवार को शोभायात्रा निकाली गई थी। वही वैदिक रीति से हवन एवं दीप जग संपन्न किया गया। अवसर पर प्रसाद का वितरण किया गया। वही मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया। अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन बाबा गणिनाथ की आरती के साथ संपन्न हुई।

# बाइक व स्कूटी की सीधी भिड़ंत में स्कूटी सवार तीन दोस्त जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा पुल के समीप शनिवार की दोपहर स्कूटी व बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी पर सवार तीन दोस्त जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में टाउन थाना क्षेत्र का अहीरपुरवा मोहल्ला निवासी कन्हैया यादव का 12 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार, रवि यादव का 17 वर्षीय पुत्र समीर कुमार एवं उसी मोहल्ले का एक अन्य किशोर शामिल है। इधर समीर कुमार ने बताया कि वह अपने दोस्त आशीष कुमार एवं एक अन्य के साथ स्कूटी से धरहरा किराना का सामान खरीदने के लिए जा रहा था। इसी दौरान धरहरा पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने सामने से उसके स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। हादसे में आशीष कुमार को काफी गंभीर चोटे आई हैं।

# बीएन झा रोड पर ढलाई का काम शुरू



प्रातः किरण संवाददाता

गया। पितृपक्ष मेला को ध्यान में रखते हुए वार्ड पार्षद दिपक चंद्रवंशी द्वारा वार्ड नं-15 बीएन झा रोड के मुरारपुर मस्जिद मोड़ से मजार मोड़ तक रोड ढलाई का काम शुरू हो गया है। वार्ड पार्षद ने जनता से चुनाव में हमने जो भी अपने वार्ड की जनता से वादा किया था,उसका हमने पूरा करने का शुरूआत कर दिया है। इसके बाद गोलबगीचा, तेलबीघा मोड़ से देविस्थान तरफ भी रोड ढलाई का काम जल्द ही शुरू होगा। इसके साथ ही साथ मिरसफायत रोड स्थित बमपुलिस के चारदीवारी का कार्य पूरा हो चुका है।इसकी लोगों को खुशी व्यक्त किया है वार्ड के लोगों ने कहा कि एकदम सही कहा दिपक चंद्रवंशी ने , उन्होंने वार्ड के लोगों के लिए हमेशा तैयार रहते हैं इस रोड बनने से लोगों को काफी सहलुत मिलेगी।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दरभंगा आगमन पर होगा भव्य स्वागत : जगरनाथ ठाकुर

प्रातः किरण




दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी जिला की बैठक जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी के अध्यक्षा में लहेरियासराय परिसदन में आगामी 7 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ मंत्री जगत प्रताप नड्डा जी के स्वागत को लेकर हुआ ।

प्रदेश महामंत्री जगरनाथ ठाकुर ने कहा की उनका 11 बजे दरभंगा हवाई अड्डा पर उनका आगमन होगा । जहां से रोड मार्ग से हजारों कार्यकर्ता के साथ बड़े एवम छोटे वाहन के साथ दरभंगा डीएमसीएच स्थित सुपर एपेशियलिटी का होगा उद्घाटन। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा की मिथिला वासियों के चिर परिचित मांग पूर्ण होने पर हर्ष है ।दरभंगा में न्यूरो,हार्ट,कैंसर का इलाज नहीं था ।अगर किसी को एक्सीडेंस होता तो उसे पटना रेफर किया जाता था अब उसका समुचित इलाज दरभंगा में ही होगा ।दरभंगा की धरती पर सैकड़ो कार्य हो रहे है जिसमे यह ऐतिहासिक कार्य है । हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति होकर उनका स्वागत करेंगे।

नगर विधायक सह संचेतक संजय सरावगी ने कहा की आज हर्ष का विषय है यह उद्घाटन दरभंगा के इतिहास में एक नए अध्याय जोड़ने जा रही है जहां सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगा ।नगर वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है ।नगर के हर चौक चौराहे पर जहा से वह गुजरेंगे स्वागत होगा ।हजारों की संख्या में कार्यकर्त्ता भाग लेंगे। केवटी के विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा की आज भारत आगे बढ़ रहा है भारत के नागरिक आगे बढ़ रहा है बिहार के लोग विकसित भारत की यात्रा को गति देना चाह रहे है जब स्वास्थ्य होंगे ।आज यह स्वास्थ्य सेवा के लिए बेहतर विकल्प है। जो मोदी की गारंटी है मुक्त में सभी इलाज । बैठक को सांसद धर्मशीला गुप्ता, बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी,हायाघाट विधायक रामचंद्र प्रसाद,पूर्व विधायक अमरनाथ गामी,पूर्व विधनपार्षद अर्जुन सहनी,अंकुर गुप्ता ,सुजीत मल्लिक,विजय चौधरी,संजय सिंह,दिलीप भारती,संजीव साह,सचिन जैन,देवेंद्र झा ,कन्हाई पासवान,बालेंदु झा ,सपना भारती ,विनय पासवान,नरेश राम,संतोष पौद्धार ,प्रेम कुमार रिंकू,आदि ने सम्बोधित किया।

# ऑल इंडिया चालक संघ की बैठक में कमिटी का गठन

प्रातः किरण



बेनीपुर(दरभंगा) ।ऑल इंडिया चालक संघ की बैठक बेनीपुर दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। बैठक में बेनीपुर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष चुन चुन राम ने भी समर्थन किया। भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि चालकों की समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर कराने में मैं हर संभव मदद करूंगा। सर्व समिति से प्रखंड अध्यक्ष पद पर इंद्र राम का चयन किया गया तथा सदस्यों में उमर फारूक, सुशील पासवान, रामदयाल कुमार, बैद्यनाथ मंडल, कौशल साहू, भगवान साह, धर्मेंद्र पासवान, सूरज पासवान को मनोनीत किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि पूरे बिहार के किसी भी कोने में किसी भी तरह का समस्या आने पर चालको को हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संघ से जुड़ने वाले लोग सिर्फ कोई गलती नहीं करें, तो उसे कोई समस्या नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति उन्हें प्रताड़ित करता है, तो उसके लिए संघ उसके साथ 24 घंटे खड़ा रहेगा तथा हर तरह का सहयोग देगी। इस दौरान दर्जनों की संख्या में चालक उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण का छठी समारोह

आरा भोजपुर जन्माष्टमी के बाद छठे दिन भगवान श्री कृष्ण का छठी समारोह धूमधाम से रामरेखा शाह मंदिर जेल रोड में मनाया गया सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया हर साल भजन कीर्तन के साथ यह समारोह मंदिर के प्रांगण में मनाया जाता है जिसमें आसपास मोहल्ले के अलावा शहर के चर्चित लोग इसकी शोभा बढ़ाते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### विश्वकर्मा योजना के अभ्यर्थियों का हुआ भौतिक सत्यापन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पोर्टल से प्राप्त आवेदन की सूची का पंचायतों द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। प्रखंड अंतर्गत कुल 4612 आवेदन पोर्टल पर अपलोड किया गया। जिसमें से 2210 आवेदन का पंचायतों द्वारा सत्यापन किया गया। सबसे अधिक चोरा टभका पंचायत से 352 आवेदन पोर्टल पर अपलोड किया गया जिसमें सभी का भौतिक सत्यापन हो गया। वहीं बोरिया पंचायत से एक भी आवेदन नहीं किया गया।

# गड़हनी में धुमघाम से मना बाबा गणिनाथ गोबिंद जी महाराज का 40 वाँ जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता



गड़हनी(भोजपुर)। नगर पंचायत गड़हनी के पुरानी बाजार शिव मंदिर प्रांगण में बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 40 वाँ जयंती एवं पूजन समारोह बड़े धूमधाम से अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा गडहनी द्वारा धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह का उद्घाटन उप मुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार उर्फ बब्लू सिंह,पूजा प्रभारी यमुना प्रसाद, जिला परिसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, डॉ मनोज कुमार, प्रधानाध्यापक6 ओमनारायण साह सहित कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया ।वही मुख्य अतिथि के रूप में विधान पार्षद राधाचरण साह उर्फ सेठ जी व आरा सांसद सुदामा प्रसाद उपस्थित थे। विधान पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद गुप्ता, बचन प्रसाद व राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने सभी अतिथियों को स्वागत व प्रसाद ग्रहण कराया। उद्घाटन के बाद गड़हनी गणीनाथ पूजा कमिटी के द्वारा सभी अतिथियों को गमछा व फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता रजत कुमार व संचालन रितेश कुमार व मुन्ना ने किया। मुख्य अतिथि एमएलसी राधाचरण साह ने कहा कि यह पूजन समारोह शांति और आपसी भाईचारे का संदेश देता हैं व बिगड़े रिश्ते को भी अपना बनाने में अहम भूमिका रखता है। बाबा गणीनाथ को जो सचे मन से पूजा पाठ करेगा उनका कल्याण जरूर होगा। वही आरा सांसद ने भी गणीनाथ पूजा में आये सभी भक्तों को बहुत बहुत बधाई दिया और कहा कि ऐसे ही आपलोग गड़हनी में बाबा गणीनाथ जी महाराज का पूजा पाठ करते रहे मेरा सहयोग हमेशा रहेगा। बता दे कि प्रखण्ड में मात्र गड़हनी में ही गणीनाथ महाराज की पूजा धूमधाम से किया जाता है। पूरे प्रखण्ड से महिला, पुरुष भक्तों की भीड़ पूजा करने व प्रसाद चढ़ाने को ले जुटती है।

पूजा अर्चना के बाद साम में संस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा जिसमे कई कलाकारों ने भजन प्रस्तुति कर भक्तों को आनंदित करेंगे। शांतिपूर्ण पूजा कराने में पूजा कमिटी के कार्यकताओं का भरपूर सहयोग रहा।उपस्थित लोगों में मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डु,संतोष गुप्ता,राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता,बच्चन प्रसाद,मिलिंद्र प्रसाद,समरजीत प्रसाद,राजकुमार गुप्ता,विकास कुमार, शिवजी प्रसाद गुप्ता,रजत कुमार,कृष्णा प्रसाद, अवधबिहारी प्रसाद, राजकुमार गुप्ता, अरविन्द गुप्ता समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### स्नातकोत्तर शिक्षक संघ एवं अन्य शिक्षक संघ संगठन के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन का आयोजन

आरा। फुटाब एवम फुस्टाब समन्वय समिति के संयुक्त आह्वान पर वीर कुंवर सिंह मुख्यालय परिसर में स्नातकोत्तर शिक्षक संघ एवं अन्य शिक्षक संघ संगठन के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया इस आयोजन में फुटाब के कार्यकारी अध्यक्ष कन्हैया बहादुर सिन्हा सेवानिवृत शिक्षक संघ के प्रो० पारसनाथ सिंह, प्रो० सत्यनारायण सिंह, जे०पी० विश्वविद्यालय छपरा के पूर्व कुलपति प्रो० दुर्ग विजय सिंह, प्रो० कुंदन कुमार सिंह, प्रो० दिवाकर पाण्डेय, प्रो० जमील अख्तर, डॉ नीरज कुमार, प्रो० डी० एन० चौधरी, डॉ रमेश सिंह आदि उपस्थित थे। आयोजक स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ० अमित कुमार सचिव डॉ० आमिर महमूद, उपाध्यक्ष डॉ० रमेश कुमार एवं कोषाध्यक्ष डॉ० रामधनी राम, डॉ० चिंटू, डॉ० फौजिया रहमान, डॉ० सुशील कुमार, डॉ० पूनम त्रिपाठी, डॉ० प्रियंका पाठक आदि उपस्थित रहे` आगामी 5 सितम्बर 2024 को शिक्षकों ने प्रतिकार रूप में काला बिल्ला लगाकर कार्य करने का संकल्प लिया है।

# आरा में पंखे के कुंडी से लटका छात्र का शव बरामद

आरा। भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के कवल छपरा गांव में शनिवार की सुबह पंखे के कुंडी से लटकते छात्र का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से गांव में आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं परिजन द्वारा आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार मृत छात्र सिन्हा थाना क्षेत्र के कवल छपरा गांव निवासी विश्वनाथ प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र अनंत कुमार है एवं वह बी.ए.पार्ट वन का छात्र था। इधर मृत छात्र के चचेरे भाई उदय शंकर ने बताया कि शनिवार की सुबह दूध लाने गया।दूध लाने के बाद वह घर वापस आया और छत पर अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर गले में रस्सी बांध पंखे के कुंडी से लटक कर आत्महत्या कर ली। लेकिन परिजनों ने उसे सोचा की बराबर कमरे का दरवाजा बंद कर घंटे पढ़ता था। जब परिजन उसे खाना खाने के लिए बुलाने उसके कमरे में गए और उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो उसने दरवाजा नहीं खोला। जिसके बाद परिजन ने उसके कमरे के दीवार में रहे हॉल से झांक कर देखा तो वह पंखे के कुंडी से लटका नजर आया। जिसके बाद परिजन द्वारा दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतर गया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। वहीं दूसरी ओर मृत छात्र के चचेरे भाई उदय शंकर ने उसके द्वारा गले में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है। हालांकि मृत छात्रा ने खुदकुशी क्यों की। इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने एक भाई व एक बहन में छोटा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। मेरी छात्र के परिवार में मां रिंकू देवी एवं एक बड़ी बहन नीतू कुमारी है। मृत छात्र के पिता दुबई में स्थित ज्वेलरी शॉप में मैकेनिक का काम करते हैं। घटना ना के बाद मृत छात्र घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां रिंकू देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।





# स्क्रीन पर छोटे शहरों के किरदार निभाने पर बोलीं सान्या

## लोग मुझसे खुद को जोड़ पाते हैं

बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। सान्या मल्होत्रा हाल ही में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया गई थीं, जहां उनकी आने वाली फिल्म मिसेज की स्क्रीनिंग की गई और इसे जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। दर्शकों ने फिल्म को खड़े होकर सराहा है। हाल ही में, अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या ऐसे पल कभी उन्हें परेशान करते हैं। इस पर उन्होंने कहा,शुरू में मैं रिलीज को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित रहती थी, लेकिन अब मैंने किसी भी तरह की उम्मीद को छोड़ना सीख लिया है। मैं पहले से काफी बदल गई हूं। मेरी एक बहुत करीबी दोस्त राधिका मदान ने मुझमें आए बदलाव को तब देखा जब मैंने उन्हें अपनी एक फिल्म के प्रीमियर पर आमंत्रित किया। सान्या ने छोटे शहरों के किरदार निभाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। चाहे वह पटाखा, पगलैट या कटहल हो। इन सभी भूमिकाओं ने उन्हें खूब प्रशंसा भी दिलाई है। इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, छोटे शहरों के लोग मुझसे खुद को जोड़ पाते हैं। भले ही मैं दिल्ली जैसे मेट्रो शहर से हूं। और मुझे छोटे शहरों में शूटिंग करना पसंद है, यहीं आपको रंग और संस्कृति मिलती है। मैं ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित होती हूं और मुझे खुशी है कि फिल्म निर्माता भी मुझे उनमें फिट बैठते हुए देखते हैं। आगे अपने काम की सराहना करते हुए सान्या ने कहा, मुझे खुद से प्यार है, लेकिन मैं अपने काम को लेकर बहुत आलोचनात्मक हूं। हालांकि, जब मैंने मिसेज देखी तो मैंने अपनी टीम को देखा और कहा कि मुझे खुद पर बहुत गर्व है। मेरी टीम हैरान थी क्योंकि मैंने पहले कभी अपने किसी काम के लिए ऐसा नहीं कहा था। और जिस तरह की मान्यता हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रही है। मुझे यकीन है कि लोग इसे पसंद करेंगे। 'मिसेज' फिल्म का निर्देशन आरती कादव ने किया है। जिन्होंने फिल्म में महिलाओं के लचीलेपन और उनकी ताकत को प्रदर्शित किया है। सान्या ने कहा कि उन्होंने जैसे ही इसकी हिंदी स्क्रिप्ट को सुना वह 'ऋचा' किरदार से प्यार कर बैठी।



# बड़े परदे से ओटीटी तक चला चित्रांगदा का सिक्का

चर्चित अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह आज 30 अगस्त को अपना जन्मदिन मना रही हैं। चित्रांगना ने बतौर मॉडल करियर शुरू किया और फिर कई बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। चित्रांगना ने कई म्यूजिक वीडियोज और विज्ञापनों में भी काम किया है। एक्ट्रेस को पहला ब्रेक गुलजार के वीडियो एल्बम सनसेट पॉइंट में मिला, फिर वह म्यूजिक वीडियो कोई लौटा दे वो प्यारे प्यारे दिन में नजर आईं। चित्रांगदा ने देसी ब्वॉयज, इनकार और ये साली जिंदगी आदि फिल्मों में भी काम किया है। चित्रांगदा ने ओटीटी पर भी काम किया है, उन्होंने अमेजन प्राइम की वेब सीरीज मॉडर्न लव मुंबई में काम किया था। साल 2001 में चित्रांगदा ने भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा से शादी रचाई, हालांकि, 2014 में उनका तलाक हो गया।

# मिर्जापुर सीजन 3 के बोनस एपिसोड में लौटे मुन्ना भैया

मिर्जापुर 3 का बोनस एपिसोड स्ट्रीम हो गया है। इसे आप अमेजन प्राइम पर देख सकते हैं। मिर्जापुर के मेकर्स ने अपने दर्शकों खुश करने के लिए मुन्ना भैया का स्पेशल 25 मिनट का धमाकेदार और दमदार एपिसोड की स्ट्रीमिंग कर दी है, जिसमें आपके सबसे पसंदीदा किरदार मुन्ना त्रिपाठी को दिखाया गया है, जिसे दिव्येंदु ने निभाया है। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग हो रही लोकप्रिय क्राइम थ्रिलर सीरीज का भारत में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। मिर्जापुर 3 बोनस एपिसोड में मुन्ना भैया अपने सभी दुश्मनों को रोस्ट करते नजर आ रहे हैं। तीसरे सीजन के हालिया एपिसोड में मुन्ना की अनुपस्थिति ने कई दर्शकों को निराश कर दिया था, जिसके बाद उन्हें वापस लाने की डिंमाड की जाने लगी। इस दौरान मेकर्स ने मिर्जापुर 3 बोनस एपिसोड शेयर कर दिया है, जिसमें मुन्ना त्रिपाठी का वहीं पुराना भौकाल देखने को मिल रहा है। लोगों को मुन्ना भैया का बोनस एपिसोड बहुत पसंद आ रहा है। प्राइम वीडियो पर रिलीज होते ही इंडिया की मशहूर सीरीज मिर्जापुर ने तहलका मचा दिया है। मुन्ना भैया ने मिर्जापुर 3 के बोनस एपिसोड में गुड्डू पडिंत को गद्दार, शरद शुक्ला को धोखेबाज, गजगामिनी गुप्ता उर्फ गोलू को बेवकूफ बताया है। वहीं मुन्ना भैया ने अपनी पत्नी माधुरी यादव की तारीफ की है। एपिसोड खत्म होने के पहले मुन्ना भैया ने एक बार फिर से वापस लौटने का वादा भी किया है। सीरीज के कुछ मशहूर सीन्स भी इस बोनस एपिसोड में देखने को मिले हैं। सीजन 3 में दर्शकों ने जो चीजें मिस की हैं, उन्हें फिर से दिखाया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, महीने के अंत का बोनस? मुन्ना भैया ने प्रबंध कर दिया है। मिर्जापुर सीजन 3 बोनस एपिसोड आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपके पास सब्सक्रिप्शन होना चाहिए। बता दें, मिर्जापुर में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेनयुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और मनु ऋषि जैसे कलाकार नजर आ चुके हैं।

# आज तक मुझे अपने जीने के तरीके व काम पर पछतावा नहीं हुआ

बॉलीवुड के मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने कहा है कि उन्हें एक इंसान के तौर पर अपने सफर पर गर्व है और वह अलग तरीके से जीने के लिए कुछ अलग प्रयास नहीं करेंगे। करण जौहर ने आखिरी बार रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का निर्देशन किया था। हाल में करण, ज्योतिषी और वास्तु सलाहकार जय मदान के साथ पॉडकास्ट 'जाने मन' में दिखाई दिए थे। उन्होंने इस दौरान अपने बचपन की कुछ बातों को जिक्र किया। करण ने कहा, उन्होंने हमेशा दूसरे लड़कों की तुलना में खुद को अलग महसूस किया। मैं कभी भी दूसरे लड़कों जैसा नहीं था, उनकी रुचियां, उनका स्टाइल, उनका खेल- यह बस मैं नहीं था। मुझे यह समझने में सालों लग गए कि अलग होने के लिए मुझे किसी से माफी मांगने की जरूरत नहीं है। मैंने जो हूं उसे स्वीकार किया और यही मेरी ताकत बन गई। उन्होंने बताया, आज तक मैंने जिस तरह से जीवन जिया है या जो काम किया है, उस पर मुझे कभी पछतावा नहीं हुआ। मैं बस अपनी सच्चाई जीना चाहता हूं।



# असफलता से कैसे निपटती हैं वाणी कपूर? अभिनेत्री ने साझा किया अपना सीक्रेट

वाणी कपूर ने शुद्ध देसी रोमांस, बिफिक्रे, वॉर, चंडीगढ़ करे आशिकी और शमशेरा सहित कई चर्चित फिल्मों में काम किया है। इन दिनों अभिनेत्री अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल खेल में नजर आ रही हैं। बतौर कलाकार उन्होंने इंडस्ट्री में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वाणी ने करियर यात्रा में सामने आई चुनौतियों का सामना कैसे किया और असफलता से निपटने का क्या मंत्र है हाल ही में उन्होंने साझा किया।

### असफलता को बताया सीखने की प्रक्रिया

वाणी कपूर ने एक न्यूज पोर्टल के साथ बातचीत में असफलताओं से निपटने, अपनी ग्रोथ को समझने को लेकर खुलकर बात की। वाणी कपूर ने स्वीकार किया कि असफलता से निपटना एक निरंतर सीखने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि वे खुद को इमोशनली असफलताओं से अलग करने की कोशिश कर रही हैं और यह पहचान रही हैं कि यह भी जीवन का ही हिस्सा हैं। वाणी ने आगे कहा, इससे सीखने का प्रयास करें।

### फिल्म के प्रदर्शन पर रखी ये राय

अभिनेत्री ने फिल्म मेकिंग में सहयोग पर भी बात किया और कहा कि एक फिल्म कैसी साबित होगी, उसका परिणाम उनके कंट्रोल से बाहर की चीज है। इसमें कई फैक्टर काम करते हैं। एक फिल्म को बहुत सारे लोगों के प्रयास के साथ बनाया जाता है। फिल्म एडिट टेबल पर भी बनाई जाती है। एक बैकग्राउंड स्कोर होता है। अन्य लोग और किरदार होते हैं। इसलिए यह सब सिर्फ आपके कंधों पर नहीं है। इसके बावजूद, वाणी ने यह बात भी स्वीकारी की वह अक्सर फिल्म के प्रदर्शन का बोझ अपने ऊपर ले लेती हैं, लेकिन वह असफलताओं को भी सहजता से लेना सीख रही हैं। अपने करियर पर बात करते हुए वाणी ने अपने तमाम किरदारों का जिक्र छेड़ा और कहा बेफिक्रे में अपना किरदार शायरा की उनके लिए एक खास जगह है। उन्होंने कहा कि फिल्म को वह प्यार नहीं मिला जिसकी उन्हें उम्मीद थी, इसके बावजूद वह इस किरदार से जुड़ी हुई हैं।





# फिल्म स्वयंभू के लिए घुड़सवारी व तीरंदाजी की ट्रेनिंग ले रहीं अभिनेत्री संयुक्ता

अभिनेत्री संयुक्ता अपनी आगामी फिल्म स्वयंभू के लिए निखिल सिद्धार्थ के साथ कड़ी मेहनत कर रही हैं। वह फिल्म के लिए घुड़सवारी, तीरंदाजी और पार्कौर का प्रशिक्षण ले रही हैं। हाल ही में, संयुक्ता ने इंस्टाग्राम पर घुड़सवारी सीखने की एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कियह अनुभव उनके लिए कितना आध्यात्मिक है। उन्होंने लिखा, एक एक्टर के रूप में मैं दैनिक आधार पर अलग-अलग चीजों का अनुभव करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। अपनी अगली फिल्म, स्वयंभू के लिए, मैं घुड़सवारी सीख रही हूं और मुझ पर विश्वास करें, यह एक आध्यात्मिक यात्रा रही है। घोड़े के साथ सामंजस्य और तालमेल में रहना, घोड़े की आत्मा में गहराई से देखना और यह सुनिश्चित करना कि हम एक टीम के रूप में एक साथ काम कर रहे हैं, सुंदर और आनंददायक है! मैंने प्रत्येक गिरावट को एक सीढ़ी के रूप में लिया, बाधा के रूप में नहीं। स्वयंभू एक ऐसे सम्राट की कहानी है, जिसने इतिहास में स्वर्ण युग की स्थापना की। इसका निर्देशन भरत कृष्णमाचारी और आदित्य बहुधानम ने किया है। संयुक्ता, चरण तेज उप्पलापति द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म में भी नजर आएंगी। यह चरण तेज के निर्देशन में पहली फिल्म होगी। इसमें काजोल, प्रभु देवा, नसीरुद्दीन शाह, संयुक्ता मेनन और जिशु सेनगुप्ता, आदित्य सील, प्रमोद पाठक और छाया कदम हैं। यह फिल्म एक प्रतिशोधी मिशन पर निकली महिला माया (काजोल) के बारे में एक रिवेंज ड्रामा है। वह जीतू जोसेफ द्वारा लिखित और निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म राम में भी नजर आएंगी। यह दो हिस्सों वाली फिल्म सीरीज की पहली सीरीज है। फिल्म में मोहनलाल मुख्य भूमिका में हैं। रॉ एजेंट राम मोहन को एजेंसी द्वारा बेल नामक आतंकवादी समूह से निपटने के लिए बुलाया जाता है, जिसके पास भारत को नष्ट करने में सक्षम परमाणु हथियार हैं। संयुक्ता ने 2016 में मलयालम फिल्म पॉपकॉर्न से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्हें कल्कि, एडक्कड़ बटालियन 06, भीमला नायक, बिम्बिसार, गालीपता 2, वाथी और विरुपाक्ष जैसी फिल्मों में देखा गया।



# पर्दे पर फिर रोमांस का जादू चलाने लौटेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा! मिला दिनेश विजन का साथ

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने रोमांटिक जॉनर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से करियर की शुरुआती की थी। कुछ रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों के बाद वे एक्शन जॉनर की फिल्मों में नजर आए। अब ऐसा लगता है कि सिद्धार्थ एक बार फिर रोमांटिक-कॉमेडी जॉनर के लिए वापस आ रहे हैं। खबर है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म प्रेम के विषय पर आधारित होगी। सिद्धार्थ को दर्शकों ने रोमांटिक और एक्शन, दोनों अवतारों में पसंद किया। वहीं अब वे एक बार फिर पर्दे पर रोमांस करते नजर आएंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मिशन मजनू, योद्धा और इंडियन पुलिस फोर्स सहित कई एक्शन फिल्मों में अभिनय करने के बाद वह रोमांस में वापस आने के लिए उत्सुक थे और ऐसा लगता है कि उन्हें इसके लिए एकदम सही फिल्म मिल गई है।

दिनेश विजन कथित तौर पर एक रोमांटिक कॉमेडी का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें मल्होत्रा मुख्य भूमिका में होंगे। दावा किया गया है कि निर्माता की प्रोडक्शन फर्म पिछले कुछ समय से अभिनेता के संपर्क में है। पटकथा अभिनेता को पसंद आई और वे रोमांटिक फिल्मों के निर्माण के लिए जानी जाने वाली कंपनी के साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हैं। तुषार जलोटा अनाम परियोजना का निर्देशन करेंगे, जिन्होंने फिल्म दसवीं (2022) का भी निर्देशन किया था।

सिद्धार्थ मल्होत्रा की 2012 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर उनकी पहली फिल्म थी और यह एक कॉलेज कैंपस पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी थी। इसके बाद उन्होंने कई रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों में काम किया, जैसे कि 2014 की हंसी तो फंसी और 2016 की बार-बार देखो। अभिनेता का मानना है कि उनके प्रशंसक उन्हें इस जॉनर में देखना पसंद करते हैं। यदि सब योजना के अनुसार चला तो यह परियोजना इस साल के अंत में शुरू हो जाएगी। वहीं बात करें सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्मों के बारे में तो आखिरी बार वे योद्धा में नजर आए थे। चर्चा है कि वे सैफ अली खान के साथ फिल्म रेस 4 में भी नजर आ सकते हैं।



# बिग बी को सबसे बड़ा एक्शन हीरो मानते हैं

युध्रा स्टार सिद्धांत सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म युध्रा की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी इस फिल्म में जमकर एक्शन करने वाले हैं, जिसके लिए दर्शक काफी ज्यादा उत्साहित हैं। इस बीच सिद्धांत चतुर्वेदी ने अमिताभ बच्चन की दिल खोलकर तारीफ की है। सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने इंटरव्यू में अमिताभ बच्चन को सबसे बड़ा एक्शन हीरो बताया है। 1975 की दीवार का उदाहरण देते हुए अभिनेता ने कहा कि अमिताभ बच्चन पहले अपनी आंखों से लड़ते थे और बाद में पैरों से। युध्रा की बात करें तो इसमें सिद्धांत के अलावा मालविका मोहनन और राघव जुयाल भी मुख्य भूमिका में हैं।






# 4 ही महीने में 80 प्रतिशत महंगा हो गया काजू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सूखे मेवे के आयातक बताते हैं कि देश में काजू-बादाम जैसे सूखे मेवों का पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है। इसलिए इन मेवों को विदेशों से मंगाना पड़ता है। यदि सिर्फ काजू की बात करें तो यहां काजू की खपत पूरा करने के लिए 50 फीसदी से ज्यादा नट्स आयात करना होता है। यही हालत बादाम की भी है। कारोबारियों के अनुसार भारत में सूखे मेवों की खपत बढ़ी है जबकि उत्पादन बढ़ नहीं रहा है। ऊपर से भारतीय रुपये के मुकाबले डॉलर महंगा हो रहा है। इस वजह से आयात महंगा पड़ रहा है।



### 4 महीने में 80 फीसदी बढ़े दाम

पिछले चार महीनों में काजू की कीमत 80 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इन दिनों बादाम भी 15 प्रतिशत से अधिक महंगे हो गए हैं। सूखे मेवे के कारोबारियों का कहना है कि दिवाली तक इन मेवों की कीमतों में 5 से 10 प्रतिशत की और वृद्धि होने के संकेत दिख रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि स्थानीय बाजार में इनकी मांग बढ़ने के बावजूद आयात में कमी आई है। तिस पर रुपये के मुकाबले डॉलर महंगा ही होता जा रहा है। इससे आयात महंगा पड़ रहा है।

### काजू का सबसे बड़ा आयात और उपभोक्ता है भारत

भारत दुनिया में काजू का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। यहां जितनी काजू की खपत होती है, उतनी पैदावार है नहीं। इसलिए भारत अपनी काजू की लगभग 50 प्रतिशत जरूरत आयात के जरिए पूरी करता है। दिलचस्प बात यह है कि दुनिया में भारत काजू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक भी है। मतलब कि हम बाहर से कच्चा काजू मंगा कर उसकी प्रोसेसिंग करते हैं और फिर एक्सपोर्ट कर देते हैं।

### 60 फीसदी काजू का उपयोग मिठाई, स्नैक्स और बिस्कुट में

इस उद्योग के अनुमानों के अनुसार, काजू कतली, स्नैक्स, बिस्कुट जैसी मिठाइयों और करी जैसे खाना पकाने के खाद्य पदार्थों में लगभग 60 प्रतिशत काजू का उपयोग किया जाता है। हालांकि मिठाई या बिस्कुट या खाना पकाने में दो टुकड़ा और चार टुकड़ा काजू का उपयोग होता है। टुकड़ा काजू संपूर्ण काजू के मुकाबले सस्ता मिलता है। टुकड़ा काजू की कीमतें बीते मई में 450-490 रुपये प्रति किलोग्राम थी जो कि अब बढ़कर 800 रुपये किलो हो गई है। पूरा का पूरा मतलब संपूर्ण काजू की कीमत इस समय 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि मई में यह 700 रुपये प्रति किलोग्राम थी। मौजूदा काजू की कीमतें अपने ऐतिहासिक उच्च स्तर से थोड़ा ही नीचे हैं। अखिल भारतीय काजू संघ के अध्यक्ष राहुल कामथ का कहना है हालांकि काजू की कीमतों में वृद्धि हुई है, लेकिन हमने कोविड से पहले के मौजूदा स्तरों की तुलना में काजू की कीमतों को अधिक देखा है। 2020-22 के दौरान कीमतें गिर गई थीं, जिससे खपत में भारी वृद्धि हुई। व्यापार डेटा से पता चलता है कि अप्रैल से जुलाई तक काजू के आयात में 35 प्रतिशत की कमी आई है। कामथ का कहना है इस साल, हम काजू के आयात में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं क्योंकि कुछ शीर्ष अफ्रीकी देशों ने निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। काजू की कमी और खपत में वृद्धि के कारण कीमतें बढ़ रही हैं। हम अक्टूबर तक काजू की कीमतों में 5-10 प्रतिशत की और वृद्धि देख सकते हैं। उनका कहना है कि काजू की कीमतों में तेजी के कारण बादाम की कीमतों में भी तेजी आई है।

### काजू नहीं तो बादाम का गिफ्ट

प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों के साथ काम करने वाले मेवे और सूखे मेवे उद्योग के अनुभवी सलाहकार रवींद्र मेहता ने बताया काजू की कीमतों में तेज उछाल के बाद, काजू की कुछ मांग बादाम से बदली जा रही है, जिससे बादाम के आयात में 20 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद बादाम की कीमतों में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मिठाई और स्नैकिंग कंपनियों ने कहा कि उन्हें जल्द ही कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर डालना होगा। मिठाई और स्नैक्स ब्रांड बीकानेरवाला फूड्स के सोर्सिंग और खरीद प्रमुख नरेश सकलानी ने कहा, वर्तमान में, अधिकांश हलवाई (मिठाई निर्माता) काजू की कीमतों में वृद्धि को खुद झेल रहे हैं। हालांकि, चूंकि काजू की आपूर्ति की स्थिति तंग रहने की उम्मीद है, इसलिए हमें कीमतों में वृद्धि करके लागत में कुछ वृद्धि उपभोक्ताओं पर डालनी पड़ सकती है।

## राज्यों को करों में हिस्सेदारी के रूप में 3.66 लाख करोड़ जारी, पिछले वर्ष से 57109 करोड़ ज्यादा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर राजस्व के माध्यम से जुलाई 2024 के अंत तक कुल 10,23,406 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, प्राप्त राशि वित्त वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 31.9 प्रतिशत है। दूसरी ओर, करों में हिस्सेदारी के हस्तांतरण के रूप में केंद्र की ओर से राज्य सरकारों को 3,66,630 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। सरकार की प्राप्तियों में कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध) 7,15,224 करोड़ रुपये, गैर-कर राजस्व 3,01,796 करोड़ रुपये और गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियां 6,386 करोड़ रुपये हैं। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जुलाई 2024 तक के मासिक खातों को समेकित और प्रकाशित किया, जो चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार के वित्तीय प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। मंत्रालय की रिपोर्ट में, यह बताया गया है कि एकत्र किए गए कर राजस्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राज्य सरकारों के साथ साझा किया गया है। विशेष रूप से, करों में राज्य सरकारों के हिस्से के रूप में 3,66,630 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। मंत्रालय के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यह 57,109 करोड़ रुपये की वृद्धि है। यह सरकार द्वारा राजकोषीय संघवाद को दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा, इस अवधि तक भारत सरकार द्वारा करों में हिस्सेदारी के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 3,66,630 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 57,109 करोड़ रुपये अधिक है। व्यय पक्ष पर, सरकार ने जुलाई 2024 तक कुल 13,00,351 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो वर्ष के बजट अनुमानों का 27 प्रतिशत है। इसमें से 10,39,091 करोड़ रुपये राजस्व खाते पर खर्च किए गए हैं, जबकि 2,61,260 करोड़ रुपये पूंजी खाता व्यय के लिए निर्देशित किए गए हैं।

## एवीपी इंफ्राकॉन को बागलूर बायपास के लिए 23.6 करोड़ और कल्लाकुरीची–तिरुवण्णामलाई सड़क परियोजना के लिए 47.2 करोड़ प्राप्त हुए

मुंबई । एवीपी इंफ्राकॉन लिमिटेड जो देश की प्रमुख अवसंरचना विकास कंपनियों में से एक है, ने एम/एस सीडीआर सीओ कंस्ट्रक्शंस से दो बड़े उप-ठेके सफलतापूर्वक प्राप्त किए हैं। ये ठेके तमिलनाडु के राज्य राजमार्ग विभाग द्वारा दिए गए हैं, जो उच्च-मूल्य वाली अवसंरचना परियोजनाओं को पूरा करने में कंपनी की उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। एवीपी बागलूर टाउन के लिए बायपास का निर्माण करेगा, जिसमें किमी 3/0 (कोथापल्ली) से किमी 9/350 (जी मंगालम) तक का जोड़ शामिल है। इस परियोजना में एनएच 207 (नया एनएच 648) के लिए यूटिलिटीज को बदलना भी शामिल है, जिस पर इपीसी आधार पर काम किया जाएगा। ज् परियोजना विवरण~ इस उप-ठेके में कल्लाकुरीची-तिरुवण्णामलाई सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण शामिल है, जिसमें दो-लेन की सड़क को चार-लेन में बदला जाएगा। इसमें किमी 0/0-6/6 और 8/2-5/8 का समावेश है। काम में मध्य में मीडियन प्रदान करना, छोटे पुलों का निर्माण और सीडी कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएँ कंपनी के मजबूत पोर्टफोलियो को और अधिक सुदृढ़ करती हैं और अवसंरचना क्षेत्र में एक विश्वसनीय नेता के रूप में कंपनी की स्थिति को पुनः स्थापित करती हैं।

## आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सुस्त पड़कर 6.1 फीसदी, सीईए बोले- चुनावों के कारण रफ्तार धीमी हुई

**नईदिल्ली, एजेंसी। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट से जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1 फीसदी रह गई है। हालांकि, यह मासिक आधार पर जून के 5.1 फीसदी से ज्यादा है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई, 2023 में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट व बिजली क्षेत्र का उत्पादन 8.5 फीसदी की दर से बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में कच्चे तेल के उत्पादन में 2.9 फीसदी और प्राकृतिक गैस में 1.3 फीसदी गिरावट रही। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.1 फीसदी बढ़ा है।**




### चुनावों के कारण आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट–सीईए

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा, विकास की रफ्तार मजबूत है। पहली तिमाही में वृद्धि दर इसलिए घटी, क्योंकि लोकसभा चुनाव सात चरणों में चला था।जून तिमाही में सकल स्थिर पूंजी निर्माण वास्तविक रूप से जीडीपी का 34.8 फीसदी रहा। यह दर्शाता है कि निजी निवेश अपनी भूमिका निभा रहा है। मानसून में अच्छी प्रगति हुई है। कॉरपोरेट और बैंकों का बही-खाता अच्छी स्थिति में हैं। 'आंकड़े हमारे अनुमान के मुताबिक हैं' इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मनोरंजन शर्मा कहते हैं, ये आंकड़े पूरी तरह से हमारी उम्मीदों के अनुरूप हैं, हमने अपना ध्यान सार्वजनिक डोमेन में रखा है। हमने 6.8 प्रतिशत का पूर्वानुमान दिया था और ये आंकड़े 6.7 प्रतिशत पर आ गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि भारत वार्षिक आधार पर लगातार 7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज करने में सक्षम होगा तो देश मजबूत स्थिति में होगा।

## रेलटेल सहित 4 कंपनियों को मिला नवरत्त का दर्जा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की तरफ से 4 नई सरकारी कंपनियों नवरत्त का दर्जा दिया गया था। ये 4 कंपनियां रेलटेल कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड और सतलुज जल विद्युत निगम है। मिनिस्ट्री फाइनेंस गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। इन 4 कंपनियों में 3 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट हैं। ये तीन कंपनियां रेलटेल, एसजेवीएन और एनएचपीसी है। सोमवार को इन कंपनियों के प्रदर्शन पर निगाह बनी रहेगी। अब देखना होगा कि ये शेयर किस तरह प्रदर्शन करेंगे। बता दें, नवरत्त कंपनियों में 4 कंपनियों के नाम और जुड़ने के बाद अब नवरत्त कंपनियों की संख्या 21 से बढ़कर 25 हो गई है। एनएचपीसी ने बयान में कहा, वित्त मंत्रालय के सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा 30 अगस्त, 2024 को जारी आदेश के अनुसार, एनएचपीसी को ' नवरत्त कंपनी' घोषित किया गया है, जिससे इसे अधिक परिचालन और वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त होगी। एनएचपीसी के चेयरमैन और सीएमडी आर के चौधरी ने कहा, यह एनएचपीसी के लिए ऐतिहासिक क्षण है और हमारी उल्लेखनीय वित्तीय और परिचालन उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है।



## फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में अपने परिचालन को दिया विस्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए फुलफिलमेंट सेंटर का उद्देश्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 3,600 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित करते हुए विभिन्न पिन कोड पर डिलीवरी में लगने वाले समय को कम करना और दक्षता को बढ़ाना है वाराणसी में नए ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर और उन्नाव में नॉन-लॉर्ज सेंटर से ग्राहकों को स्थानीय एवं स्थापित ब्रांड्स के बहुमूल्य उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे वर्चुअल उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इस विस्तार की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, फ्लिपकार्ट का उत्तर प्रदेश में महत्वपूर्ण निवेश, उभरते औद्योगिक और उद्यमशीलता के केंद्र के रूप में राज्य की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। इस पहल को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा सरकार द्वारा अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने से उत्तर प्रदेश उद्यमशीलता के विकास और उद्यमों की सफलता के लिए अपार संभावनाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश ई-कॉमर्स को अपनाने और विक्रेताओं के सशक्तीकरण के मामले में अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है। हमारे रणनीतिक निवेश और विस्तृत मार्केटप्लेस इकोसिस्टम के साथ हमारा लक्ष्य उत्तर प्रदेश में स्थानीय समुदायों, एमएसएमई, किसानों एवं संबद्ध व्यवसायों को डिजिटल इकोसिस्टम में कदम रखने के उनके सफर में समर्थन प्रदान करते हुए सशक्त करना है।



## अपने ग्राहकों के लिए चैनलों की संख्या बढ़ाते हुए, सैमसंग टीवी प्लस ने आज तक एचडी और द लल्लनटॉप को जोड़ा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत में सैमसंग टीवी प्लस, जो विज्ञापन-समर्थित स्ट्रीमिंग टीवी सेवा है, ने अपने चैनलों में आज तक एचडी और द लल्लनटॉप को जोड़ने की घोषणा की है। सैमसंग टीवी प्लस और टीवी टुडे नेटवर्क के बीच यह साझेदारी दर्शकों को बेहतरीन प्रोग्रामिंग देने और तेजी से बदलती दुनिया में उनकी जरूरतों को पूरा करने की सैमसंग की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। टीवी टुडे नेटवर्क का द लल्लनटॉप और आज तक एचडी का फास्ट चैनल दर्शकों को उनके घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर बेहतरीन और मुफ्त कंटेंट उपलब्ध कराएगा। जैसे-जैसे अधिक परिवार इंटरनेट से जुड़े स्मार्ट टीवी का चुनाव कर रहे हैं, वैसे-वैसे भारत में कनेक्टेड टीवी का उपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया में पार्टनरशिप के प्रमुख कुणाल मेहता ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि सैमसंग टीवी प्लस प्लेटफॉर्म पर अपने दर्शकों और विज्ञापनदाताओं को बेहतरीन अनुभव और अधिक पहुंच प्रदान करें। आज तक एचडी और द लल्लनटॉप चैनलों के जुड़ने से दर्शक व्यापार, राजनीति, मनोरंजन और अन्य खबरों से आसानी से जुड़ पाएंगे। टीवी टुडे नेटवर्क के साथ यह साझेदारी हमारी इसी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। टीवीटीएन में डिजिटल बिजनेस के सीईओ सलिल कुमार ने कहा, सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर अपने दो नए फास्ट चैनल लॉन्च करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

## एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए यूपीआई और सीबीडीसी की नई सुविधाएँ पेश कीं


**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) के लिए कई नई सुविधाएँ शुरू करने की घोषणा की है। कई फिनटेक भागीदारों के सहयोग से विकसित इन सुविधाओं का उद्देश्य सुविधा, सुरक्षा और पहुँच में सुधार करके ग्राहकों के लिए डिजिटल बैंकिंग अनुभव को बेहतर बनाना है। इन सुविधाओं में हाल ही में लॉन्च किया गया यूपीआई सर्किल-डेलीगेट पेमेंट; यूपीआई पर व्यक्तिगत अनुभव; और उपयोगकर्ता-स्तरीय प्रोग्रामेबल सीबीडीसी शामिल हैं।एचडीएफसी बैंक ने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में इन नई पेशकशों को लॉन्च करने के लिए फिनटेक इकोसिस्टम में विभिन्न खिलाड़ियों के साथ सहयोग किया है।

## मार्च 2024 तक 100 मिलियन से अधिक भारतीयों ने सिबिल स्कोर और रिपोर्ट की निगरानी की

**मुंबई, एजेंसी।** पूरे भारत में स्व-निगरानी करने वाले उपभोक्ताओं के क्रेडिट व्यवहार में व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए, ट्रांसयूनियन सिबिल ने आज अपनी प्रमुख रिपोर्ट सशक्त वित्तीय स्वतंत्रता जारी की~ भारत में क्रेडिट सेल्फ-मॉनिटरिंग दर्शाता है कि मार्च 2024 तक लगभग 119 मिलियन भारतीयों ने अपने सिबिल स्कोर की निगरानी की है। रिपोर्ट से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में अपने क्रेडिट प्रोफाइल की निगरानी करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में साल-दर-साल 51त्र की वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि 43.6 मिलियन अधिक उपभोक्ता जानबूझकर अपनी क्रेडिट स्थिति जानना चाहते हैं। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि युवा लोग भारत

## त्यौहारों से पहले ग्राहकों को लुभाने की तैयारियों में ज्वेलर्स, मेकिंग चार्ज पर छूट की पेशकश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने यानी सात सितंबर से शुरू होने वाले महाराष्ट्र में गणपति उत्सव की तैयारियां जोरोशोर से चल रही हैं। इसके बाद नवरात्री, दशहरा, धनतेरस तथा दिवाली जैसे बड़े त्यौहारों के साथ शादियों का सीजन शुरू होने वाला है। इसके लिए ज्वेलर्स ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसमें गणपत्ति उत्सव के लिए विशेष गहनों के कलेक्शन के साथ एक्सचेंज ऑफर और आभूषणों की बनवाई पर 10 से 15 प्रतिशत तक की छूट देने के लिए तैयार है। उद्योग का कहना है कि ज्वैलर्स ने त्योहारों और शादियों को लेकर अपने स्टॉक को 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ाया है। शादियों के लिए पहले से ऑर्डर भी दिए जा रहे हैं, इसके लिए ज्वेलर्स ने पहले ही अपनी सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है। रिटेल ज्वेलर्स के बात करें तो मालाबार गोल्ड कई तहर के नए कलेक्शन बाजार में पेश करेगा। वहीं त्यौहारी सीजन के बीच टाइटन की तनिष्क अपनी खुदरा उपस्थिति बढ़ाने, सोने के एक्सचेंज ऑफर, शादी के सीजन का लाभ उठाने और बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए नए कलेक्शन लॉन्च करने में बड़ा निवेश करने पर दांव लगा रही है।



### बाजार में नए कलेक्शन

मुंबई झवेरी बाजार के , चिंतन शाह बताते हैं कि हमने त्योहारों के लिए आभूषणों के नए कलेक्शन पेश किए है। हम गणपति और नवरात्री पर आभूषणों की बनावाई यानी मैकिंग चार्ज पर 10 प्रतिशत तक की छूट देंगे। इसके अलावा शादी ब्याह के लिए हमारे पास 20 प्रतिशत से अधिक गहनों को बनवाने के ऑर्डर है। वहीं शादियों के मौसम साथ सोने में एक्सचेंज ऑफर की योजना है। शादियों के लिए ग्राहक अक्सर पुराने आभूषणों को बेंच कर नए आभूषणों को लेन पसंद करते हैं। वे बताते हैं कि हमें उम्मीद है कि इस साल त्योहार और शादी ब्याह में सोने की बिक्री काफी अच्छी होगी।

अंबिका ज्वेलर्स के राहुल का कहना है कि हमने इसके लिए अपने स्टॉक में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। क्योंकि इस साल हम अच्छी मांग देख रहे हैं। इसकी वजह यह 6 प्रतिशत घटने के बाद से लोगों की सोने की अच्छी खरीदारी की है। आगामी दिनों में भारत में सोने की खरीदारी में तेजी आएगी और उम्मीद है कि मांग 30 प्रतिशत से अधिक होगी। शादी ब्याह के दौरान इसमें और वृद्धि होने की आशा हम करते हैं। उन्होंने बताया कि हम मैकिंग चार्ज पर 10 से 15 प्रतिशत की छूट के साथ हल्के गहनों पर भी कई तरह के ऑफर बाजार में पेश करेंगे।

### सोने और चांदी में निवेश का मौका

ज्वेलरी उद्योग का कहना है कि ज्वेलर्स को इस बार आभूषणों अच्छी मांग और बिक्री होने की पूरी उम्मीद है। इब्जा के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र मेहता का कहना है कि सोना खरीदने का अच्छा समय है। क्योंकि सोने के भाव इस साल के अंत तक 76,000 रुपये प्रति दस ग्राम तक जाने की उम्मीद है। सोने में यह निवेश का अच्छा मौका है। एंजेल वन के कमोडिटी विशेषज्ञ प्रथमेश माल्या बताते हैं कि सोने ने इस साल 30 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दिया है। यह सुरक्षित निवेश के साथ ही एक एसेट भी है। सोने में ही नहीं चांदी में निवेश करने का यह अच्छा अवसर है। वहीं संगठित रिटेल ज्वेलर्स मालाबार गोल्ड एंड डायमंड जेम्स्टोन ज्वेलरी फेस्टिवल के तहत अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। बेहतरीन शिल्प कौशल और कालातीत लालित्य का उत्सव, यह फेस्टिवल ग्राहकों को सोने से बने और कीमती रत्नों, बिना तराशे हीरों और पोल्की से सजे आभूषणों की एक शानदार श्रृंखला पेश की है। इस अवसर पर मैकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत तक की छूट ग्राहकों दी जाएगी। वहीं चालू त्यौहारी सीजन के लिए तनिष्क अपनी रिटेल उपस्थिति को बढ़ाने के लिए सोने के एक्सचेंज ऑफर, शादी के सीजन का लाभ उठाने और बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए नए कलेक्शन लॉन्च करने में बड़ा निवेश करने पर दांव लगा रही है। कंपनी के सीईओ अजय चावला ने कहा कि हमने दशहरा के बाद की अवधि के दौरान सबसे अधिक खरीदार वृद्धि देखी है, पिछले साल इसी अवधि के दौरान की तुलना में गैर-तनिष्क एक्सचेंजों पर खरीदारों में लगभग 30 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। पिछले दो से तीन हफ्तों में सोने की कीमतों वृद्धि हुई है, लेकिन मांग अच्छी बनी हुई है। उनका कहना है कि श्राद पक्ष में बिक्री में कुछ समय के लिए सुस्ती आएगी, लेकिन बाद में यह रफ्तार पकड़ेगी।

# चोटिल शरीफुल इस्लाम पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

**रावलपिंडी, एजेंसी।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम कमर की चोट के कारण रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को बांग्लादेश की प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है।

तस्कीन अहमद को रिप्लेसमेंट के तौर पर प्लेइंग-11 में जगह मिली। इस तरह से वह एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने एक बयान में बताया, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम की कमर में खिंचाव है और पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जा सका। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहले मैच के बाद कमर के क्षेत्र में तकलीफ की शिकायत की थी और बाद में किए गए परीक्षणों में चोट की पुष्टि हुई। बांग्लादेश टीम के फिजियो बैजेदुल इस्लाम खान ने बताया कि रावलपिंडी में पहले टेस्ट के बाद शरीफुल थोड़े परेशान दिखे। इसके बाद उनका एमआरआई करवाया। रिपोर्ट में ग्रेड 1 लेफ्ट एडक्टर स्ट्रेन दिखा। ऐसे मामलों में रिकवरी में आमतौर पर करीब 10 दिन लगते हैं और उन्होंने अपना रिहैब शुरू कर दिया है। शरीफुल का भारत के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले दो टेस्ट मैचों की सीरीज में खेलना संदिग्ध है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने तीन विकेट चटकाए थे।



शरीफुल ने बल्ले से भी कमाल दिखाया और पहली पारी में 14 गेंदों पर 22 रन की पारी में दो छक्के लगाए। 2021 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले शरीफुल ने कुल मिलाकर 11 मैच खेले हैं और 33.72 की औसत से 25 विकेट लिए हैं।

बांग्लादेश, जिसने रावलपिंडी में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, उसने पाकिस्तान पर ऐतिहासिक पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल की। अगर दूसरा टेस्ट ड्रॉ होता है या बांग्लादेश की जीत होती है, तो यह मेहमान टीम के लिए एक बड़ी जीत होगी। शुक्रवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में लगातार बारिश के कारण पहले दिन का खेल पूरी तरह धुल जाने के बाद दूसरा टेस्ट एक दिन देरी से शुरू हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### विनेश फोगाट ने राजनीतिक डेब्यू को लेकर कही बड़ी बात

**बोलीं- मुझे चुनाव से कोई मतलब नहीं**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट जबसे पेरिस से भारत लौटीं हैं उनके राजनीति से जुड़ने की अफवाहें आ रही हैं। विनेश ने अब तक इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है। शनिवार को शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन में पहुंचीं। विनेश से यहां भी राजनीति को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें चुनावों से कोई लेना देना नहीं है।

**विनेश फोगाट से चुनाव लड़ने को लेकर किया सवाल -** विनेश फोगाट से पूछा गया कि अगर कांग्रेस उन्हें टिकट देती है तो क्या वह हरियाणा लोकसभा में चुनाव लड़ेंगी। जवाब देते हुए विनेश ने कहा, 'मैं चुनाव लड़ने को लेकर कुछ नहीं कहूंगी। मैं राजनीति के बारे में बात नहीं करूंगी। मैं अपने परिवार के पास आई हूं। अगर आप इसके बारे में बात करेंगे तो इनकी लड़ाई और संघर्ष को बर्बाद कर रहे हैं। आज फोकस मुझ पर नहीं है। '

**विनेश बोलीं - मैं पूरे देश की हूं -** उन्होंने आगे कहा, 'मैं आपसे अपील कर रही हूं। मैं एथलीट हूं। मैं पूरे देश की हूं। किस प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं इससे मेरा कोई मतलब नहीं होता है। मैं बस इतना जानती हूं कि मेरे देश के किसान मुश्किल में हैं। उनकी परेशानी को सरकार को खत्म करना चाहिए। यह सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।' विनेश फोगाट ने आगे कहा, हर कोई मजबूरी में आंदोलन करता है। जब लंबा आंदोलन चलता है तो लोगों में उम्मीद आ जाती है। अपने लोग सड़क पर बैठेंगे तो देश तरक्की कैसे करेगा? मुझे लगता है कि अपने हक के लिए सड़क पर आना चाहिए।

**पेरिस से खाली हाथ लौटीं विनेश फोगाट -** पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचीं थीं। हालांकि तय मानक से 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के कारण विनेश को डिस्क्वालिफाई कर दिया गया था। वह पेरिस से से खाली हाथ लौटीं। इस घटना के बाद विनेश ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। उन्होंनेकोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (ष्ट्रस्) से संयुक्त सिल्वर मेडल देने की भी अपील की थी लेकिन यह अपील खारिज कर दी गई।

### सूर्यकुमार यादव दलीप ट्रॉफी से पहले चोटिल

**फील्डिंग के दौरान हाथ में चोट लगी, बुची बाबू टूर्नामेंट खेल रहे हैं**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी के जरिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की राह तलाश रहे सूर्यकुमार यादव चोटिल हो गए हैं। शनिवार को बुची बाबू टूर्नामेंट में तमिलनाडु के खिलाफ फील्डिंग के दौरान उनके हाथ में चोट लग गई, हालांकि चोट कितनी गंभीर है यह अभी पता नहीं चला है। वे दलीप ट्रॉफी में हिस्सा ले पाएंगे या नहीं, इस बारे में भी ज्यादा जानकारी नहीं है। मुंबई के लिए यह मैच कुछ खास नहीं रहा और टीम तमिलनाडु के 379 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 156 रन पर ऑलआउट हो गई। सूर्यकुमार ने इस पारी में 38 गेंदों पर 30 रन बनाए। तमिलनाडु ने अपनी दूसरी पारी में 286 रन बनाए और मुंबई को 510 रनों का लक्ष्य दिया है।

**फरवरी-2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया -** सूर्यकुमार यादव ने डेढ़ साल पहले फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने सिर्फ यही टेस्ट मैच खेला है। सूर्या ने डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में महज 8 रन बनाए थे। टीम इंडिया ने यह मैच पारी और 132 रन से जीता था।

# झारखंड घरेलू महिला टी 20 लीग की शुरुआत 5 सितंबर से रांची में



**रांची, एजेंसी।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) द्वारा आयोजित घरेलू महिला टी 20 लीग की शुरुआत 5 सितंबर से रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में होने जा रही है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 15 सितंबर तक चलेगा और इसमें राज्य की पांच प्रमुख टीमों के बीच मुकाबले होंगे।संवाददाता सम्मेलन के दौरान आयोजकों ने बताया कि इस लीग में भाग लेने वाली टीमों के नाम की घोषणा कर दी गई है। इस बार की प्रतियोगिता में रांची रॉयल्स, जमशेदपुर टाइटस, धनबाद ड्रैगन्स, दुमका डायनामोज और बोकारो वारियर्स टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट के दौरान कुल 13 मैच खेले जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक दिन दो मुकाबले होंगे। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करना और महिला क्रिकेटरों को उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक मंच प्रदान करना है। आयोजकों ने कहा कि इस लीग के माध्यम से युवा क्रिकेटरों को प्रेरित किया जाएगा और महिला क्रिकेट की लोकप्रियता को बढ़ावा मिलेगा।

# चंडीगढ़ के खिलाड़ी निक्किल कुमार का ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चयन

**चंडीगढ़, एजेंसी।** यूटीसीए, चंडीगढ़ के अंडर-19 ऑल राउंडर, बाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के मीडियम पेसर निखिल कुमार को भारत की अंडर-19 टीम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए एक दिवसीय और चार दिवसीय दोनों टीमों में चुना गया है। यूटीसीए, चंडीगढ़ के अध्यक्ष संजय टंडन ने कहाकि यह हम सभी चंडीगढ़वासियों के लिए गौरव का क्षण है। संजय टंडन ने ऑल राउंडर निखिल कुमार को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एक दिवसीय और चार दिवसीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। तीन एक दिवसीय श्रृंखला 21 सितंबर से पुडुचेरी, भारत में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ शुरू होगी। 2 चार दिवसीय श्रृंखला 24 अक्टूबर को चेन्नई, तमिलनाडु में शुरू होगी।

चंडीगढ़ के ऑल राउंडर अंडर-19 खिलाड़ी निखिल कुमार ने हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न इंटर एनसीए मैचों में अर्धशतक के साथ कुल 122 रन बनाए और कुल 9 विकेट लिए। यूटीसीए, चंडीगढ़ के अंडर-19 ऑल राउंडर, बाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के मीडियम पेसर निखिल कुमार को भारत की अंडर-19 टीम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए एक दिवसीय और चार दिवसीय दोनों टीमों में चुना गया है।

संजय टंडन ने ऑलराउंडर निखिल कुमार को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एक दिवसीय और चार दिवसीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। तीन एक दिवसीय श्रृंखला 21 सितंबर से पुडुचेरी, भारत में ऑस्ट्रेलिया अंडर -19 टीम के खिलाफ शुरू होगी। 2 चार दिवसीय श्रृंखला 24 अक्टूबर को चेन्नई, तमिलनाडु में शुरू होगी। चंडीगढ़ के ऑलराउंडर अंडर-19 खिलाड़ी निखिल कुमार ने हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न इंटर एनसीए मैचों में अर्धशतक के साथ कुल 122 रन बनाए और कुल 9 विकेट लिए।

**यूएस ओपन**

# युकी-ओलिवेटी तीसरे दौर में, बालाजी को मिली हार; रोहन बोपन्ना प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अमेरिका के क्राजिसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पुरुष और मिश्रित युगल वर्ग में आगे बढ़ने में सफल रहे।

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्टिन क्राजिस्क और जीन जूलियन रोजर को हराकर वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के तीसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अमेरिका के क्राजिसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया।

यह केवल दूसरा अवसर है जब भांबरी किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचे हैं। इससे पहले वह 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी इसी चरण में पहुंचे थे। हालांकि, भारत के एक अन्य खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के उनके जोड़ीदार गुइडो आंद्रेओज़ी दूसरे दौर में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूपस्की से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत और अर्जेंटीना की जोड़ी दूसरे दौर के मैच में 6-7 (4), 4-6 से हार गई। वीनस और स्कूपस्की को सात ब्रेक प्वाइंट मिले जिसमें से उन्होंने एक को भुनाया। बालाजी और आंद्रेओज़ी सर्विस ब्रेक के अपने एकमात्र अवसर को भुनाने में असफल रहे।



**बोपन्ना पुरुष युगल और मिश्रित वर्ग में आगे बढ़े -** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पुरुष और मिश्रित युगल वर्ग में आगे बढ़ने में सफल रहे। 44 वर्षीय बोपन्ना ने इंडोनिशिया के अलदिता सुत्जादी के साथ मिलकर डेमी शुअर्स और टिम पिट्स को पहले दौर के मैच में 7-6 (7), 7-6 (5) से हराने में सफल रहे। इसके बाद बोपन्ना मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर पुरुष युगल वर्ग में रोबर्टो कारबेल्स तथा फेडेरिको कोरिया को दूसरे दौर के मैच में 6-2, 6-4 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस जोड़ी का सामना अब अगले दौर में अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोलटेनी से होगा।

# नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने रोमांचक मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर 9 रन से जीत दर्ज की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे अदाणी दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 में शुक्रवार रात को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने सेंट्रल दिल्ली किंग्स को वर्षा बाधित रोमांचक मुकाबले में 9 रन से हरा दिया। बारिश के कारण मैच में ओवरों की संख्या घटाकर 10-10 कर दी गयी। 10 ओवर में 101 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने ध्रुव कौशिक और हितेन दलाल से पारी की शुरुआत की। ध्रुव को पहले ही ओवर में 8 रन पर मनन भारद्वाज ने आउट कर दिया। सौरव डागर और कप्तान जोंटी सिद्धू जल्दी आउट हो गए क्योंकि सेंट्रल दिल्ली किंग्स पांच ओवर में 40/5 पर संघर्ष कर रहा था। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण, सेंट्रल दिल्ली किंग्स को रन रेट बनाए रखना मुश्किल हो गया। लक्ष्य थरेजा 16 गेंदों पर 24 रन बनाकर नाबाद रहे. उनकी पारी में दो चौके और एक छक्का शामिल था। सेंट्रल दिल्ली किंग्स 10 ओवर में 91/7 रन ही बना सकी। इससे पहले पारी में सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण मैच 10 ओवर का कर दिया गया । नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के लिए वैभव कांडपाल और सार्थक रंजन ने पारी की शुरुआत की। दोनों ने शानदार शुरुआत की और दोनों सलामी बल्लेबाजों ने विपक्षी गेंदबाजी का डटकर सामना किया।



सेंट्रल दिल्ली किंग्स को पहली सफलता वैभव कांडपाल के रूप में मिली जो 8 गेंदों पर 12 रन बनाकर सुमित कुमार की गेंद पर आउट हो गए। पावरप्ले के अंत में, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स का स्कोर 36/1 था। चौथे ओवर में यजस शर्मा 6 गेंदों पर 23 रन बनाकर केशव डबास की गेंद पर आउट हुए। सुमित कुमार ने अपना दूसरा विकेट लिया जब उन्होंने फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सार्थक रंजन को 18 गेंदों पर 29 रन पर आउट किया। उनकी पारी में तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। यश डबास को 14 रन पर रजनीश दादर ने आउट किया। पारी के अंत में नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के साथ, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 10 ओवरों में कुल 100/8 रन बनाए। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के लिए सुमित कुमार, केशव डबास और रजनीश दादर ने दो-दो विकेट लिए।

**पैरालंपिक 2024**

# निशानेबाज स्वरूप को लगा झटका, फाइनल में जगह बनाने से चूके, 14वें स्थान पर रहे



**पेरिस, एजेंसी।** टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से 10.5 अंक आगे रहे। भारतीय पैरा निशानेबाज स्वरूप महावीर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 क्वालिफिकेशन में 613.4 अंक लेकर 14वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके। इस स्पर्धा में शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालिफाई करते हैं, लेकिन स्वरूप ऐसा करने से चूक गए। स्वरूप पदक के दावेदार थे। हालांकि, उनके हाथ निराशा लगी।

### टोक्यो में भी पदक से चूक गए थे स्वरूप

टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से पूरे 10.5 अंक आगे रहे।

### बचपन में पोलियो से हो गए थे पीड़ित

कोल्हापुर के इस निशानेबाज को बचपन में पोलियो का पता चला था जिससे उनके दोनों पैर में लकवा मार गया था। उन्होंने 101.8, 103.0, 101.7, 101.8, 102.4, 102.7 के स्कोर से 613.4 अंक बनाये। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।

# रोहित शर्मा हैं वनडे की लगातार 100 पारियों में सबसे ज्यादा इतने शतक लगाने वाले बैट्समैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने इंटरनेशनल क्रिकेट करियर में कई शानदार रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं और उनका सफर फिलहाल जारी है। रोहित शर्मा ने वनडे प्रारूप में एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम किया हुआ है जो अपने आप में अनोखा है। वनडे की लगातार 100 पारियों में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में रोहित शर्मा पहले स्थान पर हैं। रोहित के अलावा दुनिया के कुछ अन्य बल्लेबाज भी इस रिकॉर्ड लिस्ट में हैं जिसमें विराट कोहली और बाबर आजम जैसे प्लेयर भी मौजूद हैं। जानते हैं आखिर इस रिकॉर्ड की टॉप 7 की लिस्ट में कौन-कौन खिलाड़ी शामिल हैं।

### रोहित ने लगातार 100 वनडे पारियों में लगाए थे 25 शतक

रोहित शर्मा ने 2014 से लेकर 2020 के दौरान वनडे में लगातार 100 पारियां खेली थी और इस दौरान उन्होंने 25 शतक लगाए थे। वहीं इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 2014 से 2019 के बीच वनडे की लगातार 100 इनिंग में 24 शतकीय पारी खेली थी। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं जिन्होंने 2009 से 2015 के बीच वनडे की 100 लगातार पारियों में 20 सेंचुरी जड़ी थी।



### चौथे स्थान पर हैं बाबर आजम

वनडे की लगातार 10 पारियों में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर ही साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला हैं जिन्होंने 2008 से 2015 के बीच 100 पारियों में 20 शतक लगाए थे। इस लिस्ट में अमला और एबी संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं। वहीं बाबर आजम ने 2015 से लेकर 2023 के बीच लगातार 100 पारियों में 19 शतक लगाकर चौथे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में बाबर के साथ चौथे नंबर पर डेविड वॉर्नर भी हैं जिन्होंने साल 2015 से लेकर 2023 के बीच लगातार 100 वनडे पारियों में 19 शतक लगाए थे। लिस्ट में पांचवें नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं जिन्होंने 1998 से 2002 के बीज 100 वनडे पारियों में 18 शतक लगाए थे।

### वनडे प्रारूप में लगातार 100 पारियों में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी

25 - रोहित शर्मा (2014 से 2020)
24 - विराट कोहली (2014 से 2019)
20 - एबी डिविलियर्स (2009 से 2015)
20 - हाशिम अमला (2008 से 2015)
19 - बाबरआजम (2015 से 2023)
19 - डेविड वॉर्नर (2015 से 2023)
18 - सचिन तेंदुलकर (1998 से 2002)

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार



### सिद्धारमैया की कुर्सी पर संकट!

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) कथित घोटाले को लेकर सियासी गलियारों में हंगामा जारी है। राज्य में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा के बीच सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि वह इस्तीफा नहीं देने वाले हैं। इसी बीच राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इन कयासों को एक बार फिर हवा दे दी है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें प्रमोशन दिया जाता है तो बेहद खुशी होगी। परमेश्वर सहकारी मंत्री केएन राजन्ना के एक बयान को लेकर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि अगर परमेश्वर का प्रमोशन होता है तो वह समर्थन करेंगे। सिद्धारमैया के समर्थकों ने पहले कहा था कि अग मुख्यमंत्री बदला जाता है तो वे दलित मुख्यमंत्री का सपोर्ट करेंगे। लेकिन इसके बाद एसटी नेता सतीश जारकिहोली का समर्थन कर दिया गया। परमेश्वर ने पहले कहा था कि वह खुद को मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं देखते। हालांकि अब सामने आ रहा है कि अगर सिद्धारमैया को इस्तीफा देना पड़ता है तो कांग्रेस आलाकमान दलित नेता जी परमेश्वर को मुख्यमंत्री पद के लिए चुन सकती है। शनिवार को कांग्रेस राजभवन चलो रैली निकालने वाली है। कांग्रेस राज्यपाल पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी कि वह सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने के फैसले पर पुनर्विचार करें। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई की वजह से अभी कांग्रेस कोई फैसला नहीं लेने जा रही है। वहीं जी परमेश्वर ने कहा, एमयूडीए केस ने एक बड़ा मोड़ ले लिया है। कोर्ट में क्या होगा बाद में देखा जाएगा, फिलहाल हम लोग राज्यपाल के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि कानूनी लड़ाई के बीच कांग्रेस ने कर्नाटक के सभी जिलों में मोर्चा खोलल दिया है और विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। अगर इससे कोई फायदा नहीं मिलता तो कांग्रेस के पदाधिकारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात कर सकते हैं। परमेश्वर ने कहा, हम लोगों ने राज्यपाल को पर्याप्त सबूत दिए हैं लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हैं। हमें नहीं पता कि कोर्ट क्या फैसला करेगा लेकिन राज्यपाल को जानकारी देना जरूरी था।

### जयराम ठाकुर ने हिमाचल में गिनाई कांग्रेस सरकार की नाकामियां, कहा- मेरी निजता का हो रहा हनन

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र चल रहा है। सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष की टिप्पणी को लेकर हंगामा मच गया। सदन से बाहर निकलने पर इस मुद्दे पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री द्वारा सवालों के जवाब न देने पर भाजपा विधायक दल ने सदन से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार ने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में बागवानी कॉलेज बनाने के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया था, लेकिन मौजूदा सरकार कॉलेज नहीं बनाना चाहती और इसे किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने की योजना बना रही है। ठाकुर ने कहा, सवाल का जवाब देने की बजाय राजस्व मंत्री अप्रासंगिक बातें कर रहे थे और मुख्यमंत्री के पास भी संतोषजनक जवाब नहीं था। कांग्रेस सरकार ने मंडी जिले के साथ भेदभाव किया है और सत्ता में आते ही संस्थानों को बंद कर दिया है। मंडी शिव धाम, सरदार पटेल विश्वविद्यालय को बंद कर दिया गया और अब सरकार बागवानी कॉलेज को भी बंद करने का काम कर रही है, जो स्वीकार्य नहीं है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को सदन में प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत अपने आवास के पास ड्रोन उड़ने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुझ पर नजर रखी जा रही है। शिमला के एसपी मेरी निजता का हनन कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के घर कौन आ-जा रहा है, इस पर नजर रखी जा रही है। फोन टैप किए जा रहे हैं, जो सही तरीका नहीं है।

# छत्तीसगढ़ में कोयले के लिए जंगल की कटाई फिर शुरू, विरोध के बीच काटे जा रहे 11 हजार पेड़

**अंबिकापुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के जैव विविधता से भरपूर हसदेव अरंड क्षेत्र में परसा ईस्ट और केते बासेन चरण-दो कोयला खदान के लिए पेड़ों की कटाई शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के बीच फिर से शुरू हो गई। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने हसदेव क्षेत्र में कोयला खनन का विरोध कर रहे 100 से अधिक ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस ने इस आरोप से इनकार किया। पीईकेबी खदान राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित है।

अब तक काटे जा चुके 3700 पेड़

राज्य वन विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि शुक्रवार को उदयपुर विकास खंड में प्रस्तावित 74.130 हेक्टेयर वन भूमि (पीईकेबी चरण-दो खदान के लिए) में से 32 हेक्टेयर में पेड़ों की कटाई शुरू की गई। अब तक 3,694 पेड़ काटे जा चुके हैं। शेष पेड़ों की कटाई जारी है।

बयान में कहा गया है कि चूंकि यह क्षेत्र संवेदनशील है, इसलिए पेड़ों की कटाई शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए जिला पुलिस बल, जिला प्रशासन और वन अधिकारियों की एक संयुक्त दल का गठन किया गया है। इसमें कहा गया है कि खदान क्षेत्र के पास के गांवों के कुछ निवासी इस कार्य में बाधा डाल रहे थे। उन्हें प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं करने के लिए राजी किया गया है।



आरवीयूएनएल को साल 2007 में आवंटित पीईकेबी ब्लॉक में 762 हेक्टेयर भूमि में खनन का पहला चरण, केंद्रीय वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 2012 में अंतिम अनुमोदन के बाद 2013 में शुरू किया गया था और वहां खनन पूरा हो गया है।

**दी 11 हजार पेड़ों को काटने की अनुमति:** राज्य वन विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रालय ने 2022 में पीईकेकेबी चरण-दो खदान (सरगुजा) के लिए 1,136 हेक्टेयर वन भूमि की अनुमति दी है। RVUNL को इस वर्ष 21 अगस्त को अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) छत्तीसगढ़ द्वारा और अगले दिन 22 अगस्त को मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वनवृत्त द्वारा परियोजना के 10वें वर्ष में 74.130 हेक्टेयर वन भूमि के क्षेत्र में खड़े 10,944 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है। इसमें कहा गया है कि 74.130 हेक्टेयर वन भूमि के क्षेत्र में कुल 10,944 पेड़ों की कटाई और परिवहन की अनुमति वन रेंज अधिकारी, उदयपुर (उत्पादन) को दी गई थी।

हसदेव अरंड बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय ग्रामीण कई वर्षों से खदानों के आवंटन का विरोध कर रहे हैं। वन विभाग ने पहले भी पीईकेबी चरण दो कोयला खदान की शुरुआत का रास्ता साफ करने के लिए पेड़ों की कटाई शुरू करने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के कड़े विरोध के कारण अधिकारियों को अपनी कार्रवाई रोकनी पड़ी थी। छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन (सीबीए) के संयोजक आलोक शुक्ला, जो इन कोयला खदानों के आवंटन के विरोध में सबसे आगे रहे हैं, ने शुक्रवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक बार फिर राज्य सरकार ने पीईकेबी चरण दो के लिए पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है। इससे पहले भी पेड़ों को काटने की कोशिश की गई थी।

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा की बहुमंजिला सोसाइटियों की लिफ्ट खराब होने पर दर्ज होगी एफआइआर, डीएम ने दिए आदेश



**नोएडा-ग्रेटर, एजेंसी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर की बहुमंजिला सोसाइटियों की लिफ्ट में खराबी बड़ा मुद्दा बन चुका है। ऐसे में लोगों की परेशानी को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने अब यह तय किया है कि लिफ्ट में खराबी आने पर सीधे तौर पर रखरखाव करने वाली एजेंसी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक में आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट रखरखाव की कमी के चलते हो रहे हादसों को रोकने के लिए प्रवर्तन की कार्रवाई करने के आदेश दिए। इसके अलावा डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण की ड्रोन से निगरानी करने पर बल दिया। जर्जर भवन और बेसमेंट में कोचिंग सेंटरों का संचालन न होने देने के आदेश दिए गए। वहीं दूसरी ओर ग्रेटर नोएडा की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी की लिफ्ट में शुक्रवार दोपहर तीन लोग 25 मिनट तक फंसे रहे। सिक्योरिटी गार्ड्स ने बड़ी मशक्कत के बाद लिफ्ट का गेट खोल सभी को बाहर निकाला। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि टावर बी-4 में अचानक दोपहर के समय लिफ्ट बंद होने से महिला समेत दो युवक अंदर ही फंस गए। तीनों लोग सोसाइटी में किसी काम से आए थे। वह ऊपर से नीचे आने के लिए लिफ्ट में सवार हुए। अचानक ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचने के बाद लिफ्ट का गेट नहीं खुला। ग्राउंड फ्लोर से ऊपर जाने के लिए लिफ्ट के पास लोग पहुंचे। जब उन्होंने बटन दबाया तो लिफ्ट का गेट नहीं खुला। इसके बाद उन्हें पता चला कि लिफ्ट में पहले से ही कुछ लोग फंसे हैं। उन्होंने तुरंत सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड्स को इसकी सूचना दी। सिक्योरिटी गार्ड्स ने चाबी की मदद से लिफ्ट का गेट खोलकर सभी को बाहर निकाला।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव : फरीदाबाद में लोस के नतीजों के आधार पर मिलेगा टिकट




**चंडीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दल फिलहाल उम्मीदवार उतारने पर मंथन कर रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दल इस साल हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों को भी टिकट वितरण का एक मापदंड बना रहे हैं। राजनीतिक जानकारों कहना है कि इससे कई विधायकों की टिकट पर कैंची चल सकती है। हथीन, होडल, और पृथला विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को कांग्रेस से टक्कर मिली थी। हथीन में कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के मुकाबले 51,724 अधिक वोट हासिल किए। इसी प्रकार, होडल में कांग्रेस के उम्मीदवार ने भाजपा के उम्मीदवार से 566 वोट अधिक प्राप्त किए, जबकि पृथला में भी कांग्रेस के उम्मीदवार ने भाजपा के मुकाबले 7,290 वोट अधिक पाए। इन तीनों सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। बहरहाल, चुनाव आयोग के इन आंकड़ों से साफ है कि इन क्षेत्रों में भाजपा का प्रभाव कम रहा था और कांग्रेस का जनाधार बढ़ा था। कई विधानसभा सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले भाजपा का प्रदर्शन कमजोर रहा था, जबकि कांग्रेस का जनाधार बढ़ा था। वहीं, कांग्रेस अपने बढ़ते जनाधार को देखते हुए आगामी चुनावों में और भी मजबूती से उतरने की तैयारी कर रही है। फरीदाबाद की एनआईटी विधानसभा सीट पर मौजूदा कांग्रेस के विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का उम्मीदवार हार गया था। भाजपा के उम्मीदवार ने यहां 41,690 अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह हार कांग्रेस के लिए एक चेतावनी हो सकती है कि उन्हें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## रॉ का फर्जी अफसर नोएडा के होटल से गिरफ्तार, बंगाल से जुड़े तार; खुद को आईपीएस बता पुलिस पर भी झाड़ा रौब

**नोएडा , एजेंसी।**
नोएडा सेक्टर-49 पुलिस ने खुद को रिसर्च एंच एनालिसिस विंग (रॉ) का अधिकारी बताकर लोगों पर रौब झाड़ने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वह सेक्टर-51 स्थित होटल में परिवार के साथ ठहरा हुआ था और वहां के मैनेजर और कर्मचारियों को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी का प्रयास कर रहा था।

एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-51 स्थित होटल के मैनेजर ने सूचना दी गई कि होटल में पश्चिम बंगाल के 24 परगना निवासी इन्द्रनील रॉय परिवार के साथ ठहरा है। वह खुद को वर्ष 2000 बैच का आईपीएस अधिकारी बताकर होटल कर्मचारियों पर रौब झाड़ रहा है। वह बता रहा है कि वर्तमान में उसकी तैनाती रॉ में है। होटल संचालक ने जब इन्द्रनील से कमरे का किराया मांगा तो वह खुद को अधिकारी बताकर उस पर रौब झाड़ने लगा। होटल में उसकी पत्नी के साथ 12 वर्षीय बेटी भी ठहरी थी। पुलिस की एक टीम आरोपी से पूछताछ के लिए तुरंत होटल में पहुंची। पूछताछ के दौरान पता चला कि इन्द्रनील रॉय न तो आईपीएस अफसर है और ना ही उसकी तैनाती रॉ में है। इसके बाद पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से रॉ का फर्जी पहचानपत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट और मोबाइल




समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। उसने रॉ का फर्जी पहचानपत्र कहां से बनवाया, पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पहले ट्रांसपोर्ट का काम करता था। कोरोना काल में उसे कारोबार में काफी घाटा हुआ। इसके बाद उसने नौकरी के लिए आवेदन किया, लेकिन नौकरी नहीं मिली। नौकरी के सिलसिले में ही वह नोएडा आया था। उसके ऊपर इस समय कर्ज भी है। उसका एक भाई पहले बंगाल पुलिस में एसआई था। करीब एक दशक पहले भाई की मौत हो चुकी है। आरोपी के नोएडा आने की एक वजह यह भी थी कि वह संपत्ति विवाद मामले की पैरवी के लिए दिल्ली-एनसीआर में एक अच्छा वकील तलाश कर रहा है। प्रॉपर्टी संबंधी सारी फाइल भी उसके पास मौजूद थी। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करनी शुरू की तो उसने टीम पर भी दबाव बनाने की कोशिश की। उसने बताया कि वह रॉ का अधिकारी है और एक स्पेशल असाइनमेंट पर नोएडा आया है। विभाग ने असाइनमेंट संबंधी सारी जानकारी गोपनीय रखने के लिए कहा है। जब उसकी तैनाती के बारे में पूछा गया तो वह केवल बेंगलुरु का नाम ही बता सका।

## बीएनपी नेता ने भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की, कहा- मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह जरूरी

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने बांग्लादेश और भारत के बीच के रिश्तों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का नई दिल्ली में लगातार रहना दोनों देशों के संबंधों को खराब कर सकता है। इसलिए भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करना जरूरी है, जिसकी शुरुआत हसीना के प्रत्यर्पण से होनी चाहिए। बीएनपी के दूसरे नंबर के नेता आलमगीर ने भारत के साथ मजबूत संबंधों के लिए अपनी पार्टी की इच्छा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वे पिछले मतभेदों को दूर करने और सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बीएनपी कभी भी बांग्लादेशी धरती पर ऐसी किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं देगी, जिससे भारत की सुरक्षा को खतरा हो। ढाका में रहने वाले आलमगीर ने कहा कि अगर बीएनपी सत्ता में आती है तो वह आवामी लीग शासन के दौरान हुए अदाणी बिजली सौदे की समीक्षा और पुनर्मूल्यांकन करेगी क्योंकि यह बांग्लादेश के लोगों पर काफी दबाव डाल रहा है। बीएनपी के महासचिव ने दावा किया कि बांग्लादेश के लोगों की मानसिकता को समझने में नाकाम रहना नई दिल्ली की कूटनीतिक विफलता है। उन्होंने कहा कि जनांदोलन और हसीना सरकार के गिरने के बाद भी भारत अभी तक बीएनपी से संपर्क नहीं कर पाया है, जबकि चीन, अमेरिका, ब्रिटेन और पाकिस्तान पहले ही ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एक आंतरिक मामला है। हिंदुओं पर हुए हमलों की रिपोर्ट एक दम सटीक नहीं हैं क्योंकि अधिकांश घटनाएं सांप्रदायिक होने के बजाय राजनीति से प्रेरित हैं।



## सुनीता व विल्मोर के बिना छह सितंबर को उतरेगा स्टारलाइनर, दो महीने से अंतरिक्ष में फंसे हैं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरिक्ष में 12 सप्ताह बिताने के बाद बोइंग का स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से घर लौटने के लिए अब तैयार हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया कि स्टारलाइनर सुनीता विलियम्स व बुच विल्मोर के बिना छह सितंबर को अंतरिक्ष से धरती पर लौटेगा। अंतरिक्ष यान अमेरिका के स्थानीय समयानुसार छह सितंबर, शाम छह बजे के आसपास परिक्रमा प्रयोगशाला से अलग हो जाएगा। छह घंटे हवा में रहते हुए यह न्यू मेक्सिको के वॉइट सैंड्स स्पेस हार्बर में उतरेगा। दोनों की सुरक्षित वापसी के लिए नासा ने घटाए दो अंतरिक्ष यात्री उधर नासा ने दोनों की सुरक्षित वापसी के लिए आगामी स्पेसएक्स उड़ान से दो अंतरिक्ष यात्रियों की संख्या भी कम कर दी है। अब नासा के निक हेग व रूसी अलेक्जेंडर गोरबुनोव सितंबर में स्पेसएक्स रॉकेट से आईएसएस जाएंगे। दोनों फरवरी 2025 में सुनीता व विल्मोर के साथ वापस लौटेंगे। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स से हटाए गए अंतरिक्ष यात्री जेना कार्डमैन और स्टेफनी विल्सन हैं।

नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ दो महीने से अधिक समय से अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं। फिलहाल सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर फिलहाल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। बोइंग स्टारलाइनर में खराबी के कारण अभी तक उनकी वापस नहीं हो पाई है। अंतरिक्ष यान बोइंग स्टारलाइनर 5 जून को सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को लेकर अंतरिक्ष में गया था। स्टारलाइनर में हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी नहीं हो पाई है। अंतरिक्ष और जमीन पर मौजूद इंजीनियर खराबी को ठीक करने और अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर की यह अंतरिक्ष यात्रा सिर्फ आठ दिन की थी, लेकिन स्टारलाइनर में खराबी के कारण अभी तक नासा उनकी वापसी का समय नहीं तय कर पाया है। उनकी वापसी को लेकर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की चिंताएं बढ़ रही हैं। अब इस बीच अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर बड़े खतरे की आशंका जताई जा रही है।

# जर्मनी ने 28 अफगान नागरिकों को उनके वतन वापस भेजा

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी ने शुक्रवार को 28 अफगान नागरिकों को वापस उनके वतन भेज दिया है. अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद यह पहली बार है, जब जर्मनी ने अफगान नागरिकों को अफगानिस्तान वापस भेजा है. सरकार के प्रवक्ता स्टीफन हेबेस्ट्रेट ने 28 अफगान नागरिकों को दोषी अपराधी बताया. हालांकि, जब उनसे उनके अपराधों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया. वहीं गृह मंत्री नैन्सी फेसर ने इस कदम को जर्मनी के लिए सुरक्षा का मुद्दा बताया उन्होंने कहा कि जर्मनी के तालिबान के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं. इसलिए सरकार को अन्य माध्यमों से काम करना पड़ता है. शुक्रवार की कार्रवाई से जर्मनी और तालिबान के बीच संबंधों में व्यापक सुधार की संभावना नहीं है. जर्मनी ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है, जब हाल ही में तालिबान ने महिलाओं के लिए घर से बाहर अपना चेहरा, शरीर और आवाज छुपाना जैसे मुद्दों पर कानून बनाया है. जानकारी के मुताबिक जर्मनी ने यह फैसला सोलिंगन शहर में एक घातक चाकू हमले की घटना के एक हफ्ते बाद लिया गया है. इस घटना में संदिग्ध एक सीरियाई नागरिक है जिसने जर्मनी में शरण के लिए आवेदन किया था. संदिग्ध को पिछले साल बुल्गारिया भेजा जाना था, लेकिन कथित तौर पर वह कुछ समय के लिए गायब हो गया और निर्वासन से बच गया. उसे रविवार को हत्या और एक आतंकवादी संगठन में सदस्यता के संदेह में आगे की जांच और संभावित अभियोग तक हिरासत में रखने का आदेश दिया गया था. इस्लामिक स्टेट ने बिना सबूत दिए पिछले शुक्रवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली थी. चरमपंथी समूह ने अपनी न्यूज साइट पर कहा कि हमलावर ने ईसाइयों को निशाना



बनाया और उसने फिलिस्तीन और मुसलमानों का बदला लेने के लिए हमले किए. हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी. थुरिंगिया क्षेत्रों में रविवार को होने वाले क्षेत्रीय चुनावों से पहले आव्रजन पर भी बहस हुई है. चुनाव में जर्मनी के लिए लोकलुभावन विकल्प जैसी इमिग्रेशन विरोधी पार्टियों के अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है. इससे पहले जून में एक अफगान आप्रवासी द्वारा चाकू से किए गए हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और चार और लोग घायल हो गए थे. इस घटना के बाद जर्मनी चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने कसम खाई थी कि देश अफगानिस्तान और सीरिया से अपराधियों को फिर से निर्वासित करना शुरू कर देगा. जर्मन न्यूज एजेंसी डीपीए के अनुसार फेसर ने गुरुवार को नाइफ लॉ (चाकू कानून) को सख्त करने की योजना की घोषणा की।

## इजरायल का दावा : वेस्ट बैंक के जेनिन में हमास के सैन्य प्रमुख को मार गिराया गया

**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायल ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने पश्चिमी तट के जेनिन में हमास के कमांडर को मार गिराया। यह इजरायली कब्जे वाले क्षेत्र में महीनों में उसके सबसे बड़े हमलों में से एक का तीसरा दिन है। इजरायली रक्षा बलों और शिन बेट घरेलू सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कमांडर की पहचान वासेम हेज़म के रूप में की। इजरायली सेना के अनुसार, हेज़म जेनिन में हमास का प्रमुख था और इजरायलियों के खिलाफ गोलीबारी और बमबारी हमलों की योजना बनाने में शामिल था, सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी।

हाजेम एक वाहन में हथियारों के साथ गोलीबारी के दौरान मारा गया था। वहीं, दो अन्य हमास आतंकवादी ड्रोन द्वारा उस वक्त मारे गए जब वे कार से भागने की कोशिश कर रहे थे। इस हमले में इजरायली सेना के किसी जवान के घायल होने की सूचना नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129